सुप्रभात
रांची, मंगलवार
11.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, पंचमी/षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 266



12 सलमान ने 'किसी का भाई किसी की जान' का पोस्टर किया शेयर

हूल क्रांति के महानायक अमर वीर शहीद
सिद्धो-कान्हो की जयंती के अवसर पर

SIDHKOFED

सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वन उत्पाद संघ

अंतर्गत विभिन्न पैक्स/लैम्प्स में
सदस्यों को जोड़ने हेतु

अभियान का शुभारंभ

योजनाओं का शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण कार्य विभाग

श्री विजय हांसदा
माननीय सांसद, राजमहल

स्थान - भोगनाडीह (बरहेट)
दिनांक - 11.04.2023

PRNO 294838 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार





सुप्रभात
रांची, मंगलवार
11.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12


धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, पंचमी/षष्ठी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 10 | अंक : 266



12 सलमान ने 'किसी का भाई किसी की जान' का पोस्टर किया शेयर

11 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:09 बजे
12 अप्रैल का सेहरी भोर 4:08 बजे




## गोड्डा में विकास मेला सह जनता दरबार में सीएम ने दी 89 योजनाओं की सौगात, कहा

# विकास को रफ्तार दे रही सरकार

- बच्चे सिर्फ पढ़ें, खर्च सरकार वहन करेगी, स्वावलंबी और सशक्त बन रही हैं महिलाएं
- आपके दरवाजे पर योजनाओं को लेकर पहुंच रही सरकार
- लाभुकों के बीच बंटी 2840.29 लाख की परिसंपत्ति

खबर मन्त्र टीम

**रांची/सुदंरपहाड़ी।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि ग्रामीणों के दरवाजे पर सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। सरकार भी वहां जा रही है और योजनाएं भी हकीकत में उतर रही हैं। हमारी स्पष्ट सोच है कि राज्य के सुदूरवर्ती और दूरस्थ गांवों में भी विकास रफ्तार तेज हो। श्री सोरेन सोमवार को गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी के तसरिया में आयोजित विकास मेला को संबोधित कर रहे थे। कहा कि राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पदाधिकारी भी पहुंच रहे हैं। आप भी सरकार की योजनाओं को जानने समझने का प्रयास करें और उसका लाभ लें। हमारी सरकार में अधिकारियों की सोच और कार्यशैली बदल चुकी है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मार्फत गांव- पंचायत में शिविर के जरिए लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ। उच्च अधिकारी सरकार की योजनाओं को लेकर आपके दरवाजे पर पहुंच रहे हैं। आगे भी इस तरह के शिविर आयोजित होते रहेंगे।



### योजनाओं से जुड़ने में आगे हैं महिलाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां की महिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए बढ़-चढ़कर आगे आ रहीं है। वे इन योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और सशक्त बन रहीं हैं। यह समाज के लिए सकारात्मक और बेहतर संकेत है। उन्होंने कहा कि जो पढ़े लिखे हैं और नौकरी करना चाहते हैं, उनके लिए सरकारी विभागों में खाली पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निजी क्षेत्र के संस्थानों और कंपनियों में भी स्थानीय युवाओं के लिए 75 प्रतिशत नौकरी सुरक्षित करने का कानून बना दिया गया है।

**महिला मंडल चलायेगी पीडीएस दुकान :** सीएम ने कहा कि पीडीएस दुकानों के संचालन का जिम्मा महिला मंडलों को दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि फर्जी राशन कार्ड बनाने की कई शिकायतें लगातार मिल रही है। मैं उनसे कहता हू कि वे गलत तरीके से बने कार्ड सरेंडर कर दें, वरना उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। कार्यक्रम में सांसद विजय हांसदा, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पांडेय, जिला परिषद अध्यक्षा बेबी देवी, डीआइजी सुदर्शन मंडल, उपायुक्त जीशान कमर और पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा समेत जिला प्रशासन के कई अन्य अधिकारी मौजूद थे। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### कोरोना : झारखंड समेत देश भर में मॉक ड्रिल

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना के मामले लगाता बढ़ते जा रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारें प्रबंधन पर कड़ी नजर रख रही हैं। कोरोना से बचाव को ले कर अपनी क्षमता परखने सोमवार को झारखंड, हरियाणा, एमपी, गोवा, गुजरात, जम्मू तमिलनाडु समेत कई राज्यों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। संबंधित राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों और अधिकारियों ने अस्पतालों का निरीक्षण किया।

### झारखंड बंद का रांची में कोई भी असर नहीं

**रांची।** झारखंड यूथ एसोसिएशन, झारखंड उलगुलान मार्च, पंच परगना फाइटर और आदिवासी छात्र संघ के बैनर तले बुलाये गये झारखंड बंद का राजधानी रांची में कोई असर देखने को नहीं मिला।

### दुमका में मिला कोरोना का एक संक्रमित मरीज

**दुमका।** दुमका में सोमवार को कोरोना एक संक्रमित मरीज मिला। इसकी पुष्टि सिविल सर्जन बच्चा प्रसाद सिंह ने की। बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार तैयारी की जा रही है। इसके लिए सोमवार को मॉक ड्रिल भी किया गया।

### चैंपियनशिप में पहले दिन भारत ने जीते तीन पदक

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारत ने एशियाई सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप (ग्रीको-रोमन प्रतियोगिता) के पहले दिन एक रजत और दो कांस्य पदक जीत आयोजन की शुरुआत की है।

### नगड़ी क्षेत्र में जंगली हाथी का शव बरामद

**रांची।** रजाधानी रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र में जंगली हाथी का शव पाये जाने से पूरे गांव में सनसनी फैल गयी है। जानकारी के अनुसार नगड़ी में हरही गांव के पास हरही-पुरियो जाने वाली सड़क किनारे मकई के खेत में एक जंगली हाथी मृत अवस्था में पाया गया।

### कुड़मी आंदोलन खत्म ट्रेनों का परिचालन शुरू

**रांची।** झारखंड में खड़गपुर मंडल के खेमाशुलि स्टेशन और आद्रा मंडल के कुसतौर एवं कोटशिला स्टेशनों पर पांच अप्रैल से जारी कुड़मी समाज का आंदोलन खत्म हो गया। इससे ट्रेनों का आवागमन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है।

### बोकारो में सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**बोकारो।** पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के फोरलेन में बाइक सवार दो लोगों की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गयी। दोनों जीजा साला थे।

### ममता की पार्टी का राष्ट्रीय दर्जा छिना, आप को मिला

**नयी दिल ली।** चुनाव आयोग ने एक बड़े फैसले में तृणमूल, राकांपा, सीपीआई से राष्ट्रीय दल का दर्जा वापस ले लिया है। वहीं, आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया है। आयोग ने यह फैसला दिया। चुनाव आयोग ने जुलाई 2019 में इन तीनों दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया थ। आयोग ने कहा कि 'आप' को चार राज्यों दिल्ली, गोवा, पंजाब और गुजरात में उसके चुनावी प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय पार्टी के रूप में नामित किया गया है। तीनों पार्टियों का वोट शेयर देशभर में 6 प्रतिशत से कम हुआ है।

# टाटा में स्थिति तनावपूर्ण जवानों ने किया फ्लैग मार्च

- 144 जारी, 60 अरेस्ट, 119 पर एफआइआर

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** रविवार की देर शाम कदमा के शास्त्रीनगर में दो समुदायों के बीच हुए उपद्रव के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाये हैं। सोमवार को स्थिति शांत पर तनावपूर्ण रही। प्रशासन ने शाम में इलाके फ्लैग मार्च किया। पूरे क्षेत्र में धारा 144 लागू है और रैपिड एक्शन फोर्स चप्पे-चप्पे पर तैनात है। कल रात से इंटरनेट पर जारी रोक सोमवार शाम हटा ली गयी है। देर रात तक प्रशासन ने 60 से अधिक उपद्रवियों को हिरासत में लिया है। 119 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता अभय सिंह एक पुराने वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पार्टी ने इसका कड़ा विरोध किया है।

**भाजपा नेता की गिरफ्तारी का विरोध :** विधायक सरयू राय और भाजपा ने अभय सिंह की गिरफ्तारी का विरोध किया है। पूर्व गृह सचिव व भाजपा के वरिष्ठ नेता जेबी तुबिद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने अभय सिंह की गिरफ्तार का विरोध किया और कहा कि ऐसे समय में जब शहर अशांत है, अभय सिंह को गिरफ्तार करना कहीं से उचित नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने एक जांच समिति जमशेदपुर भेजी है।




### डीसी-एसएसपी कर रहे कैंप

वहीं डीसी विजया जाधव और एसएसपी प्रभात कुमार इलाके में खुद कैंप कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में स्पेशल टीम कर रही निगरानी रखी जा रही है पिछले दो दिनों में फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या संवेदनशील वीडियो/समाचार फॉरवर्ड करने वालों को चिह्नित कर की जायेगी कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। शास्त्रीनगर में स्थिति सामान्य है पर अगले आदेश तक धारा 144 लागू रहेगी। जिले के पदाधिकारियों और पर्यवेक्षकीय पदाधिकारियों के अवकाश रद्द कर दिये गये हैं। उन्हें मुख्यालय में बी रहने कहा गया है।

## चीन सीमा पर दहाड़े शाह - कोई हम पर बुरी नजर नहीं डाल सकता

# सूई भर भी जमीन नहीं ले सकता कोई

- बौखलाया चीन, बोला- ये हमारे क्षेत्रीय संप्रभुता का उल्लंघन है

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को चीन सीमा पर जाकर उसे खूब सुनाया। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश शांतिपूर्ण ढंग से सो सकता है क्योंकि आईटीबीपी के जवान और हमारी सेना दिन-रात सेना पर पहरा दे रही है। गृह मंत्री ने कहा कि वह युग चला गया जब भारत की भूमि का कोई भी अतिक्रमण कर सकता था। अब कोई इसकी सीमा की ओर देखने का दुस्साहस नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम गर्व से यह बात कह सकते हैं कि किसी में इतनी ताकत नहीं है कि हमारे ऊपर बुरी नजर डाल सके। कोई भी हमारी सीमा पर आंख उठाकर देख नहीं सकता।

उन्होंने कहा कि सूई भर भी जमीन कोई भी नहीं ले सकता है, क्योंकि हमारे जवान सीमा पर तैनात हैं। सीमावर्ती क्षेत्र मोदी सरकार की पहली प्राथमिकता हैं। श्री शाह अरुणाचल प्रदेश के किबिथू में बोल रहे थे। उन्होंने किबिथू के उन शहीदों को श्रद्धांजलि दी जो 1962 के युद्ध में शहीद हो गये थे। वहीं गृह मंत्री की अरुणाचल प्रदेश यात्रा से चीन बौखला गया है। चीन ने कहा कि यह हमारी संप्रभुता का उल्लंघन है।

**नमस्ते नहीं, यहां लोग जय हिंद बोलते हैं :** चीन का बिना नाम लिए ही शाह ने कहा कि कोई भी हमारी जमीन का एक इंच नहीं ले सकता है. शाह ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। उन्होंने कहा, अरुणाचल के लोग नमस्ते नहीं, जयहिंद बोलते हैं, ऐसे में उनके जज्बे के आगे कोई यहां कब्जा नहीं कर सकता। शाह ने कहा कि अरुणाचल निवासियों के जोश ने 1962 में चीन को कदम वापस खींचने के लिए विवश कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं किबिथू के उन शहीदों को श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने 1962 के भारत-चीन युद्ध में संसाधनों के अभाव में भी वीरता से लड़ाई लड़ी।



**क्यों बौखलाया चीन :** अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर श्री शाह ने सोमवार को किबिथू इलाके में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की शुरूआत की। किबिथू चीन से सटा हुआ इलाका है। शाह की इस यात्रा का चीन ने विरोध किया है। चीन ने कहा कि शाह की इस यात्रा से हमारी संप्रभुता का उल्लंघन हुआ है। शाह उसी इलाके में गये, जिस पर चीन दावा करता रहा है, इसलिए वह बौखला गया है। शाह आज रात अरुणाचल प्रदेश के गांव में ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मोदी सरकार के सभी मंत्री किसी न किसी सीमाई गांवों में जायेंगे और वहां पर एक दिन समय व्यतीत करेंगे।

### क्या है वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम

इस प्रोग्राम के जरिए सीमा से सटे सभी गांवों का विकास किया जा रहा है। सरकार ने इसके लिए 4800 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। इसे 2022-23 से लेकर 2025-26 तक खर्च किया जाना है। यह योजना पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा संचालित है। केंद्र सरकार ने कुल 19 जिलों की पहचान की है। ये जिले अलग-अलग राज्यों में हैं। ये सभी इलाके अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और लद्दाख के हैं। पिछले सप्ताह चीन ने एक लिस्ट जारी की थी, जिसमें उसने अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों के नामों की भी सूची जारी की थी। चीन दावा करता है कि यह उसका इलाका है। भारत ने कहा कि इससे यथास्थिति में कोई बदलाव नहीं होगा। भारत ने यह भी कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और हमेशा बना रहेगा। भारत हमेशा से ही चीन के दावों को इनकार करता रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में देखें, तो शाह की इस यात्रा के कई संदेश हैं।

# इडी कोर्ट में पूजा सिंघल समेत तीन के खिलाफ आरोप गठित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल, जेल में बंद पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार एवं खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ आरोप गठित किया गया। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से मौजूद पूजा सिंघल से उनके खिलाफ लगे मनी लाउंड्रिंग के आरोपों के बारे में पूछा। अदालत ने पूछा कि खूंटी जिले की डीसी रहते हुए आपने सह आरोपियों के साथ साजिश रची और मनरेगा घोटाला किया। इस घोटाले की राशि को सफेद करने के उद्देश्य से मनी लाउंड्रिंग का अपराध किया। आप पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है। इस पर उन्होंने कहा कि मामले में मैं निर्दोष हूं। (शेष पेज 11 पर)

मनरेगा घोटाला मनी लांड्रिग मामला



### अगली सुनवाई 24 को

अदालत ने इडी के वकील अतीश कुमार को मामले में अभियोजन साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके लिए अदालत ने 24 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। आरोप गठन पीएमएल एक्ट की धारा तीन एवं चार के तहत किया गया है। मालूम हो कि इसी मामले में 18 जून 2020 से ही जेल में बंद खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम बिनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ 27 फरवरी 2021 को आरोप गठित किया गया था। इडी ने मनी लाउंड्रिंग के आरोप में सबसे पहले राम बिनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ 12 दिसंबर 2018 को ईसीआईआर 3/18 मुकदमा किया था।

# एनआइए का 14 ठिकानों पर छापेमारी, एक धराया

**रांची (खबर मन्त्र)।** टेरर फंडिंग मामले में एनआइए ने लोहरदगा, लातेहर समेत रविवार से लेकर सोमवार तक 14 स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एनआइए ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया और हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है। गौरतलब है कि बुलबुल के जंगल में हथियार बरामदगी मामले की जांच एनआइए कर रही है। मामले की जांच के बाद एनआइए ने पाया कि भाकपा माओवादी के सक्रिय कैडरों के साथ रिजनल कमांडर रवींद्र गंझू ने एक आपराधिक साजिश रची थी। सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए बुलबुल जंगल में एकत्रित हुए थे। एनआइए ने आश्रय देने वाले धन और हथियारों के लिए कोरियर के रूप में काम करने वाले समर्थकों की तलाश में लोहरदगा में 09 स्थानों, लातेहार के 05 स्थानों पर अभियुक्तों/संदिग्धों के परिसरों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान, वित्तीय लेनदेन और संपत्ति से संबंधित कागजात, एक देशी पिस्तौल के साथ छह जिंदा राउंड, एक मैगजीन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किये गये थे। चकला के रहने वाले साजन कुमार नाम के एक संदिग्ध को लोहरदगा के कुडू से गिरफ्तार किया है। (शेष पेज 11 पर)

>> लोहरदगा कुडू का रहनेवाला है साजन कुमार

# आज सचिवालय घेरेगी भाजपा, प्रचार रथ रवाना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा का झारखंड बचाओ, सचिवालय घेराव मंगलवार को है। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए झारखंड के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीचंद्र वाजपेयी रांची में डेरा डाले हुए हुए हैं। सोमवार को उन्होंने विभिन्न स्तरों पर समीक्षा की। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने प्रचार रथ रवाना किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश से लेकर बूथ के कार्यकर्ता तक सक्रिय है। गोड्डा से स्पेशल ट्रेन कार्यकर्ताओं को लेकर रांची पहुंच रही है। इसके अलावा बसों में भर कर सभी जिलों से पार्टी कार्यकर्ताओं के पहुंचने का सिलसिला सोमवार को ही शुरू हो गया है। पार्टी का दावा है किएक लाख से अधिक कार्यकर्ता जुटेंगे। पार्टी ने सचिवालय घेराव की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि सचिवालय का घेराव कर पार्टी हेमंत सरकार की चेहरे की नकाब को उखाड़ फेंकेगी। भाजपा के कार्यकर्ताओं जबरदस्त उत्साह है। पर सरकार के इशारे पर पुलिस-प्रशासन कार्यकर्ताओं को घेराव में पहुंचने से रोकने की कोशिश कर रही है। डरा-धमका रही है। उन्होंने कहा कि हम अपना आंदोलन पूरी तरह अहिंसात्मक रखेंगे। लेकिन डरी-सहमी सरकार हिंसा का सहारा ले सकती है। वहीं सांसद संजय सेठ ने महानगर के सभी वार्डों से लगभग 25 हजार कार्यकर्ताओं के पहुंचने का दावा किया है। सचिवालय जाने वाले रास्ते में पोस्टर, होर्डिंग्स लगा दिया गया है। (शेष पेज 11 पर)

सचिवालय के पास धारा 144 लागू

प्रदेश भाजपा प्रभारी ने की समीक्षा बैठक




# आइपी बुलेट कैमरे से लैस हुआ शक्ति पेट्रोल पंप

- देश का पहला ऐसा प्रयास रांची के युवा ओनर आयुष ने किया कमाल

कुबेर सिंह

**रांची।** राजधानी रांची के युवा उद्यमी अब अपने व्यवसाय के प्रति संजीदा और हाईटेक होते जा रहे हैं। उद्यम में अपना लोहा मनवाने का श्रेय रांची के युवा उद्यमी आयुष ने कर दिखाया है। जी हां, आयुष ने हरमू रोड स्थित अपने पेट्रोल पंप शक्ति सर्विस में ग्राहकों को ध्यान में रख आईपी बुलेट कैमरा से लैस कर दिया है। आयुष को यह करने में महज डेढ़ लाख का खर्च आया।



### क्या होगा ग्राहकों को फायदा

बकौल आयुष आइपी बुलेट कैमरा लगाने के पीछे उद्देश्य है कि जब भी कोई ग्राहक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए आते हैं तो उन्हें शक होता है कि नोजल मैन तेल की चोरी करता है। इस तरह की शंका को मिटाने के लिए ही उन्होंने शक्ति सर्विस स्टेशन में आईपी बुलेट कैमरा लगाया है, ताकि तेल भरने के दौरान ग्राहकों को पूर्ण संतुष्टि मिल सके। इसकी खासियत है कि यदि कोई गाड़ी मालिक तेल भरवाने के लिए पंप आता है तो यह देखा जाता है कि जितनी राशि की पेट्रोल या डीजल भरवाना है, वह उतना न भरवा कर पंप से पैसे लेने की कोशिश करता है। ऐसे ड्राइवरों की भी चोरी इस कैमरे से पकड़ी जा सकती है। कैमरा की रिकॉर्डिंग 15 दिनों तक रहेगी और यदि ओनर चाहे तो पंप में आकर यह फोन कर पूछताछ भी कर सकते हैं। इसमें वॉइस रिकार्डिंग की भी सुविधा है।

**क्या है आइपी बुलेट कैमरा :** प्रत्येक मशीन पर मीटर के सामने दोनों ओर से अलग-अलग कैमरे लगाये गये हैं। पेट्रोल पंप पर बैठा प्रबंधक सीसीटीवी के माध्यम से नोजल मैन द्वार जीरो करके ही तेल दिया गया है कि नहीं, देख सकता है। आयुष कुमार के मुताबिक, देश का यह पहला पेट्रोल पंप है, जिसमें ग्राहकों की संतुष्टि और पारदर्शिता के लिए इस तरह के कैमरे लगाये गये हैं।

### कहां से मिली आयुष को प्रेरणा

आयुष कुमार चौधरी को यह प्रेरणा उस वक्त मिली। जब वह नोएडा से सिंबोयसिस लॉ स्कूल से ग्रेजुएट करने के बाद रांची आया। वह अपने पिता के बिजनेस में हाथ बंटाने लगा। इसी क्रम में इसने पाया कि उसके पेट्रोल पंप में जो ग्राहक तेल भरवाने आ रहे हैं, वह खुशमन से नहीं आ रहे हैं। काफी अध्ययन करने के बाद और खुद को प्रूव करने के लिए सभी एक जैसे नहीं होते, इस तरह का काम कर दिखाया। 29 साल के आयुष कुमार चौधरी को देहरादून के मैसूरी में लोकनीति पॉलिसी, डेटा एंड बिहेवियर के लिए सम्मान भी मिल चुका है।



# मेकन ने रिपोर्ट में कहा असुरक्षित है रिटेनिंग वॉल

- रतन हाइट्स मामले में आज भी होगी सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता


**रांची।** रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में मेकॉन की ओर से रिटेनिंग वॉल के संदर्भ में कोर्ट के समक्ष रिपोर्ट पेश की गयी। रिपोर्ट में मेकॉन की ओर से कहा गया है कि यह रिटेनिंग वॉल असुरक्षित है और अंडर कंस्ट्रक्शन है। इससे पूर्व पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मेकॉन को रिटेनिंग वॉल के निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा था। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। रतन हाइट्स के निवासियों की ओर से बताया गया यह रिटेनिंग वॉल नहीं बन रहा है, यहां बेसमेंट बनाया जा रहा है। बीआइटी मेसरा ने भी रिटेनिंग वॉल को सही नहीं बताया था। कोर्ट ने बिल्डर वीकेएस रियलिटी द्वारा 46 कटठा पर बनाये जाने वाले जी प्लस 5 के भवन पर के निर्माण कार्य पर रोक जारी रखी है। (शेष पेज 11 पर)

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## स्पीड न्यूज

### महागठबंधन की सरकार में राज्य की दशा-दिशा ठीक नहीं : सांसद सुनील सिंह



**सतबरवा।** चतरा सांसद सुनील सिंह ने कहा कि वर्तमान महागठबंधन की सरकार में राज की दशा व दिशा ठीक नहीं है। राज्य के बहू बेटियों की आबरू लूटी जा रही है चारों तरफ भ्रष्टाचारियों, कोयला, पत्थर, बालू माफियाओं का बोलबाला है। सांसद सिंह रांची जाने के क्रम में तुम्बागड़ा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य की दशा व दिशा को देखते हुए भाजपा ने 11 अप्रैल 2023 को हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम के तहत सचिवालय घेराव करने का निर्णय लिया है जिसमें राज्य के लाखों लोग भाग लेंगे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से इस आंदोलन में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा राज्य के गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। जनता के सहयोग से हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। मौके पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, चतरा सांसद के स्वास्थ्य एवं खेलकूद विभाग के जिला प्रतिनिधि धीरज कुमार, भाजयुमो के जिला मंत्री विकास तिवारी, गुड्डू सिंह, अजजा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह, मुकेश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मरांडी ने रविंद्र सिंह को जन्मदिन की बधाई दी



**मेदिनीनगर।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री माननीय बाबूलाल मरांडी अपने दो दिवसीय पलामू दौरे के क्रम में स्थानीय सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह 'बबलू सिंह' के जन्मदिवस के अवसर पर बधाई देते हुए मिठाई खिला कर सुखद जीवन की कामना की और संगठन के कार्यों में लगे रहने का आशीर्वाद दिया। मौके पर उपस्थित रविंद्र सिंह ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सबका प्यार और आशीर्वाद ही मेरे लिए उपहार है। मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा समेत काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

### रासबिहारी वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मनोनीत

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष डा गिरीश कुमार संघी के निर्देश पर रास बिहारी प्रसाद गुप्ता को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया गया है। इसकी जानकारी महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री डा गोपाल मोर ने दी। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि गुप्ता इस दायित्व को स्वीकार करके संगठन को और सशक्त व प्रभावशाली बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे। इधर रास बिहारी गुप्ता को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य बनाये जाने पर प्रो युगल किशोर प्रसाद, शिवशंकर अकेला, देवेंद्र प्रसाद, अहिल्या गुप्ता, गोपाल प्रसाद, राज कुमार, डा विजय प्रकाश, ललित चौधरी, दिलीप सोनी, प्रेमसागर केसरी, धीरज कुमार, केदार प्रसाद वर्णवाल, सुनील कुमार, युगल किशोर शरण, महेंद्र, सुरेंद्र समेत कई लोगों ने बधाई दी है।

### प्रखंड कार्यालय परिसर में आवास निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप



निर्माण स्थल पर निरीक्षण दल।

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में अधिकारियों कर्मचारियों का आवास निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने लगाया है। बीस सूत्री अध्यक्ष के नेतृत्व में एक दल ने निमार्णाधीन आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि प्राकलन के मुताबिक कार्य नहीं कराया जा रहा है। घटिया ईंट जिसका कोई नंबर नहीं है। बालू की जगह मिट्टी युक्त बालू, घटिया छड़ और सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदार के कर्मचारियों से भी जानकारी ली। बीस सूत्री अध्यक्ष व अन्य ने बताया कि आवासों का निर्माण इसी तरह होता रहा तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने बताया कि वह जांच रिपोर्ट विधायक कमलेश कुमार सिंह को देकर जांच कराने का आग्रह करेंगे। उन्होंने बताया कि जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कार्यकारी एजेंसी के साथ साथ विभागीय अभियंताओं पर भी कार्रवाई की मांग की जायेगी। जांच दल में बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह और गुडु सिंह, विनय पासवान, मनदीप राम, राजकुमार ठाकुर, रजनीश सिंह,बबन सिंह,रविन्द्र कांस्यकार, जिसान हसन, अजय चंद्रवंशी व अन्य शामिल हुए।

### इंडियन रोटी बैंक ने पीड़िता को दी खाद्य सामग्री

**सतबरवा पलामू।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पीड़ीत मनीता को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच मेदिनीनगर एंबुलेंस से भेज दिया गया है। वही इंडियन रोटी बैंक के सोनू सिंह नामधारी और दीपक तिवारी ने पोंची गांव के पीड़िता के घर जाकर पिता राजेंद्र भुईयां को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया तथा पंखा और पांच हजार की आर्थिक मदद मनीता के मां को सौंपा। इस मौके पर वाईस प्रेसिडेंट परवेज आलम, निक्कू तिवारी भी मौजूद थे। बताया जाता है कि बीते डेढ़ माह पहले घर के आंगन में आग तापने के दौरान मनीता झुलस गई थी। डीसी ने बीडीओ को बेहतर इलाज के लिए अच्छे से अस्पताल में भेजने का निर्देश दिया था। बीपीआरओ सुरेश ठाकुर ने माता पिता को पीड़िता के आधारकार्ड और अन्य जरूरी चिकित्सा सेवा में उपयोग होने वाले कागजात साथ में रखने को कहा है। इधर पंचायत के मुखिया गिरवर प्रसाद राम ने बच्ची के पिता राजेंद्र भुइयां को तत्काल दो हजार रुपए की आर्थिक मदद दी। वही इंडियन रोटी बैंक के चिकित्सा संबंधी संजीवनी टीम के चिकित्सकों डॉ अमित कुमार और डॉ राहुल ने दवा दिया। एंबुलेंस से मेदिनीनगर भेजे जाने के दौरान स्वास्थ्य विभाग की एएनएम कांति भारती, किरण कुमारी, बीटीटी नवीन उपाध्याय, स्वास्थ्य कर्मी अनूप कुमार, सत्येंद्र सोनी, आशीष कुमार सिन्हा, संजय कुमार, उमेश मेहता समेत कई लोग मौजूद थे। राजेंद्र के अनुसार नवजीवन अस्पताल तुंबागडा में ईलाज के लिए मनीता को भर्ती कराया गया था। परंतु पैसे के अभाव के कारण उसे अस्पताल से छुट्टी करा कर घर वापस ले आया था। इस दौरान उसने अपने पूर्व एमपी भाई से भी मदद करने की भी गुहार लगाई थी।


### नरसिंहपुर पथरा में स्टेडियम का जल्द होगा जीर्णोद्धार : मीना



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा पंचायत की मुखिया मीना देवी, पति व्यास राम चौरसिया ने पथरा हाई स्कूल के स्टेडियम का निरीक्षण किया। मुखिया मीना देवी ने कहा कि यह स्टेडियम वर्षो से जीर्ण शीर्ण अवस्था में खंडहर के रूप में यों ही पड़ा हुआ है। यह निर्मित काल से अभी तक अपने अस्तित्व में आया ही नहीं। खिलाड़ी आज तक स्टेडियम में प्रवेश किया ही नहीं। परंतु खिड़की सटर दरवाजा सभी गायब हो गए हैं। असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। चैनपुर उतरी के पूर्व जिला पार्षद संटू चौरसिया ने स्टेडियम का जीर्णोद्धार, सुंदरीकरण हेतु विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया। मुखिया मीना ने कहा कि चैनपुर प्रखंड का यह एकलौता स्टेडियम होगा। अब बहुत जल्द ही स्टेडियम में मरम्मत कार्य प्रारंभ होगा। भव्य आकर्षक स्टेडियम आने वाले दिनों में जनता को समर्पित किया जाएगा। मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक व्यास राम चौरसिया, युवा समाजसेवी शशी कुमार चौरसिया, वार्ड सदस्य सुबोध कुमार गुप्ता, बीरबल चौरसिया,विनय लाल, प्रमोद चौरसिया मौजूद थे।

## रेहला-विश्रामपुर शहरी जलापूर्ति परियोजना को मिली कैबिनेट प्रशासनिक स्वीकृति : सांसद

### अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन योजना



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयास से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विश्व बैंक की मदद से केन्द्र प्रायोजित योजना अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0) के अंतर्गत 12329.87 लाख रूपए की लागत से रेहला-विश्रामपुर शहरी जलापूर्ति परियोजना की 27 मार्च को कैबिनेट प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है।

राम ने बताया कि उक्त परियोजना से विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत सभी वाड़ों में 10271 घरों में लगभग 40 हजार की अबादी को शुद्ध पेयजलापूर्ति हो सकेगी। इस जलापूर्ति योजना का इंतजार विश्रामपुर प्रखण्ड की जनता को अविभाजित बिहार राज्य के समय से ही था। उक्त कार्य को करने हेतु जुड़कों कंपनी को कार्य आवंटित किया गया है। जुड़को उक्त अबादी को तीन स्थान पर तीन स्टोरेज टैंक 20 लाख क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर पाईप लाईन के द्वारा कोयल नदी से पानी लाकर जलापूर्ति की जायगी।

## धारा 144 के उल्लंघन के एक मामले में पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी बरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता के उल्लंघन के एक मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को आरोप सिद्ध नहीं होने पर एमपी एमएलए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने रिहा कर दिया है। बाबूलाल मरांडी पर आरोप था कि अनुमंडल पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर के द्वारा 28 अप्रैल 2011 के द्वारा पूरे अनुमंडल क्षेत्र में धारा 144 लगाया गया था। जिसका उल्लंघन मरांडी द्वारा 29 अप्रैल 2011 को अन्य लोगो के साथ मिलकर मेदिनीनगर शहर में किया गया था। 144 के उल्लंघन करने को ले तत्कालीन अपर समाहर्ता मुकुल पांडेय ने बाबूलाल मरांडी व अन्य लोगो पर 188 भा द वि के तहत प्राथमिकी करने हेतु सदर शहर थाना में आवेदन दिया था।

जिसके आलोक में बाबूलाल मरांडी व अन्य लोगो के विरुद्ध सदर शहर थाना कांड संख्या 180/2011 तिथि 29 अप्रैल 2011 को भादवि की धारा 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था। इस मामले में अभियोजन की से चार गवाहों का गवाही कराया गया था। अभियोजन आरोप साबित करने में असफल रहा। इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार पांडेय ने बहस किया। अदालत ने अभियोजन के द्वारा केस साबित नहीं करने के कारण इस मामले में बाबूलाल मरांडी को बरी कर दिया है।

### गिरिनाथ सिंह व सेराज अहमद बरी

**मेदिनीनगर।** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह व सेराज अहमद को साक्ष्य के अभाव में एमपी एमएलए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने बरी कर दिया है। विदित हो कि पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट युगल किशोर गुप्ता के द्वारा मतदान केंद्र संख्या 126 कलसटर सेंटर 15 झूरा में 3 फरवरी 2005 को 2:30 बजे अपराहन बूथ संख्या 126 पर पीठासीन अधिकारी के द्वारा बाधित मतदान प्रक्रिया को पुनः मतदान चालू कराने पर उनलोगों द्वारा मतदान प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया गया था। इस मामले में युगल किशोर गुप्ता ने गिरिनाथ सिंह व सेराज के विरुद्ध गढ़वा थाना में नामजद प्राथमिकी 31/2005 दर्ज कराया था। उनदोनो पर 171 एफ 384 132 132 (1) में संज्ञान लिया गया था। अभियोजन आरोप साबित करने में असफल रहा। अदालत ने साक्ष्य के अभाव में दोनों को रिहा कर दिया है।

## हर हाल में होगा ग्रामीणों की समस्या का समाधान : डॉ शशिभूषण मेहता

आजादी के बाद पहली बार पंहुचे होइओ गांव में विधायक





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर/पांकी।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के पांकी प्रखंड अंतर्गत सकल्दीपा पंचायत के सुदूरवर्ती गांव होइयो में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने ग्रामीणों का हाल जानने पहुंचे।

वंहा के ग्रमीणों ने विधायक को देखकर बहुत खुश हुए। ग्रामीणों ने कहा की एक आप ही ऐसा नेता है जो होइयो गांव में चुनाव जीतने के पहले पंहुचे थे और विधायक बनने के बाद भी पंहुचे। नही तो देश आजाद होने के बाद से इस गांव में अभी तक कोई नेता नही आये थे। ग्रामीणों ने विधायक से सड़क, पानी की समस्या रखा उस गांव में लगभग साठ-सत्तर घर का गांव है इस गांव में मात्र एक कुंवा है वह भी जर्जर के स्थिति में है।

विधायक ने तत्काल अपने निजी राशि से कुआं खोदवाने के लिए ग्रामीणों को कहा की तुरंत काम लगवाया जाये। कुआं तैयार हो जाने के बाद जलमीनार और पाइप के माध्यम से पानी के समस्या दूर किया जाएगा और इसके बाद सड़क बनाने का कार्य किया जाएगा।

चंदवार गांव में पंहुचने पर बुजुर्ग व्यक्ति मदन सिंह, कन्हाई सिंह, सुकन सिंह, प्रगाश सिंह, श्रवण सिंह को विधायक ने फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर समान्नित भी किया। गौरतलब है कि होइयो गांव में खेरवार और परहिया के जाती लोग निवास करते है। वह गांव चारो तरफ पहाड़ से घिरा हुआ है। वह गांव कुछ साल पहले नक्सलियों का अड्डा माना जाता था।

विधायक डॉ मेहता ने ग्रामीणों को हर हाल में समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया।

## हर घर को मिले जल, यही है मेरी पहल : अभिषेक सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जेपीएस परिवार के सौजन्य से टैंकर के द्वारा आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

युवा समाजसेवी सह झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने कहा कि वह जनता के दर्द को बखूबी समझते हैं और इस भीषण गर्मी में जनता को पानी की घोर समस्या से सामना करना पड़ रहा है। इस संकट की घड़ी में हमारा पूरा परिवार एक जुटता के साथ मेदिनीनगर नगर निगम की जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। हमने टैंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति करना शुरू किया है और आने वाले दिनों में टैंकरों में वृद्धि कर ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रवासियों तक पानी पहुंचाएंगे।

5 सौ करोड़ वाली निगम की सरकार ने सिर्फ.जनता को ठगा है और भ्रष्टाचार के नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आज जनता को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है तो वहीं दूसरी ओर मेयर अरूणा शंकर और पूरे निगम की सरकार लाखों रुपया खजूर के पेड़ में बहा रही है।

जनहित के कार्यों से मेयर अरुणा शंकर का कोई लेना देना नहीं है। अगर निगम सचेत रहता तो शहरवासियों को इस समस्या का सामना न करना पड़ता। वर्तमान निगम की सरकार अमानवीय तथा भ्रष्टाचारी है जिसका जनहित के कार्यों से कोई सरोकार नहीं। लेकिन मैं जनता को यह बताना चाहता हूं कि इस भीषण समस्या में हमारा परिवार आप सबके साथ है और यदि हमें मौका मिलता है तो निगम के हर घर तक पानी पहुंचाने की ज़िम्मेदारी हमारी होगी।

## एसडीओ ने किया लंबित आवास योजना का भौतिक सत्यापन

राशि लेकर आवास निर्माण नहीं कराने वालों पर सर्टिफिकेट केस करने का दिया आदेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** सदर एसडीओ राजेश साह ने सोमवार को विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा पंचायत में लंबित प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान साह ने आवास योजना के कई लाभुकों से बात की। उन्होंने लाभुकों से आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। राशि लेकर भी आवास निर्माण कार्य नही करने वाले लाभुकों को कड़ी फटकार लगाई। एसडीओ ने किश्त प्राप्ति के बाद भी आवास निर्माण नहीं कराने वालों पर सार्टिफिटेक केस करने का निर्देश बिश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम को दिया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने बताया कि तोलरा पंचायत में कई बार लाभुकों को आबस निर्माण कार्य पूरा करने को कहा। लेकिन लाभुक इसे गंभीरता से नहीं लिए। अब उनसे राशि की रिकवरी कराई जायेगी और उनपर सार्टिफिटेक केस भी होगा।

## गंभीर रोगों का सरल एवं सुलभ इलाज है होमियोपैथ : शिवशंकर पांडेय

### विश्व होमियोपैथिक दिवस पर हैनीमैन की जयंती मनायी गयी



**मेदिनीनगर।** विश्व होमियोपैथिक दिवस पर जिला आयुष संयुक्त औषधालय परिसर में हैनीमैन जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जिला आयुष पदाधिकारी शिवशंकर पांडेय ने हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि होमियोपैथ के जनक हनीमैन थे। जिन्होंने एमबीबीएस करने के बाद जर्मन होमियोपैथ का खोज किया। साथ ही सभी रोगों से संबंधित दवा का खोज किया। उन्होंने कहा कि आज वर्तमान समय में लोग एलोपैथ छोड़कर होमियोपैथ की ओर जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण है कि होमियोपैथ का साईड इफेक्ट मानव जीवन में नहीं है। यह दवा सस्ती व सुलभ है।डा सुधीर कुमार सुधांशु ने हनीमैन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका जन्म 10 अप्रैल 1775 को जर्मन में हुआ था। जिन्होंने एमबीबीएस पास करने के बाद जर्मन होमियोपैथ का खोज किया। मौके पर डा अरूण कुमार सिंह, डा विनित, डा प्रीती ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में डा मृत्युंजय मेहता, डा प्रतिभा, डा सत्यम सौरभ, डा अमरजीत समेत अन्य मौजूद थे।

### नीलांबर पीतांबपुर में मनायी जायेगी परशुराम जयंती



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। ए आई डी सभागार में प्रखंड अध्यक्ष दिनेश तिवारी की अध्यक्षता में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक की गई। बैठक में प्रखंड इकाई के सभी पदाधिकारी एवं कार्य समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष अजय तिवारी शामिल थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार 22 अप्रैल को नीलांबर पीतांबरपुर के मध्य विद्यालय के प्रांगण में पूरी भव्यता के साथ भगवान परशुराम जी की जयंती मनाई जाएगी। मौके पर विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। इसके लिए मुख्य अतिथि अजय तिवारी ने प्रखंड के पदाधिकारियों एवं कार्य समिति सदस्यों को एक व्यापक रणनीति बनाकर गांव गांव जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं सभी ब्राह्मण बस्तियों में जा जाकर जागरूकता फैलाने कमेटी का गठन करने एवं सभी प्रकार के ब्राह्मणों को एक मंच पर लाकर उन्हें एकजुटता प्रदान करने का आह्वान किया। मौके पर संत कुमार तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज आज अलग-अलग उप जातियों में बटकर अपना अस्तित्व को कमजोर किए हुए हैं जो कि बहुत ही चिंता की बात है। सभी वक्ताओं ने ब्राह्मण के उत्थान हेतु प्रयास करने की बात कही। मौके पर सतीश मिश्रा, रुद्र शुक्ला, बिक्रमादित दुबे, कृष्ण कांत दुबे के अलावा दर्जनों ब्रह्मण शामिल थे।

### सब-जूनियर बालक/ बालिका खो- खो प्रतियोगिता 15 और रेफरी एग्जाम 16 को

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वधान में दिनांक 15 अप्रैल को प्रातः 9:00 बजे जीएलए कॉलेज के मैदान में सब-जूनियर बालक बालिका खो- खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में पलामू जिला के कोई भी सरकारी स्कूल, गैर सरकारी स्कूल, क्लब के खिलाड़ी जिनकी उम्र 14 वर्ष से कम हो भाग ले सकते हैं। पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि इसी प्रतियोगिता के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। खिलाड़ी अपने साथ उम्र प्रमाण के रूप में उम्र प्रमाण-पत्र या स्कूल का परिचय, किसी भी क्लास का एडमिट कार्ड जिसमें जन्मतिथि अंकित हो और आधार कार्ड के छाया प्रति साथ अवश्य लाएंगे।

### बिहार बिहारिणी मामला को लेकर आमसभा 12 को



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के अंबा गांव स्थित राधा-कृष्ण मैदान के समीप सोमवार को बिहार बिहारिणी संघर्ष समिति की बैठक हुई। इसमें आगामी 12 अप्रैल को समय 6 बजे सुबह आरसी लाल चौक पर आम सभा बुलाने का निर्णय लिया गया है। उक्त सभा में बिहार बिहारिणी मठ की जमीन संबंधित विवाद में निर्दोष लोगों पर किए गए फर्जी मुकदमें अभी तक वापस नहीं लिया गया है। इस गंभीर विषय पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने प्रखंड वासियों से बैठक में शामिल होने की अपील की है। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष विनय जायसवाल, सचिव अशोक यादव, महादेव यादव, लक्ष्मी विश्वकर्मा, कृष्णा कुमार सिंह, राजीव रंजन, संतोष गुप्ता, लखन यादव, धर्मेंद्र पटेल, अरविंद पासवान, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## जपला में मनी वीर बाबा चौहरमल की जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर चार गम्हरिया में वीर बाबा चौहरमल मंदिर परिसर में अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति हुसैनाबाद अनुमण्डल इकाई के तत्वावधान में रविवार को जयन्ती मनाया गया। दिन में विधिवत पूजा अर्चना के रात्री में दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन संयुक्त बिहार के पूर्व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मन राम व अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दिप्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य मदन पासवान ने किया वहीं मंच का संचालन लल्लू पासवान ने की। मौके पर पलामू जिला परिषद अध्यक्षा प्रतीमा कुमारी, पूर्व प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनाथ श्रमिक, वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू प्रमंडल के अध्यक्ष सुनील पासवान, महासचिव रामजी पासवान, हुसैनाबाद प्रमुख राजकुमारी देवी और नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि पासवान जाती को एक सूत्र में बंध कर समाज मे फैली समाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए समाज के नेतृत्व व प्रबुद्ध लोगों की जिम्मेदारी हैं। मौके पर सुनील पासवान, रामनारायण पासवान, कामता राम, रामजी पासवान, संदीप पासवान, संजय पासवान, बिनय मांझी, ललन, अशोक पासवान, बिनय,राम प्रवेश पासवान, विनय पासवान,संगठन सचिव अरविंद, रघुनाथ पासवान, ब्रजेश, बनारसी, नंदकुमार, कृष्णा पासवान, अशोक, अजय प्रकाश, दिलीप, रीतुराज, संजय, बंटु, राजनाथ, जितेंद्र, गढवा जिला अध्यक्ष चंदन पासवा रामचंद्र पासवान, मिथलेश पासवान,अरविंद परीखा पासवान, संजय पासवान आदि मौजूद थे।

## राज्य सरकार कुड़ुख भाषा को पहली कक्षा से एमए तक के पाठ्यपुस्तक में शामिल करे : डॉ शशिभूषण

प्रथम सरना झंडा स्थापना समारोह का आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि सभ्यता और संस्कृति ही आदिवासी समाज की पहचान है जिसे बचाए रखना समाज के लोगों की जिम्मेवारी बनती है। उक्त बातें सोमवार को सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के रेवारातु पंचायत के मझली झरिया गांव में आदि कुड़ुख सरना समिति के द्वारा प्रथम सरना झंडा स्थापना के अवसर पर बोल रहे थे। डॉ मेहता ने कहा कि सरना कोड को लेकर सड़क से सदन तक आवाज उठाने का कार्य किया हूं आगे भी उठाते रहूंगा। सरकार कुड़ुख भाषा को पहली कक्षा से एम ए तक के पाठ्यपुस्तक में शामिल करें ताकि राज्य के किसी भी व्यक्ति को कुड़ुख भाषा बोलने में कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, मुखिया अनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, शिव शंकर उरांव, विष्णु देव उरांव, अशोक यादव, सेठा यादव समेत कई लोग शामिल थे।

## इंडियन रोटी बैंक ने मानवता दिखाते हुए झुलसी महिला के इलाज का उठाया बीड़ा

झुलसी महिला वर्तमान छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज भुइयां की है भतीजी



खबर मन्त्र संवाददाता


**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक ने समाज सेवा के माध्यम से समाज में गहरी पैठ बना ली है। यह समाज सेवा किसी के चंदे पर न कर बल्कि अपने बलबूते पर कर एक से बढ़कर एक कीर्तिमान स्थापित करते जा रहा है इसी कड़ी में इंडियन रोटी बैंक के डॉक्टरों की संजीवनी टीम ने मानवता का एक मिसाल पेश किया है। सतबरवा प्रखंड के पोची गांव निवासी राजेंद्र भुइयां के 23 वर्षीय पुत्री अनीता देवी दो फरवरी को आग से झुलस कर बुरी तरह जल गई थी। जिसका इलाज परिजन पैसे के अभाव में नहीं करा पाए और घर लाकर भगवान भरोसे छोड़कर ग्रामीण चिकित्सकों से इलाज करा रहे हैं। यह खबर इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी को जैसे ही मिला वे मानवता का परिचय देते हुए पीड़िता के गांव मेडिकल टीम लेकर पहुंचे। वहां पर चिकित्सकों की टीम ने पीड़िता को जांच कर दवा दिया और बेहतर इलाज के लिए बाहर इलाज कराने का सलाह दिया। वही इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी एवं राष्ट्रीय प्रभारी सोनू सिंह नामधारी ने पीड़ित महिला के परिजनों को आर्थिक मदद के अलावा खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराया और गर्मी से निजात पाने के लिए उसे एक पंखा भी दिया। मनीता देवी पलामू के पूर्व सांसद मनोज भुईयां की सगी भतीजी है। जबकि मनिता की चाची पुष्पा देवी पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के वर्तमान विधायक है। सूचना मिलने के बावजूद भी इन दोनों पति पत्नी को सामाजिक दायित्व का बोध तो छोड़ दीजिए पारिवारिक वेदना भी इन लोगों के अंदर जागृत नहीं हुआ। जिस कारण मनीता जिंदगी और मौत से जूझ रही है। मौके पर संजीवनी टीम और आशी लाइफ केअर के डॉक्टर अमित मिश्रा,डॉक्टर चमन प्रीत, झारखंड के वाइस कोऑर्डिनेटर परवेज अख्तर, पलामू कोऑर्डिनेटर मनीष यादव, राकेश तिवारी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साहिब सिंह नामधारी, चंदन भुइयां जिलाध्यक्ष, पलामू जिला भुइयां समाज, सुनील भुइयां संरक्षक, पलामू जिला भुइयां समाज समेत इंडियन रोटी बैंक के कई लोग मौजूद थे।

## युवाओं की राजनीति में भागीदारी से ही संभव है समस्याओं का समाधान : राजन सिन्हा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** युवा जागृति केंद्र का पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुआ। स्थानीय होटल राज इन में आयोजित युवा जागृति केंद्र के पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला में बड़गड़, भंडरिया, चैनपुर एवं सतबरवा के विभिन्न समितियों के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला में केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा, वरिष्ठ सदस्य दीपक कुमार, ब्रजेश चंद्रा, रजनीकांत सिंह, छोटू तिवारी, वाईजेकेएसएफ जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह, जिला सचिव विकास यादव, वरिष्ठ सदस्य विपिन यादव, वाईजेके जिला सचिव प्रेम कुमार, सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष विश्वास सिंह, बड़गड़ प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन राम के द्वारा पदाधिकारियों को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में इप्टा के उपेंद्र मिश्रा ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वाईजेकेएसएफ के प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह ने किया एवं युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा संगठन, सेवा, समर्पण युवा जागृति केंद्र के सैद्धांतिक आधार हैं। संगठन के सिद्धांतों पर कार्य करते हुए बड़ी संख्या में युवाओं को जोड़ा गया है एवं उनमें राष्ट्रभक्ति का प्रसार किया गया है। अब समय है युवाओं के प्रत्यक्ष रूप से राजनीति में प्रवेश करने का। पलामू क्षेत्र में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है एवं जीवन की दयनीय स्थिति बनी हुई है। यदि समस्याओं से निजात पाना है तो युवाओं को राजनीति में आना होगा। राजनीति सेवा का बृहद माध्यम है। आज जब भ्रष्ट, स्वार्थी और अयोग्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा जनता को लंबे समय से छला गया है आवश्यकता है कि युवा आगे आए और राजनीति में अपनी पहचान सुनिश्चित करें तथा अपने कर्तव्यों का पालन करें।



# अडाणी के साथ पवार

एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार ने एक इंटरव्यू में गौतम अडाणी का बचाव किया है । उन्होने कहा है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट का मकसद ही था भारत को टार्गेट करना । इसके साथ ही शरद पवार ने कहा कि अडानी मामले पर जेपीसी की जरूरत नहीं है, सुप्रीम कोर्ट जांच कर रहा है । अदाणी-अंबानी को टार्गेट करना ठीक नहीं है। सरकार के खिलाफ कांग्रेस की मुहिम पर शरद पवार के इस बयान से सवाल खड़े हो गए हैं । महाराष्ट्र में कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना साथ-साथ है । शिवसेना सावरकर पर राहुल गांधी के बयान से नाराज थी, पवार ने सुलह करवाई । लेकिन अब पवार ने ही राहुल गांधी की मुहिम पर सवाल उठा दिए हैं । एनसीपी संसद में अदाणी के खिलाफ विपक्षी मुहिम में शामिल नहीं थीं । अदाणी पिछले साल बारामती में साइंस पार्क के उद्घाटन के लिए आए थे । राहुल गांधी के संबंध भारतीय बिजनेस घरानों के साथ अच्छे नहीं हैं। कमलनाथ, अशोक गहलोत और डी के शिवकुमार को छोड़ दें तो अधिकांश कांग्रेसी आज रेवेन्यू जुटाने के मामले में फिसड्डी हैं। इसलिए राहुल गांधी को विदेशों से फंड जुटाना पड़ रहा है। वैसे देश के पूंजीपतियों को राजनैतिक कारणों से आरोपित करनाऔर वह भी विदेशी एजेंसियों के आरोप पर एक शर्मनाम कृत्य है। कांग्रेस की हालत लगातार खराब होती जा रही है। विगत दस वर्षो में विखरता जा रहा है। भारत जोड़ों यात्रा से जो एक ऊर्जा कांग्रेस को मिली थी वह ब्रिटेन में राहुल की नासमझी से असर खो चुकी है। पूंजीपतियों को सीमा से अधिक बदनाम करना राष्ट्रहित में नहीं है। निजीकरण की जिस व्यवस्था से हम दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था बने है उसे कोसना कांग्रेस की दुर्भाग्यपूर्ण नीति है जिससे पवार अलग हो रहें हैं।

# मेडिकल एजुकेशन

देश में मेडिकल सीटों की कमी और निजी संस्थानों में शिक्षा की भारी लागत। देश में निजी चिकित्सा शिक्षण संस्थान एमबीबीएस के पाठ्यक्रम के लिए एक करोड़ रुपये तक शुल्क लेते हैं जबकि सरकारी संस्थानों में 10 लाख रुपये में यह पढ़ाई हो जाती है। रूस और यूक्रेन या बांग्लादेश में भी यह पढ़ाई भारत की तुलना में एक तिहाई खर्च में हो जाती है। इस लागत पर तो चिकित्सक के बजाय लालची और स्वार्थलोलुप व्यक्ति तैयार होंगे। सामान्य गणित आपको बता देगी कि अगर आप चिकित्सा शिक्षा में एक करोड़ रुपये न खर्च करें तो भी न्यूनतम सावधि जमा दर पर भी आप अपने बाकी पूरे जीवन के दौरान 50,000 रुपये प्रति माह कमा सकते हैं। बचा हुआ पैसा दूसरा कोई कौशल सीखने में लगाया जा सकता है जिसके सहारे आप अच्छा जीवन बिता सकते हैं। लब्बोलुआब यह कि भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र गंभीर संकट की दिशा में बढ़ रहा है, जन स्वास्थ्य की बात तो छोड़ ही दें। कई भारतीय अपना इलाज खुद इसलिए भी करते हैं कि ज्यादा लोग अस्पताल और चिकित्सक का खर्च नहीं उठा सकते। यही वजह है कि चिकित्सा की विभिन्न धाराओं के बीच विवाद देखने को मिलते हैं। गत वर्ष भारतीय चिकित्सा महासंघ और बाबा रामदेव एलोपैथी और आयुर्वेद को लेकर मौखिक विवाद में उलझ गए थे। वे बाजार हिस्सेदारी के लिए लड़ रहे हैं। कहना न होगा कि महंगी चिकित्सा शिक्षा से बने कई चिकित्सक अपना वचन निभाने के बजाय निवेश पर प्रतिफल वापस पाने के लिए प्रयास करेंगे। अब तकनीक के विकास और कानून के दायरे में आने के बाद आमलोगों का विश्वास चिकित्सकों पर कम भी हो रहा है और चिकित्सा खर्च के बढ़ने से आम आदमी त्रस्त भी है।


# भगवान कौन?

विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**दुखमय** स्थिति से उबरने के लिये पुनः ईश्वरीय ज्ञान की अवस्था में जाने के अलावो कोई दूसरा रास्ता नहीं है। यही रास्ता भक्ति है जो ईश्वरीय तत्व को सतत ह्दय में प्रकाशित करती रखती है। यही वह अवस्था है जो देश को रामायण यानी राम का घर बना देता है। बंदउ मुनि पद कंज रामायण जे निरमयउ। सखर सुकोमल मंजु दोष रहित दूषण सहित।। भक्ति सर्वोपरि है। भक्ति में ही ज्ञान सतत स्थित है एवं ज्ञान भक्ति से युक्त व्यक्ति विशेष को ही भगवान कहते हैं। समस्त अध्यात्म का मूल यह भक्ति ही है। भगती भगत भगवंत गुरु चतुर्नाम वपु एक। तिनके पद वदंन करूं नाशत विध्न अनेक।। भक्ति यीन भगवान के प्रीति, अनुरक्ति यह भगवान के साकार रूप के विबना संभव नहीं है एवं भगवान की पहचान बिना ज्ञान के संभव नहीं है। गुरु की कृपा से ज्ञान और भक्ति की उपलब्धि होती है। समस्त जगत जिस परमात्मा से आच्छादित है उस परमात्मा का पूर्ण प्रकाशित स्वरूप गुरु ही है। बूंद समाने समुद में यह जाने सब कोई। समुद समाने बूंद में बिरला जाने कोई।। अखंड मंडलाकारं व्याप्त येन चराचरम। तत्पद दर्शिताम येन तस्मै श्री गुरुवे नमः।। गुरु ही अखिल ब्राह्माण्ड का केन्द्र है, भक्ति-मुक्तिदाता है। अतः दुख, अशांति एवं अभाव से निवृति के लिये एक मात्र गुरुभक्ति ही आधार है। जो गुरु में निष्ठा निश्छलता समर्पण एवं आस्था विश्वास यानी प्रेम में उपलब्ध होती है। राजपुर के स्वामी जी अध्यात्म जगत का सारतत्व को प्रकाशित करते हुए यह भक्ति रामायण के माध्यम से सार तत्व को जाना। अध्यात्म जगत के समस्त सिद्धांतो की सप्रसंग व्याख्या की गयी। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

# स्वामी अद्वैतानंद जी महाराजः अद्वितीय संत, तत्वज्ञानी



**श्री स्वामी** अद्वैतानन्द जी (श्री राम याद पुरी) जी अपनी करुणा दया एवं उदारता के गुणों के कारण श्री परमहंस दयाल जी के नाम से जाने जाते हैं। छपरा में संकल्पित होकर उनका आध्यात्मिक अनुष्ठान बक्सर से प्रारम्भ हुआ और उसकी पूणार्हुति हुई रोहतास में। उस परम पुरुष ने सभी धर्मों को अपने में समाहितकर, सभी सम्प्रदायों को पचाकर, अनेक साधना-पद्धतियों के गूढ़ रहस्य को समझकर, वेदान्त दर्शन की भूमिका में स्थित होकर यह उद्घोष किया-

हमको द्वैत दृष्टि नहिं भाती।

जहं देखो तहँ वही आतमा पिता पुत्र औ नाती। ब्राह्मण वैश्य शूद सब एही, नाममात्र बिलगाती ।। यही देवता, यही देवालय, पुष्प धूप अरु वाती। पूजनवाली यही आत्मा, यह ही आप पूजाती।

ब्रम्ह्म विद्यालय आश्रम के वर्तमान स्वामी जी सत्यानंदजी परमहंस कहते हैं। इन पंक्तियों से बेहतर भक्ति की कोई दूसरी परिभाषा या व्याख्या नहीं हो सकती है। परमहंस दयाल श्री स्वामी अद्वैतानन्द जी महाराज भारत के सच्चे सपूत निकले, जिनकी बादशाही के समक्ष दूसरी कोई बादशाही रह नहीं गई। समस्त संसार के उत्तम चरित्र और साधना-तपस्या के लक्ष्य उनमें समाहित हो गए। न शिष्य न समाधि और न मठ बनवाने का कोई ख्याल रहा। बस, एक परमात्मा का नाम लेना और सन्मार्ग का उपदेश करना सिर्फ उद्देश्य रह गया।


किसी किस्म की यादगार कायम करना राजा-महाराजा और बादशाहों का काम है। जब अवधूत हो गए तो आत्मकथा वगैरह से क्या ताल्लुक! और बातें पसन्द नहीं। इसी वजह से आजतक हमने किसी को अपना नाम तक नहीं बताया।

**श्री परमहंस दयाल जी का जन्म**

स्वामी अद्वैतानन्द जी महाराज के, जिनका जन्म बिहार प्रांत के छपरा नगरस्थित दहियावाँ (ब्राह्मण टोली) में चैत्र श्री रामनवमी, सन 1846 ई० को हुआ था।

भगवान श्रीराम के अवतार दिन को जन्म लेने के कारण आपका नाम भी रामयाद रखा गया। धन्य हुई छपरा की पावन भूमि और पंडित श्री ख्यालीराम जी पाठक का कुल।

श्री पाठक जी छपरा के सर्वमान्य प्रतिष्ठित ब्राह्मण थे। उनका पेशा पुरोहिताई था। आस-पास के अनेक सम्भ्रांत परिवार उनके शिष्य थे। उनके पुत्र श्री तुलसीराम जी पाठक भी संस्कृतज्ञ थे जिन्हें श्री परमहंस दयाल जी के पिताहोने का गौरव प्राप्त हुआ। माता जी भी आदर्श पतिव्रता नारी थीं। वे श्री पाठक जी की बड़ी आज्ञाकारी थीं।



\- **मुरलीधर**

> श्री रामयाद के पिताजी को ब्रह्मविद्या का उपदेश केदारघाट काशीवाले श्री परमहंस जी से हुआ था। कभी-कभी परमहंस जी लाला साहब के घर भी आया जाया करते थे। आपको भी सर्वप्रथम उन्हीं से ब्रह्मविद्या का उपदेश प्राप्त हुआ था। लाला साहब के देहावसान के पश्चात बालक रामयाद ने अपने गुरु श्री परमहंस जी से संन्यास ग्रहण करने की इच्छा व्यक्त की।

श्री पाठक जी को ब्रह्मविद्या की प्राप्ति केदारघाटकाशी के एक महापुरुष श्री परमहंस जी द्वारा हुई थी। आप केवल गिने-चुने शिष्यों को ही इस अंदरूनी मार्ग का उपदेश दिया करते थे।

आठ-नौ महीने की आयु में ही माता की छत्रछाया रामयाद के सिर से उठ गई।फलस्वरूप पिता के सामने नन्हें शिशु के पालन-पोषण को समस्या खड़ी हो गई। लाला नरहर प्रसाद श्रीवास्तव पाठक जी के यजमान थे। दोनों स्त्री पुरुष बड़े भगवद्भक्त, साधुसेवी और श्री पाठक जी के अनन्य विश्वास पात्र थे। इसलिए श्री तुलसीराम जी ने उन दोनों के संरक्षण में बालक रामयाद को सौंप दिया। लाला जी और उनकी धर्मपत्नी ने अपने सगे पुत्र से भी अधिक वात्सल्य के साथ उनका पालन-पोषण किया। यहाँ तक कि लाला जी ने एक बांदी (नौकरानी) श्रीमती मिरिचया और उसके लड़के दिलसिंगार को आपकी देख-रेख के लिए नियुक्त कर दिया। बालक की शिक्षा चार वर्ष की अवस्था में प्रारम्भ हुई। पाठक परिवार के सत्संगी और साथी लाला देवी प्रसाद जी ने उन्हें अरबी और फारसी की शिक्षा दी। उस समय हिन्दी-संस्कृत से अधिक अरबी-फारसी का ही प्रचलन था।

लाला नरहर प्रसाद एक सम्मानित मुख्तार एवं सत्संगप्रेमी सज्जन थे। अतः अनुकूल वातावरण में बालक रामयाद की सामाजिक शिक्षा भी होती रही। सत्संग का प्रभाव उनके ऊपर बचपन से ही पड़ता रहा। पाँच वर्ष की अल्प अवस्था में ही पिता श्री तुलसीराम पाठक भी परलोकवासी हो गए। अब लाला नरहर प्रसाद ही उनके सबकुछ थे। नौ वर्ष की अवस्था में उनके एक सम्बन्धी श्री भैरो शुक्ल ने रामयाद का यज्ञोपवीत कराया। शुक्ल जी रामयाद को रामनारायण भी कहकर पुकारते थे। चौदह वर्ष की अवस्था में आपके पोषक पिता लाला नरहर प्रसाद का भी स्वर्गवास हो गया। उनकी मृत्यु का आपके दिल पर गहरा असर हुआ। अब संसार में लाला साहब की धर्मपत्नी से ही एकमेव नाता रह गया। लाला साहब के यहाँ प्रायः सत्संग होता था। एक बार उन्होंने सुन लिया कि योगीजन मुख में गुटका रखकर आकाश में भी उड़ सकते हैं। उस समय उनकी अवस्था आठ-नौ वर्ष की रही होगी।

वे पालथी लगाकर ध्यानस्थ हो गए और प्राणों को रोककर मन में उड़ने का संकल्प करने लगे, फलस्वरूप उनका आसन जमीन से दोमंजिले मकान की ऊँचाई तक उठकर स्थिर हो गया। श्री रामयाद के पिताजी को ब्रह्मविद्या का उपदेश केदारघाट काशीवाले श्री परमहंस जी से हुआ था। कभी-कभी परमहंस जी लाला साहब के घर भी आया जाया करते थे। आपको भी सर्वप्रथम उन्हीं से ब्रह्मविद्या का उपदेश प्राप्त हुआ था। लाला साहब के देहावसान के पश्चात बालक रामयाद ने अपने गुरु श्री परमहंस जी से संन्यास ग्रहण करने की इच्छा व्यक्त की। पाठक जी तथा लाला साहब दोनों परिवारों के आप ही एक मात्र उत्तराधिकारी थे। इतना ही नहीं, लाला साहब की पत्नी को बुढ़ापे में केवल आपही का सहारा था। श्री परमहंस जी (केदारघाटवाले) ने गृहस्थाश्रम में रहने के लिए आपको बहुत समझाया। बहुत देर से गुरु और शिष्य अपने-अपने ढंग से क्रमशः गृहस्थाश्रम और संन्यास की श्रेष्ठता स्थापित करते रहे। श्री परमहंस जी ने आपकी संन्यास की प्रवृत्ति देखकर कहा- हमने दिल मूड़कर साफ कर दिया है। आन्तरिक साधना घर में ही रहकर करते रहो। माता के शरीर के उपरान्त माथा हजाम से मुड़वाकर साधु हो जाना। श्री परमहंस जी आपको बड़े प्यार से हापू बाबा कहकर पुकारते थे। छपरा से चलकर वे टेरी वर्तमान में पाकिस्तान का कस्बा है वहां पहुंचे। उन्होंने ब्रम्ह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना की जिसका मूल स्वरुप आज भी बक्सर के छोटका राजपुर स्थित आश्रम से वर्तमान स्वामी सत्यानंदजी परमहंस के मार्गदर्शन में चल रहा है।

खास बात

## प्रसन्नता हमारा राष्ट्रीय भाव

**हृदयनारायण दीक्षित**

**संयुक्त** राष्ट्र टिकाऊ विकास समाधान नेटवर्क की हाल में जारी विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट की खासी चर्चा है। प्रसन्नता रिपोर्ट हर साल 20 मार्च के आसपास जारी की जाती है। वर्ष 2023 की रिपोर्ट में 136 देशों को शामिल किया गया है। प्रसन्नता को मापने के लिए छह प्रमुख आधार बताए गए हैं। पहला सामाजिक सहयोग है। आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति भी आधार हैं। ताजा रिपोर्ट में फिनलैंड प्रथम है। डेनमार्क दूसरा है। तीसरा आइसलैंड है। रिपोर्ट में अफगानिस्तान को सबसे बुरा प्रदर्शनकर्ता बताया गया है। 136 देशों की सूची में भारत को 125वां स्थान दिया गया है। वर्ष 2022 में 146 देशों में भारत 136वें स्थान पर था। रिपोर्ट की मानें तो भारत नेपाल, चीन, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पडोसी देशों से भी पीछे है।

राष्ट्रीय प्रसन्नता सूचकांक की धारणा 1972 में भूटान से प्रारम्भ हुई थी। वैश्विक प्रसन्नता के यह आंकड़े भारतीय परिस्थितियों में उचित नहीं जान पड़ते। भारत सभी क्षेत्रों में प्रतिष्ठित है। प्रसन्नता एक भाव है। निस्संदेह आय आदि उपलब्धियां प्रसन्न होने का अवसर देती हैं। लेकिन सामान्य जरूरतों के आधार पर पूरे देश को प्रसन्न या अप्रसन्न नहीं कहा जा सकता। प्रसन्नता वस्तुतः आंतरिक सुखानुभूति है। यह कार-बंगला जैसी उपलब्धि नहीं है। प्रसन्नता अस्तित्व की प्रीति का परिणाम होती है। ऋग्वेद में सोम देवता से की गई एक स्तुति में ह्यमुद मोद प्रमोदह्य एक साथ मांगे गए हैं। ऋषि कहते हैं कि, ह्यह्यउन्हें ऐसे क्षेत्र में रहने का अवसर दें जहाँ मुद मोद प्रमोद एक साथ हों।ह्यह्य इसी स्तुति में वे जल भरी नदियों की भी प्रार्थना करते हैं और सुन्दर राजव्यवस्था की भी। फिर अन्न और दूध की भी स्तुति करते हैं। वे सारी दुनिया की प्रसन्नता चाहते हैं। आवश्यक वस्तुओं का अभाव दुखी करता है। वैसे अभाव भी भाव है। प्रत्यक्ष जगत में अभाव कोई वस्तु या पदार्थ नहीं है। किसी वस्तु या पदार्थ का न होना अभाव कहा जाता है। वैशेषिक दर्शन में अभाव को भी एक पदार्थ माना गया है।

अब जाऊँगा जरूर
मैं कश्मीर।
और माँ को लेके जाऊँगा।
माँ बार बार बोलती है -
क्या अब हम कश्मीर जा सकते हैं?
**-अनुपम खेर**

आपके ट्वीट

लॉकअप में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का चीरहरण या तो सरकार की गोद में बैठकर उनके गुणगान गाओ, या जेल के चक्कर काटो। नये भारत की सरकार, सच से डरती है।

**-राहुल गांधी, सांसद**





**आत्मनिर्भरता** की पहली शर्त है- अपने देश की चीजों पर गर्व होना।

जब प्रत्येक देशवासी इससे जुड़ता है, तो आत्मनिर्भर भारत सिर्फ एक आर्थिक अभियान न रहकर एक राष्ट्रय उदेश्य बन जाता है।

**- नरेन्द्र मोदी**

# कारोबार बनती शिक्षा और परेशान अभिभावक



**सुधांशु कुमार**

**ऐसे** वक्त में जब कोरोना संकट के चलते देश की अस्सी फीसदी आबादी की आय में कमी आई है स्कूलों में बेलगाम बढ़ती फीस टीस ही देती है। फिर इस बढ़ी फीस का कोई तार्किक व न्यायसंगत आधार नजर नहीं आता। इसी कड़ी में पंजाब में शिक्षा का कारोबार कर रहे स्कूलों में जहां फीस वृद्धि पर रोक लगायी गई है, वहीं वर्दी व किताबों की खरीद के विकल्प अभिभावकों को दिये गये हैं। दरअसल, भारतीय समाज में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की जो होड़ पैदा हुई है, उसका दोहन मुश्किल में अवसर तलाशने वाले चतुर लोगों ने तलाश लिया है। वे न केवल मनमाने तरीके से फीस वसूलते हैं बल्कि किताबें व ड्रेस आदि भी तय की गई दुकानों से खरीदने को बाध्य करते हैं। जाहिरा तौर पर स्कूल संचालकों के हित इन दुकानों से जुड़े रहते हैं। बहरहाल, भले की पंजाब की आप सरकार के मुखिया ने प्रतीकों के जरिये लोगों को लुभाने की राजनीति के तहत ही मनमानी कर रहे स्कूल संचालकों पर नकेल कसी हो, लेकिन इस कदम का स्वागत किया जाना चाहिए। दरअसल, कोरोना संकट से हुई आर्थिक क्षति के बाद जैसे-तैसे लोगों का घरेलू बजट पटरी पर लौट रहा है। लेकिन लोगों की घटी आय सामान्य अवस्था में नहीं लौटी है। निस्संदेह, फीस में वृद्धि शिक्षण संस्थाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिये होती है, लेकिन इस वृद्धि का आधार न्यायसंगत होना चाहिए।

शिक्षा

इसे मनमाने तरीके से बढ़ाने का अधिकार स्कूल संचालकों को नहीं दिया जा सकता। सरकार को शिक्षा शास्त्रियों से विमर्श करके फीस वृद्धि का फामूर्ला तलाशना चाहिए, जिससे स्कूलों का उद्देश्य भी पूरा हो जाये और अभिभावकों को भी बढ़ी फीस न चुभे। लेकिन इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि स्कूल प्रबंधक अपने शिक्षकों व कर्मचारियों को मानकों के अनुरूप वेतन दे रहे हैं कि नहीं।

कई राज्य सरकारों ने शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों की समाज के प्रति जिम्मेदारी तय करने के मकसद से गरीब बच्चों को पब्लिक स्कूलों में पढ़ने का मौका दिया गया था। अब इस व्यवस्था को लेकर नियमों में बदलाव किया है। वैसे तो नामी-गिरामी पब्लिक स्कूलों में गरीब बच्चों की पढ़ाई को लेकर तमाम तरह के सवाल उठाये जाते रहे हैं। बड़े स्कूलों के नीति-नियंता गरीब बच्चों के दाखिले को लेकर नाक-भौं सिकोड़ते रहे हैं। वैसे इस बाबत एक तार्किक सवाल यह भी उठता रहा है कि गरीब परिवारों के बच्चे धनाढ्य लोगों के बच्चों के साथ सामंजस्य बना पाएंगे? क्या उन्हें गरीबों के कोटे से भर्ती करने के चलते हेय दृष्टि से नहीं देखा जाता होगा? क्या उनका जीवन स्तर संपन्न परिवारों के बच्चों से मुकाबले का अवसर दे पायेगा? बहरहाल, एक सत्य यह भी है प्रतिभाएं अभावों में ही पलती हैं और जीवटता के चलते अपना ऊंचा मुकाम हासिल करती हैं बशर्ते उन्हें न्यायसंगत अवसर मिल सकें। बहरहाल, हरियाणा सरकार की नई पहल के चलते अब शिक्षा के अधिकार यानी आरटीई के नियम-134-ए को खत्म किया गया है। इस नियम के तहत गरीब बच्चों को निजी स्कूलों की किसी भी कक्षा में दाखिला मिल सकता था। अब इन बच्चों को निजी स्कूलों में केवल नर्सरी व पहली कक्षा में ही दाखिला मिल सकेगा। अब सरकार निजी स्कूलों में पहली कक्षा में गरीब परिवार के बच्चे को एडमिशन देने पर पच्चीस हजार रुपये सालाना की क्षतिपूर्ति करेगी। साथ ही एक किलोमीटर के दायरे में सरकारी स्कूल न होने या सीटें फुल हो जाने की स्थिति में ही गरीब परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला मिलेगा।

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## मुद्रास्फीति का बढ़ना

**तीन** साल से मुद्रास्फीति लगातार बढ़ रहा है। हिसाब से प्राथमिकता में बदलाव किया गया है।' रूस-यूक्रेन युद्ध से अर्थव्यवस्था पर वाले असर के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ने वृद्धि के अनुमान को घटा दिया और मुद्रास्फीति के अनुमान में इजाफा किया है। वित्त वर्ष 2023 के लिए सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि का अनुमान 7.2 फीसदी किया गया है।

**-प्रियरजंन सिंह, खूंटी**

## जाग्रत विपक्ष

**देश** के लोकतंत्र को जरूरत है एक मजबूत और जाग्रत विपक्ष की। मौजूदा समय में सरकार के खिलाफ विरोध करने वाले की आवाज को अक्सर दबा दिया जाता है, मगर वही बात विपक्ष दल करे तो उसका गहरा प्रभाव पड़ता है। देश को आवश्यकता है सशक्त विपक्ष की जो आम जनता के सही विषयों पर चर्चा करे। इसके लिए जानकार लोगों की जरुरत है।

**- आकाश सिन्हा, रांची**

# बात मदर इंडिया की मां जद्दनबाई की

वॉलीवुड

**अजय शर्मा**

**मदर इंडिया** की कालजयी छवि प्राप्त नर्गिस को इस मुकाम पर पहुंचाने में केवल एक ही हाथ था और वह था उनकी मां जद्दनबाई का। पुरुष प्रधान समाज में उन्होंने मेहनत कर अपने बल पर अपनी बेटी को इस मुकाम तक पहुंचाया। इलाहाबाद में 1892 में पैदा हुई जद्दनबाई हिंदू मां दिलीपा और मुस्लिम पिता मियांजान की संतान थीं। उन्होंने अपने हुनर को इतना निखारा कि वह उस समय की महफिलों की शान बन गईं। यह राजा-रजवाड़ों का दौर था जहां मनोरंजन के नाम पर संगीत और नाच की महफिलें लगा करती थीं और उसमें अमीर राजा, व्यापारी भरपूर पैसे लुटाया करते थे।

जद्दनबाई एक दबंग और खुद्दार औरत थीं और सुरीली आवाज की मालकिन थीं। उन्हें कुछ खास महफिल में गाने के निमंत्रण मिलते थे और उनकी मशहूरी दूर-दूर तक फैल गई थी। खूबसूरत चेहरे और लंबे घने काले केशों वाली जद्दनबाई बहुत दिलकश थीं। गोरा रंग उन्होंने अपनी वालिदा से विरासत में पाया था। अपने को हुनरमंद बनाने के लिए जद्दनबाई ने ठुमरी, दादरा, गजलें और यहां तक कि पंजाबी लोकगीत सीखना भी शुरू कर दिया था।

जद्दनबाई ने बनारसी ठुमरी के स्तंभ उस्ताद मोएज्जुद्दीन खान से संगीत की शिक्षा पाई । वह एक लाजवाब और कायदे कानून वाले उस्ताद थे क्योंकि उनकी देखरेख में जद्दनबाई चोटी की गायिका बनकर उभरीं । उनकी आवाज परिपक्व, गहरी और सुरों पर उनकी पकड़ अदभुत थी, चाहे ब्रजभाषा का गीत गाती हों या गालिब की गजल । उनकी आवाज बेगम अख्तर के लिए प्रेरणा थी। जद्दनबाई ने अपना पहला प्रोग्राम बनारस में ही किया था और उनके सबसे पहले प्रशंसक थे बनारस के रईस नरोत्तमदास खत्री जो बच्चू भाई के नाम से जाने जाते थे।

इस शादी से उनका पहला बेटा अख्तर हुसैन पैदा हुआ। उनकी दूसरी शादी थी मास्टर इरशाद हुसैन जो मीर खान के नाम से भी जाने जाते थे और जद्दनबाई के लिए हारमोनियम बजाते थे। इनसे उनकी संतान पैदा हुई अनवर हुसैन और फिर दोनों जुदा हो गए। इसके बाद जद्दनबाई लखनऊ चली गई और फिर वहां से कलकत्ता । लखनऊ आना उनकी जिंदगी में एक नया मोड़ साबित हुआ। यहां उनकी मुलाकात रावलपिंडी से आए और डॉक्टरी पढ़ने के लिए विदेश जाने वाले युवा से हुई जिन्होंने उनसे शादी का प्रस्ताव रखा। इस बीच जद्दनबाई कलकत्ता चली आईं।

यहां कुछ समय बाद फिर वह युवा पहुंचा उसका नाम था उत्तमचंद मोहन या मोहन बाबू। प्यार में अपना नाम बदलकर अब्दुल रशीद बन गया और 1928 में दोनों ने निकाह कर लिया । उनके धर्म परिवर्तन की रस्म मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ने संपन्न कराई थी। तब जद्दनबाई 32 साल की थीं और मोहन बाबू उनसे 4 साल छोटे थे। 01 जून 1929 को कलकत्ता में जद्दनबाई ने एक बेटी को जन्म दिया, जिसके बचपन का नाम था बेबी रानी। वैसे हिंदू और मुस्लिम रिवाजों के अनुसार उसके दो अन्य औपचारिक नाम भी रखे गए तेजेश्वरी और फातिमा। यही बालिका आगे चलकर हिंदी सिनेमा की प्रसिद्ध तारिका नर्गिस बनीं।

पहले इस परिवार ने किसी इज्जतदार धंधे में पैर जमाने की कोशिश की लेकिन विफल होने पर जद्दनबाई को अपने नाच गाने के हुनर पर ही विश्वास करके काम करना पड़ा ।

इस बीच हुआ यह कि मूक फिल्में बनना शुरू हो गई थीं और ज्यादातर फिल्मों में तवायफों को ही काम मिल रहे थे ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बिशुनपुर में सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहन को अज्ञात उग्रवादियों ने किया आग के हवाले

## गुमला पुलिस इनकी धरपकड़ को लेकर चला रही सर्च अभियान

### लेवी की मांग को लेकर घटना को अंजाम देने की आशंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के टेमर करचा गांव में सड़क निर्माण कार्य में लगे रोड रोलर वाहन को अज्ञात उग्रवादियों के द्वारा जला दिये जाने का मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के टेमर करचा गांव में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सोमवार को अज्ञात अपराधियों के द्वारा सड़क निर्माण में लगे एक रोड रोलर को फूंक दिया है।

उसके पूर्व अपराधियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को डरा धमका कर खदेड़ दिया और घटना को अंजाम दिया। सूत्रों की माने तो यह घटना लेवी की मांग को लेकर दिया गया है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद बिशुनपुर पुलिस सीआरपीएफ के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर अज्ञात उग्रवादियों के खिलाफ क्षेत्र में छापामारी अभियान चला रहे है। वही समाचार लिखे जाने तक किसी भी नक्सली संगठन ने घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है।ना ही किसी अधिकारी ने इस घटना की पुष्टि की है।



उग्रवादियों द्वारा फूंका गया रोलर।

## एक नजर में

### कोविड को लेकर जिला प्रशासन ने किया मॉक ड्रिल

**लोहरदगा।** कोविड-19 की संभावित लहर से उत्पन्न स्थिति से निबटने हेतु सदर अस्पताल में आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में उपायुक्त द्वारा सदर अस्पताल में अधिष्ठापित पीएसए प्लांट के संचालन की स्थिति, ऑक्सीजन सिलिंडर की उपलब्धता, वेंटिलेटर, नवजात बच्चों के लिए निर्मित एसएनसीयू वार्ड, कोविड वार्ड, जेनरल वार्ड आदि का निरीक्षण किया और तैयारियों हेतु आवश्यक निर्देश सिविल सर्जन को दिये गये। इस मौके पर पर उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोत्तरी देखी गई है। इसके लिए जिला प्रशासन लोहरदगा जिला में तैयारियों को लेकर सतर्क है। जांच के उपकरण उपलब्ध हैं। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, अस्पताल प्रबंधक सुभाषिनी तिर्की, महामारी पदाधिकारी प्रशांत चौहान सहित लोग उपस्थित थे।

### आम बागवानी को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**सेन्हा/लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मनरेगा योजना अन्तर्गत आम बागवानी को लेकर बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को निर्देश देते हुए कहा गया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में अन्दर सरकार द्वारा संचालित विकास योजना मनरेगा के तहत बिरसा हरित योजना के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र में लगभग दो सौ एकड़ जमीन में बिरसा हरित ग्राम योजना द्वारा आम बागवानी करने का लक्ष्य प्राप्त है। जिसे पूर्ण करने के लिये दो दिन के अन्दर कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश देते हुए कहा गया कि आगामी 13 अप्रैल को उप विकास आयुक्त के साथ बैठक से पूर्व सभी को आम भगवानी से सम्बंधित प्रतिवेदन देने का भी निर्देश दिया गया। वही झालजमीरा, बुटी,अरु,बदला, सेरेंगहातु पंचायत में अधिक से अधिक मजदूरों को मनरेगा में कार्य देने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर मनरेगा बीपीओ निलेन्द्र कुमार के अलावे पंचायत सचिव आनन्द सिंह,भैया भगत,रिजवान अख्तर,ओमप्रकाश साहु,रोजगार सेवक शिवदयाल उराँव,रेखा कुमारी,लक्ष्मनदेव उराँव, योगेन्द्र ठाकुर सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### समकालीन अभियान के तहत दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

भंडरा । भंडरा थाना पुलिस ने सोमवार को लंबे दिनों से फरार दो वारंटी को समकालीन अभियान के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि भंडरा थाना क्षेत्र के झारो चट्टी गांव निवासी शिवनारायण साहू के पुत्र पंकज साहू (26 वर्ष) व कुंदो गांव निवासी महेश बैठा के पुत्र बाबूनंदन बैठा को घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पंकज साहू के विरुद्ध भंडरा थाना में मारपीट करने तथा बाबुनंदन बैठा के विरुद्ध चेक बाउंस का मामला दर्ज था। इसके बाद दोनों वारंटी पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे थे।

### भंडरा में साइबर चोरों ने आंख में धूल झोंक कर ग्रामीण के एटीएम कार्ड से उड़ाये पचास हजार

**भंडरा ।** साईबर चोर द्वारा भंडरा मुख्य पथ स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से घटना को अंजाम दिया गया।साईबर चोरों द्वारा ग्रामीणों के एटीएम कार्ड बदल कर खाते से पैसे उड़ाने की इस तरह की घटना को पहले भी अंजाम दिया गया है। पीड़ित ग्रामीण मुकुंदा गांव निवासी सुनील उरांव ने बताया एटीएम में पैसे निकासी के लिए गया था अपना कार्ड जैसे ही डाला उसी दरमियान एक पल्सर बाइक मे जींस और टोपी पहने युवक अंदर आया और अपना एटीएम पिन चेंज करने की बात कहने लगा इसी दरमियान बातों में उलझा कर अपना एटीएम कार्ड निकाला और मेरा मशीन में लगे एटीएम कार्ड को बदल दिया और एटीएम कार्ड लेकर चला गया थोड़ी देर बाद मोबाइल में जब ?49500 निकासी का मैसेज आया तो घबरा गया और तुरंत बैंक जाकर पूछताछ की तो पता चला मेरा एटीएम कार्ड से रिलायंस कंपनी में सारा पैसा ट्रांसफर किया गया है।इधर ठगी के शिकार हो चुके पीड़ित ने मामले को लेकर भंडरा थाने में आवेदन देने की बात कही है।

### एससीए योजना को लेकर डीसी ने की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एससीए की बैठक हुई। बैठक में आकांक्षी जिला के रूप में लोहरदगा जिला को प्राप्त अवार्ड मनी से कुडू प्रखंड में मिल्क एंड डेयरी प्रोडक्शन यूनिट के अधिष्टपन के प्रगति की समीक्षा की गई जिसमें कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। झारखंड टूल रूम में सीएनसी ऑपरेटर और वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर कोर्स में अगले बैच के लिए युवक-युवतियों से आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने का निदेश दिया गया।आईएचएम, ब्राम्बे, रांची के द्वारा तीन प्रस्तावित कोर्स के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त एस सी ए अंतर्गत ली गयी योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, सहायक जिला योजना पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन के फेलो उपस्थित थे।

### प्रेमी की पिटायी से गर्भ में हुई नवजात की हुई मौत पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गुमला।** शहरी क्षेत्र की एक नाबालिक लड़की को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर बुरी तरह पीटने के आरोपी ओम प्रकाश सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार प्रेमी 7 माह तक प्रेमिका को अपने साथ रखा। प्रेमिका के द्वारा जब जानकारी दी गई कि वह गर्भवती है। इस पर प्रेमी ने बुरी तरह प्रेमिका को पीटा। जिससे गर्भ में ही नवजात की मौत हो गई। आरोपी ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बावजूद पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर पूरे घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन पीड़िता को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की सूचना पर पुलिस की टीम अस्पताल पहुंचे और पूछताछ की। इस पर पीड़िता ने बताया कि उसके पेट में 5 माह का गर्भ था। लेकिन प्रेमी की पिटाई से उसकी मौत हो गई। इसके बाद डीएसपी रोड स्थित एक खेत में नवजात के शव को दफन कर दिया। इसकी सूचना पर मजिस्ट्रेट अंचलाधिकारी के के मुंडो, एसआई खुशबू वर्मा की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला गया। प्रेमिका की उम्र महज 15 साल की है।

### विश्व होम्योपैथ दिवस पर मनाया गया हैनीमैन जयंती



**गुमला।** विश्व होम्योपैथ दिवस के अवसर पर सोमवार को आयुष भवन गुमला में हैनीमैन जयंती मनायी गई। जिला आयुष कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के अलावा संघ के कई प्रसिद्ध लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक द्वीप प्रज्वलन के उपरांत डॉ हैनीमैन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्जित कर की गई। तदुपरांत डॉ अनुराधा गुप्ता ने डॉ हैनीमैन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए होम्योपैथ के क्षेत्र में उनके योगदान को रेखांकित किया। जिला आयुष पदाधिकारी डॉ परमहंस ने लोगों के होम्योपैथिक अपनाने की अपील की। कार्यपालक पदाधिकारी सह डीपीआरओ संजय कुमार ने कहा कि होम्योपैथ को अपनाकर लोग अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता दुगना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड काल में लोगों ने होम्योपैथ को अपनाया था। मुफ्त दवाइयां भी बांटी गई थी।

## स्पीड न्यूज

### बचपन स्कूल गुमला के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**गुमला।** गुमला के लोहरदगा रोड स्थित बचपन स्कूल के बच्चों ने सोमवार को शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चे नगर भवन पहुंचे। जहां स्वच्छता कर्मियों को फूल देकर उनके द्वारा किये जा रहे कार्य के लिए उनको धन्यवाद दिया। शहर के टाउन हॉल में नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों से मिलकर उनके द्वारा किये जा रहे सभी कार्यों एवम उससे शहर और समाज को हो रहे अच्छे प्रभावों के बारे में जाना । साथ ही समाज में उनके महत्वपूर्ण भूमिका एवम लाभ को भी समझा। इसके बाद बच्चों ने स्वास्थ्य सेवा के लिए डॉक्टर्स को भी पुष्प गुच्छा देकर उनके योगदान के लिए उनको धन्यवाद दिया ।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों सहित तीन घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के सोसो मोड़ के समीप सोमवार को बाईक सवार युवकों ने रोड में खड़े सोसो महली टोली निवासी 48 वर्षीय भिखराम मिंज को धक्का मार दिया। इस घटना में बाईक सवार टोटो निवासी 26 वर्षीय विष्णु गुप्ता व 28 वर्षीय शिवम सिंह भी घायल हो गये। घायलों को स्थानीय लोगों की म दद से सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि विष्णु गुप्ता व शिवम सिंह किसी काम से गुमला आये थे।

### खस्सी चोरी कर भाग रहे तीन चोर गिरफ्तार, गये जेल

**सिसई।** सिसई पुलिस ने चोरी के बकरी के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार कर सोमवार को गुमला जेल भेज दिया। गिरफ्तार तीनों खस्सी चोर सिसई के बघनी गांव निवासी मुकर्रम अंसारी, रजाबुल अंसारी और शहीद अंसारी है। मिली जानकारी के अनुसार इन तीनों चोरों ने सिसई थाना क्षेत्र के जैरा गांव निवासी बंधना उरांव कि खस्सी घर के बगल में ही खेत पर घास चर रहा था। इसी दौरान चोरी कर ली। गिरफ्तार तीनों चोरों ने मिलकर खस्सी को पकड़ा और ले कर भागने लगे। कुछ ग्रामीणों ने चोरी कर खस्सी को ले जाते देख ग्रामीणों ने दौड़ा कर तीनों चोर को पकड़ कर और सिसई पुलिस को सूचना दिया। सिसई पुलिस ने तीनों चोर को गिरफ्तार कर सोमवार को गुमला जेल भेज दिया।

## कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सदर अस्पताल में किया गया मॉक ड्रिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** राज्य में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए सोमवार को गुमला सदर अस्पताल में कोरोना से निपटने को लेकर चिकित्सकों ने मॉक ड्रिल किया। मॉक ड्रिल में मरीजों को वाहन से लाने और अस्पताल में भर्ती की सारी प्रक्रिया की गई। सिविल सर्जन राजू कच्छप व जन संपर्क पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में मॉक ड्रिल किया गया। मरीज के इलाज के दौरान पीपीई कीट का उपायोग कर चिकित्सक मरीज की जांच की। मरीज के वार्ड में ऑक्सीजन से लेकर सभी सुविधाओं की जांच की गई। कोरोना के बढ़ते प्रभाव को लेकर अस्पताल में अलग व्यस्था की गई है। गंभीर रूप से ग्रस्ति मरीजों का इलाज अस्पताल में ही किया जाएगा। सिविल सर्जन राजू कच्छप ने बताया कि राज्य में कोरोना का प्रभाव बढ़ने लगा है। जिसे देखते हुए सरकार के निर्देश पर व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। ऑक्सीजन से लेकर दवा की व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है। वहीं जांच प्रक्रिया भी तेज की जाएगी। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान सभी प्रकार की सावधानी बरती गई। उन्होंने बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए लोगों से भीड़ भाड़ वाले इलाकों में नहीं जाने, मास्क व सैनिटाईजर का प्रयोग करने की अपील की है। साथ ही हाथों को भी बार-बार धोने की बात कही।

## एसपी से की थाना प्रभारी की शिकायत

### सुरसांग थाने की पुलिस माओवादी समर्थक बताकर कर रही है परेशान, बिरकेरा निवासी सुदामा प्रधान ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



एसपी को ज्ञापन सौंपने पहुंचा सुदामा प्रधान।

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र के बिरकेरा गांव निवासी सुदामा प्रधान ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर सुरसांग थाना प्रभारी पर माओवादी समर्थक बताकर परेशान करने का आरोप लगाया है। सुदामा प्रधान ने कहा है कि सुरसांग थाना के द्वारा माओवादी समर्थक बताकर हर दस से पंद्रह दिनों में हाजिरी देने थाना बुलाया जाता है। इस दौरान थाना आने पर काफी अभद्रता की जाती है। साथ में पत्नी आती है तो उससे भी गलत व्यवहार किया जाता है। सुदामा प्रधान ने कहा कि वह खेती बार कर जीविकोपार्जन करता है। बिरकेरा से थाना की दूरी 14 किलो मीटर है। बार-बार इतना दूर बुलाकर उसे परेशान किया जाता है।

इस दौरान उसका काम काज भी प्रभावित होता है। सुदामा ने कहा कि पूर्व में उसके पिता स्व. मंगरा प्रधान पर लगभग 23 साल पहले माओवादी समर्थक होने का आरोप लगाकर पुलिस ने जेल भेज दिया था। जेल से निकलने के बाद उसकी पिता की मौत हो गई थी। जबकि मेरा पिता विकलांग थे। सुदामा प्रधान ने कहा कि उसका और उसके पिता का माओवादियों से किसी तरह का रिश्ता नहीं है। उसने एसपी से उक्त मामले में न्याय की गुहार लगायी है।

## जलापूर्ति व्यवस्था को दुरूस्त करें अधिकारी : डीसी

### कोविड जांच बढ़ाने एवं व्यवस्था को ठीक रखने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में निर्देश देते डीसी व उपस्थित अधिकारी।

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की मासिक बैठक सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि जिले भर में बन रहे पुस्तकालयों के संचालन हेतु नियमावली ( एस.ओ.पी) बनाया गया है। जिसे जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल स्तर ,प्रखंड स्तर व पंचायत स्तर पर पुस्तकालय संचालन समितियों को गठित किया जाना है । समिति में वही लोग पदेन सम्मिलित होंगे जिन्होंने औपचारिक रूप से सदस्यता ले ली होगी। उपायुक्त द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मियों में पानी की दिक्कत न हो इसके लिए सभी समन्वय स्थापित करते हुए बेहतर टीम भावना से काम करें । साथ ही उन्होंने कहा कि सभी बीडीओ ग्रामवार, टोलावार ऐसी रिपोर्ट तैयार करें कि किस टोला में किस विभाग की पेयजलापूर्ति योजना संचालित है एवं किस विभाग द्वारा निर्माण किया जा रहा है। उपायुक्त ने स्कूलों की चहारदीवारी निर्माण की सतत निगरानी व पर्यवेक्षण का निर्देश दिया।

कोविड 19 को लेकर एहतियाती तौर पर सभी को सजग रहने तथा अपने यहां संसाधनों की समीक्षा करते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कोविड की जांच को बढ़ाने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने देवकमल अस्पताल की मदद से कटे फटे होंठ वालों का इलाज करवाने हेतु इस माह कैंप लगाने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय सभी संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### कैरो में गुरु गोष्ठी का आयोजन

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ अनुग्रह नारायण + 2 उच्च विद्यालय सभागार में सोमवार को गुरु गोष्ठी का आयोजन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयमंगल लोहरा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पिछले बैठक में हुई चर्चा का समीक्षा किया गया। जिसके बाद एसडीएमाइएस, एफएलएन, शिक्षक छात्र की ऑनलाइन उपस्थिति, छात्र संख्या कक्षावार, साइकिल सूची, छात्रवृति सूची आधार संख्या एवं बैंक खाता संख्या सहित कई विंदु पर आवस्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में बीपीओ ओम रंजन, बीआरपी श्रीप्रकाश मिश्रा, असद, सहदेव, श्रवण, देवनंदन, अमरेंद्र, ताज मोहमद, शौकत अली, सुकरा उरांव सहित शिक्षक मौजूद थे।

## आठ लाख के आभूषण चोरी मामले में पुलिस ने किया तीन को गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तार आरोपी के साथ थाना प्रभारी।

**डुमरी।** डुमरी पुलिस ने चोरी के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार तीन अभियुक्तों में दो नाबालिक है। थाना प्रभारी ने बताया कि डुमरी थाना क्षेत्र के अनाबिरा गांव निवासी ज्योति एक्का पिता इमिल एक्का ने अपने घर से आठ लाख रूपये का आभूषण चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी थी। पुलिस ने कांड दर्ज कर अनुसंधान आरंभ किया। अनुसंधान के क्रम में लातेहार के महुडांड पेट्रोप पंप के सामने निवास करने वाले 38 वर्षीय अनिल कुमार पिता स्व. अर्जुन प्रसाद को गिरफ्तार किया। वहीं अनिल की निशानदेही पर चोरी की घटना में शामिल दो नाबालिक युवकों को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं अभियुक्त के घर से एक अंगूठी एवं सोने को गलाने में प्रयोग किया गया बर्तन एवं उससे संबंधित सभी सामान तथा नाबालिकों के घर से दो मोबाइल,एक कैमरा बरामद किया गया है। पुलिस ने नाबालिक अभियुक्तों को बाल संप्रेषण गृह व बालिक अभियुक्त को कारा मंडल गुमला भेज दिया।

## 44 टीबी मरीजों के बीच पोषण खाद्य किट का हुआ वितरण



**घाघरा।** घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को 44 टीवी मरीजों के बीच पोषण खाद्य कीट का वितरण प्रखण्ड प्रमुख सविता देवी ने किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि टीवी बीमारी से लोग डरे नहीं आप समय-समय पर दवा के साथ-साथ पोषण खाद्य पदार्थ खायें। टीवी बीमारी से लड़ना है वह दूर भागेगा। आप खाद्या पदार्थ का उपयोग करें इसे खुद सेवन करें किसी को ना बाटे ताकि इसका लाभ आपको मिल सके। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुसल एक्का, कृष्णा कुमार लोहरा,बबिता देवी, बिनय कुमार सहित कई मरीज उपस्थित थे।

## जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र से बच्चों को रहता है जान का खतरा

**संदीप गुप्ता**



जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र का दृश्य।

**भंडरा ।** प्रखंड के आदिवासी बहुल गड़रपो पंचायत के कई आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों पर खतरा छाया रहता है। दरअसल यहां लगने वाला आंगनवाड़ी केन्द्र जिस भवन में संचालित हो रहा है वह भवन पूरी तरह से जर्जर हो गया है। न सिर्फ दीवारें बल्कि उसकी छत भी बदहाल है। बारिश के इन दिनों में स्थित और भी भयावह हो जाती है बरसात मे बरसने वाला पूरा पानी केन्द्र के अंदर घुस जाता है , जिससे कभी भी यह भवन धराशाई हो सकता है । गड़रपो पंचायत के अमदारी बड़ा टोली,पलमी के आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों पर खतरा छाया रहता है। दरअसल यहां लगने वाला आंगनवाड़ी केन्द्र जिस भवन में संचालित हो रहा है वह भवन पूरी तरह से जर्जर हो गया है। न सिर्फ दीवारें बल्कि उसकी छत भी बदहाल है। बारिश के इन दिनों में बरसने वाला पूरा पानी केन्द्र के अंदर घुस रहा है, जिससे कभी भी यह भवन धराशाई हो सकता है। अमदारी के आगनबाड़ी केंद्र के दिवार व छत पुरी तरह जर्जर हो चुकी है । जबकि पलमी के आगनबाड़ी जर्जर होने के कारण पलमी आगनबाड़ी फिलहाल पुराने टूटे मध्य विद्यालय संचालित हो रहा है । अमदारी व पलमी आगनबाड़ी मे नामांकित बच्चों की संख्या 40 ,40 है । जिसमे पचास प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति होती है । जर्जर भवन से दोनो सेंटरों मे बच्चों को जान का खतरा है ।

### नहीं भेजते बच्चों को

यही कारण है कि अमदारी व पलमी के लोगों ने अपने बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्र में भेजने से मना करना शुरू कर दिया है। इस वजह से यहां काम करने वाली साहायिका और कार्यकर्ता भी परेशान है। अमदारी आंगनवाड़ी की सेविका कतरीना मिंज व पलमी केंद्र की सेविका सुनीता उरांव ने बताया की वर्षो से केंद्र जर्जर है । अभिभावक अपने बच्चों को केंद्र मे भेजने से परहेज कर रहे है । केंद्र संचालन मे काफी परेशानी उठानी पड़ रही है । यहां के लोगों ने मांग की है कि आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित करने के लिए नया भवन का निर्माण कराया जाए ताकि बच्चे उसमें सुरक्षित रह सकें। बताया गया है कि कई जगह नए भवन बनाए गए हैं लेकिन इस केन्द्र के लिए भवन का निर्माण नहीं किया गया है। आंगनवाड़ी केन्द्र के नए भवन का निर्माण कर दिया जाए तो बच्चों पर छाया खतरा डाला जा सकता है। इधर प्रवेक्षिका नीलम मिंज ने बताया की सभी जर्जर आगनबाड़ी केंद्र मे नये भवन बनाने के लिए जिले को सूची भेजी गई है । सभी आगनबाड़ी सेविका को निर्देशित किया गया है की यदि आगनबाड़ी भवन जर्जर हो तो किराये के मकान मे केंद्र का संचालन करे ।

### होम्योपैथ के फाउंडर डॉ सैमुअल हैनीमैन का मनाया गया जन्मदिवस

**घाघरा।** आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर घाघरा में सोमवार को होम्योपैथ के फाउंडर डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन का 268 वां जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयुष चिकित्सक डॉक्टर अनिल कुमार ने होमेयोपैथ के फाउंडर सैमुअल हैनीमैन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उपस्थित मरीजों के बीच मिठाईयां बाटी। मौके पर डॉक्टर अनिल ने कहा कि आज ही के दिन होम्योपैथ के निमार्ता का जन्म हुआ था। ग्रामीणों को डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि होम्योपैथ एक ऐसी चिकित्सा पद्दति है जो पुराने से पुराने बीमारियों को जड़ से मिटाने में कारगर है।

स्पीड न्यूज

### हेरू डैम का गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य शुरू

**चतरा।** मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने सोमवार को चतरा नगरपरिषद क्षेत्र के हेरू डैम पहुंच गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर नगरपरिषद उपाध्यक्ष सुदेश कुमार उर्फ फंटूश, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, समाजसेवी चन्द्रिका यादव, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

### बाजार में बैंक के बाहर से बाइक चोरी

**इटखोरी।** प्रखंड के मुख्य बाजार में स्टेट बैंक के बाहर खड़ी की गई मोटरसाइकिल (जेएच 02 एजी 6843) चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। मोटरसाइकिल के मालिक थाना क्षेत्र अंतर्गत रोमी गांव निवासी अरबिंद कुमार ने बताया कि रविवार को शाम के समय उन्होंने बैंक के बाहर मोटरसाइकिल खड़ा कर खरीदारी के लिए दुकान में गए हुए थे। खरीदारी कर लौटे तो वहां से बाइक गायब था। खूब खोजा लेकिन मोटरसाइकिल नही मिला। जब वहां दुकान में सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया तो अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल की चोरी कर फरार होते दिखे। गौरतलब है कि इटखोरी मुख्य बाजार से पहले भी कई मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी है। लेकिन पुलिस, प्रशासन की तरफ इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

### मधुमक्खी काटने से एक व्यक्ति की मौत

**चतरा।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के इचातु गांव निवासी प्रेम यादव की मधुमक्खी के आक्रमण कर काटने की वजह से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक महुआ बीनने के लिए जंगल गया था। तभी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे मृतक गंभीर रूप से घायल हो गया। महुआ बीनने वालों की मदद से मृतक को प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं होने पर सदर अस्पताल चतरा में ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। कुन्दा पंचायत के मुखिया मनोज साहू व बीडीओ खगेश कुमार ने मृतक के परिजन को सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया है।

### बीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

**गिद्धौर।** प्रखंड अंतर्गत बारीसाखी बेलगाछ मैदान में सोमवार को फाइनल मैच के साथ बीपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन हुआ। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आभा देवी तथा मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती उपस्थित थे। टूनार्मेंट का फाइनल मैच पेक्सा इंडियंस तथा कुरकुटा रॉयल चैलेंजर के बीच खेला गया ।जिसमें पेक्सा इंडियंस ने कुरकुटा रॉयल चलेंजर को 39 रनों से हराया तथा मैन ऑफ द सीरीज के लिए जगदेव दांगी को चुना गया। मैन ऑफ द मैच महेश दांगी बने। मौके पर गणमान्य प्रतिनिधि एवं खिलाड़ियों तथा दर्शक मौजूद थे।

### मंत्री भोक्ता ने स्वास्थ्य व्यवस्था का लिया जायजा

**चतरा।** राज्य के मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सत्यानंद भोक्ता ने सोमवार को जिले के सदर अस्पताल पहुंच स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और चिकित्सकों को साफ सफाई, पेयजल, दवाई और नियमित चिकित्सकों की उपस्थिति आदि को लेकर कई अहम सुझाव व निर्देश दिए। उक्त मौके पर कोरोना महामारी जैसे बीमारी से निपटने हेतु अस्पताल में अधिष्ठापीत पीएसए प्लांट के मॉक ड्रिल में भी शामिल हुए। इसके पश्चात सेंट्रल कॉल फील्ड लिमिटेड टंडवा द्वारा जिला प्रशासन को प्राप्त चार एंबुलेंस को सदर अस्पताल चतरा से मंत्री ने सिमरिया, प्रतापपुर, लावालौंग, कुंदा प्रखंडवासियों के सेवा में 4 अत्याधुनिक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अस्पताल अधीक्षक डॉ श्यामनंदन सिंह, समेत कई संबंधित पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कोरोना की आहट के बीच आवश्यक तैयारियों में जुटा स्वास्थ्य महकमा

### मॉक ड्रिल कर उपायुक्त ने तैयारियों का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** देश और दुनिया में एक बार फिर से कोरोना के आहट ने हर किसी को बैचेन कर दिया है, इन सबके बीच इस महामारी से निपटने के लिए स्वास्थ्य महकमा युद्धस्तर से अपनी तैयारियों को दुरुस्त करने में लगा हुआ है। सोमवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की मौजूद्गी में विभाग द्वारा मक ड्रिल कर आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। मक ड्रिल के दौरान कोविड मरीज को सदर अस्पताल लाने से लेकर तत्काल संक्रमित मरीज के लिए अभ्यास किया गया। इसके लिए पीपीई किट से लैश स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कोरोना संक्रमित मरीज को उसके घर से अस्पताल परिसर स्थित डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेंटर में एम्बुलेंस से लाने और तत्काल उस मरीज के इलाज करने का रिहर्सल किया गया। पत्रकारों से बातचीत के क्रम में उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि देश में एक बार फिर से वैश्विक महामारी कोरोना के बढ़ते संक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार सक्रिय हो गया, मुख्यमंत्री के द्वारा सभी जिलों में मक ड्रिल कर व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। इसी कड़ी में सदर अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मक ड्रिल कर व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि जिले में कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए लगभग सभी तैयारियां दुरुस्त स्थिति में है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सक्षम है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, डीएस ड. मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार आदि मौजूद थे।

## कुएं से युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतगर्त बजरंग नगर स्थित कुएं से एक युवक का शव बरामद किया गया। वहीं शव की पहचान कोलटेक्स निवासी 30 वर्षीय नीरज कुमार राम पिता स्व राजेन्द्र राम के रुप में हुई है। कुएं से शव बरामद्गी की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी, शव को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। मृतक युवक मजदूरी का काम करता था। इस सम्बंध में गृह स्वामी ने बताया कि सोमवार की सुबह वह कुएं से पानी निकालने गया था, कुएं से गंदा पानी निकलते देख वह झांक कर देखा तो कुएं में किसी के गिरे होने की आशंका हुई, जिसके बाद हल्ला कर आस पास के लोगों को बुलवाए, जिसके बाद शव को बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर और थाना प्रभारी द्वारिका राम दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच किया। इस सम्बंध में मृतक के भाई धीरज कुमार ने बताया कि घटना की कोई जानकारी नही है, आज सोमवार करीब 9 बजे मेरा भाई घर से निकला था, कुछ देर बाद इस घटना की जानकारी मिली, घटना कैसे हुआ, कुछ कह नही सकते। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है, घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### 65 लाख की लागत से पांच योजनाओं का शिलान्यास

## विकास कार्य अनवरत जारी रहेगा : डॉ नीरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सोमवार को कोडरमा नगर पंचायत अंतर्गत कुल चार पथों का शिलान्यास कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव के द्वारा किया गया। जिसमें वार्ड नं 14 में शक्ति साव के घर से राजू साव के घर होते हुए जयनगर मेन रोड तक लागत चौदह लाख, सुधा देवी के घर से पुरनानगर रोड़ तक सड़क निर्माण लागत आठ लाख पच्चीस हजार एवं वार्ड नं एक में महिला महाविद्यालय से प्रधान मंत्री आवास वर्टिकल तीन तक गार्ड वाल कलवर्ट एवं डब्लूबीएम पथ का निर्माण कार्य लागत बाइस लाख एवं वार्ड नं 2 में दुखनी तालाब छठ घाट के किनारे से बाईपास मेन रोड बागीटांड तक पीसीसी सड़क सह गार्डवाल का निर्माण कार्य लागत पंद्रह लाख का शिलान्यास सम्मिलित है। स्थानीय लोग उक्त सड़कों का बराबर विधायक से मांग किया करते आ रहे थे, इसके बनाए जाने की खबर सुनकर स्थानियों में काफी हर्ष देखने को मिली है। साथ ही झुमरीतिलैया अंतर्गत वार्ड नं 7 में श्रम कल्याण केन्द्र के पास सुलभ शौचालय से अजय श्रीवास्तव के घर होते हुए सोनू पांडे के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत चौदह लाख तीस हजार का शिलान्यास डॉ. नीरा यादव के द्वारा किया गया। मौके पर प्रशासक जितेंद्र कुमार जैशल, विनीत कुमार, हरी सोरेन, संजीव यादव, दीपक कुमार, प्रदीप पांडेय, नरेन्द्र पाल, देवेंद्र कुमार, दीपनारायण सिंह, रंजीत पांडे, चंदन सिंह, नरेन्द्र सिंह, राजेश यादव, राजा यादव, सुदीप्तो घोष, विनोद यादव, अशोक यादव, दिवाकर कुमार आदि मौजूद थे।

## बीएड के प्रशिक्षुओं ने किया बोधगया का शैक्षणिक भ्रमण




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कलेज अफ एजुकेशन के बीएड सत्र 2021-23 के प्रशिक्षुओं ने रविवार को बिहार राज्य के बोधगया जैसे ऐतिहासिक विरासत का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसमें महाविद्यालय के अध्यक्ष मनीष कपसीमे, सचिव अविनाश सेठ, उपनिदेशक ड. संजीता कुमारी एवं प्राचार्य प्रो ड. बीसी स्वेन ने महाविद्यालय टीम के सदस्यों और प्रशिक्षुओं को प्रस्थान करने के पूर्व शुभकामनाएं प्रेषित कर टीम को रवाना किया। इस मौके पर प्राचार्य ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं को बताया कि किस प्रकार संसार भ्रमण के बाद गौतम बुद्ध को बोध गया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी तथा इसके बाद वे सांसारिक सुखों का त्याग कर अध्यात्म की ओर बढ़े और बौद्ध धर्म का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को एकजुट कर समरसता का भाव फैलाने का काम किया था।

वहीं प्रशिक्षुओं ने बुद्धम शरणम गच्छामि, धर्म शरणं गच्छामि, संघम शरणम गच्छामि की जानकारी प्राप्त कर बौद्ध धर्म के महत्व को समझने का प्रयास किया। शैक्षणिक भ्रमण में प्रशिक्षु विकास कुमार, श्रुति प्रिया, राजू प्रसाद, सूरज कुमार गुप्ता, अजय कुमार, अंशिका कुमारी, मनोज कुमार, राजेश कुमार आदि शिक्षकेतर कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल से गिर कर युवक घायल

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक पावर हाउस की ओर से जयनगर की ओर आ रहा था तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे चकमा देकर फरार हो गया, जिससे उक्त व्यक्ति गिरकर घायल हो गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक युवक का नाम और पता नहीं चल पाया था।

## मीजल्स रूबेला वैक्सीनेशन को लेकर सेक्रेड हार्ट स्कूल में अभिभावकों के साथ बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सोमवार को मीजल्स रूबेला वैक्सीनेशन को लेकर विद्यालय प्रबंधन की अभिभावकों के साथ एक बैठक हुई। बैठक में डब्ल्यूएचओ के एसएमओ ड दीपक, जिला नोडल पदाधिकारी ड आशीष राज, यूनिसेफ के डीएसएमसी सुशील कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के पवन कुमार मौजूद थे। वहीं सेक्रेड हार्ट स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार ने सबका स्वागत किया एवं संचालन एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने किया। जबकि तकनीकी सहयोग दीपक सर्राफ ने किया। इस मौके पर ड दीपक ने अभिभावकों को रूबेला के लक्षण, उससे बचाव के तरीके बताए। वहीं उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को सेक्रेड हार्ट स्कूल में बच्चों के लिए वैक्सीनेशन कैंप लगाया जा रहा है। इस कैंप का उद्घाटन डीसी आदित्य रंजन करेंगे जिसमें 9 महीने से लेकर 15 साल के बच्चों को रूबेला का वैक्सीन लगाना जरूरी है। मौके पर अभिभावकों में संगम कुमारी शर्मा, नूतन कुमारी, जूही कुमारी, अनिल मिश्रा, राजकुमार वोहरा, संजय कुमार सिंह, नीलम देवी, रीता देवी, संगीता देवी, मौसमी कुमारी, रजनी देवी, ललिता देवी, सोनम सुमन, इंदु देवी, अनीता देवी, मांडवी देवी, सीमा सिंह, अजीत कुमार शर्मा, मुकेश कुमार सिंह, नीतू कुमारी, अनन्या मोदी, राजीव कुमार, नरेंद्र कुमार समेत सैकड़ों अभिभावक मौजूद थे।

## छापेमारी बाद फिर खुला फर्जी नर्सिंग होम




खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखण्ड क्षेत्र के बगरा चौक के बालूमाथ जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे अवैध रूप से संचालित पारस हॉस्पिटल में पुनः ऑपरेशन जारी है।

जबकि फरवरी 2022 में अवैध रूप से संचालित उक्त पारस हॉस्पिटल में खुलेआम अवैध रूप से ऑपरेशन करने की शिकायत पर रेफरल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉक्टर अंकुर एवं सिमरिया थाना के संयुक्त छापेमारी में लगभग आधा दर्जन किए गए ऑपरेशन मरीज बेड पर देखा गया था। जिसमें तत्काल सीएस चतरा को लिखित रूप से कार्रवाई के लिए चिठ्ठी भेजी गयी थी। वहीं सीएस चतरा के निर्देश पर एक माह तक अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल बंद किया गया था।

## नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

### दस लाख की जहरीली शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** पुलिस ने वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के सालवत गांव स्थित जगलाल गंझू के घर मे संचालित अवैध नकली शराब फैक्ट्री भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने करीब दस लाख रुपये के अवैध नकली शराब के खेप के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हंटरगंज इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय के नेतृत्व में गठित वशिष्ठनगर जोरी थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने कार्रवाई की है। यह जानकारी हंटरगंज इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने रॉयल स्टैग कंपनी का 375' का 24 बोतल नकली अवैध निर्मित शराब, मैकडॉवेल कंपनी का 375' का 24 बोतल, इंपीरियल ब्लू कंपनी का 375' का 120 बोतल, स्टर्लिंग रिजर्व 7 कंपनी का 375' का 48 बोतल, विभिन्न अंग्रेजी शराब कंपनियों का 25 सौ से अधिक ढक्कन, रॉयल चैलेंज कंपनी का 250 रैपर व स्टीकर, स्टर्लिंग रिजर्व 7 कंपनी का 750 रैपर व स्टीकर, रॉयल स्टैग कंपनी का एक हजार रैपर व स्टीकर, 21 जार में बंद अर्ध निर्मित नकली 630 लीटर नकली शराब, शराब स्टॉक के लिए रखा 30 ब्लू रंग का खाली जार, 38 अलग-अलग प्लास्टिक बोरा में बंद विभिन्न आकार का 1900 शराब का खाली बोतल व 700 ग्राम केमिकल युक्त पदार्थ बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि शराब तस्करों के द्वारा जगलाल गंझू के खपरैल घर में संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से राजपुर थाना क्षेत्र निवासी तस्कर चंदन कुमार और जगलाल गंझू को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब फैक्ट्री संचालक माफिया राजपुर गांव निवासी धर्मेंद्र दांगी मौके से फरार हो गया था। जिसे गिरफ्तार करने के लिये पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है। अभियान में थाना प्रभारी गुलाम सरवर समेंत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

एक नजर में

## शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



शव को कुएं से निकालती पुलिस व ग्रामीण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के दुसैया गांव में सोमवार को धुरकी पुलिस ने कुएं से सड़ा हुए अज्ञात शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम ग्रामीणों ने कुएं में शव को देखा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दिया। जनप्रतिनिधियों ने धुरकी पुलिस को घटना की जानकारी दी। सोमवार की अल्हे सुबह पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी देते हुए धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि दुसैया गांव के कुएं में एक अज्ञात शव को बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अज्ञात शव की पहचान अभी नहीं हो पायी है।

उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है, जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि मामला क्या है। मौके पर प्रखंड प्रमुख अजय साह, पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव, इंद्रजीत कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम, विनोद कुमार राम, सुशील बैठा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मृतक के भाई ने दर्ज करायी प्राथमिकी, दो नामजद

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के कैलान के बहेरवा खाड़ी जंगल से ठेकेदार बिरेन्द्र गुप्ता का शव मिलने के बाद मृतक के बड़े भाई जितेंद्र प्रसाद ने थाना में आवेदन देकर दो नामजद के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए आवेदन में जितेंद्र ने उल्लेख किया है कि मेरा भाई बिरेन्द्र प्रसाद चार अप्रैल मंगलवार को शाम में ही चैनपुर से गढ़वा के लिए निकला था। उसी दिन शाम में बात हुई थी। उसके बाद उसका मोबाइल कभी खुला तो कभी बंद आने लगा। इसी बीच नौ अप्रैल की अहले सुबह सूचना मिली कि भवनाथपुर थाना के मंगरदह जंगल के बहेरवा खाड़ी में एक अज्ञात शव मिला है।

सूचना पर हम सभी परिजन पहुंचकर देखे तो बिरेन्द्र प्रसाद का शव था। जितेंद्र ने कहा कि हमलोगों को पूर्व से उमेश प्रसाद एवं संतोष प्रसाद ने जान से मारने की धमकी दी थी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि संतोष प्रसाद और उमेश प्रसाद ने ही मेरे भाई की हत्या कर शव को भवनाथपुर थाना मंगरदह जंगल के बहेरवा खाड़ी में फेंक दिया।

## बाइक के धक्के से बच्ची घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



घायल तयबुन।

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-केतार मुख्य मार्ग पर मुसकैनी पहाड़ के समीप बाईक के धक्के से अरसली उत्तरी के खड़ार टोला निवासी गुलाम अंसारी की छह वर्षीया पुत्री तयबुन खातून घायल हो गई। बाईक सवार घायल तयबुन को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कर फरार हो गया। घटना के संबा में तयबुन के पिता गुलाम अंसारी ने बताया कि वह सोमवार सुबह बेलपहाडी गांव स्थित अपने रिस्तेदार के घर से अपनी पुत्री के साथ पैदल ही अपने घर जा रहा था। मुसकैनी पहाड़ के पास पुत्री आइसक्रीम वाले को देख आइसक्रीम लेने सड़क किनारे गई। तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे बाईक सवार ने उसे धक्का मार दिया।

## जंगल से पति-पत्नी का शव बरामद





पति व पत्नी का शव।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के अंबाखोरिया पंचायत अंतर्गत बरसोती गांव के चरका पत्थर जंगल में पति-पत्नी का शव बरामद किया गया है। मृतकों में रमना थाना क्षेत्र के बुलका गांव निवासी 40 वर्षीय र्मेंद्र राम व 35 वर्षीया सुगिया देवी का नाम शामिल हैं।

पुलिस शव को बरामद कर मामले की जांच कर रही है। धर्मेंद्र राम का शव पेड़ पर झूलता हुआ मिला। वहीं पत्नी सुगिया देवी का शव पत्थर से कुचला हुआ था। पति के शव से आधा किलोमीटर दूरी पर पत्नी का शव बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनो शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनो बरसोती गांव में रहकर महुआ चुनते थे। दोनों महुआ चुनने जंगल में गए हुए थे। इनकी चार पुत्री भी है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना कैसी हुई है, इसकी छानबीन की जा रही है।

## सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में विभिन्न विभाग द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में डीसी ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, आरईओ, पथ निर्माण विभाग, एनआरईपी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल, लघु सिंचाई, जल संसाधन समेत अन्य विभागों के पदाधिकारियों से उनके विभाग से संबंधित कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी लिया। डीसी ने पूर्ण हुए योजनाओं को हैंडओवर करने का निर्देश दिया। साथ हीं लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। डीसी ने संचालित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ हीं कार्य में लग रहे रॉ मटेरियल एवं टेंडर प्रक्रिया की भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने विभिन्न योजनाओं के तहत क्रियान्वित स्कीमों की फिज़िकल एंड फाइनेंसियल प्रतिवेदन की जानकारी ली।

# चकला के अभिजीत प्लांट से धड़ल्ले से लूटा जा रहा स्क्रैप व कीमती संयंत्र

## प्लांट से महज कुछ ही दूरी से जमा कर रखे गये लगभग 30 टन स्क्रैप बरामद

➲ कबाड़ी दुकानों में बेचे जाने को लेकर जमा करके रखा गया था भारी मात्रा में स्क्रैप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार/चंदवा।** चंदवा के बंद पड़े अभिजीत प्लांट से इन दिनों कीमती संयंत्र व स्क्रैप की चोरी बेखौफ तरीके से हो रही है। जिस पर लगाम लगाना प्लांट की सुरक्षा में लगे कंपनी के अधिकारी, जवानों के साथ-साथ प्रशासन के लिए भी नामुनकिन साबित हो रहा है। सोमवार की अहले सुबह प्लांट के पश्चिमी दिशा पर एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग से महज चंद कदमों की दूरी पर श्यामबीर उरांव के घर मे दो बंद कमरों में व खेत मे भारी मात्रा में स्क्रैप के साथ साथ कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया गया है। जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बरामद स्क्रैप व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का वजन करीब 30 टन के आसपास बताई जा रही है। जिसकी अनुमानित मूल्य लगभग 20 लाख रुपए आंकी जा रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्लांट में चोर गिरोह किस प्रकार हावी है और किस कदर कीमती उपकरण व स्क्रैप को प्लांट से चोरी कर कबाड़खाना तक पहुंचाया जा रहा है। इधर प्लांट से चंद कदमों की दूरी पर स्क्रैप मिलने के बाद प्लांट के अधिकारी भी सकते में आ गए है। प्लांट हेड बीसी साहू के निगरानी में स्क्रैप को आनन-फानन में बरामद स्क्रैप को वापस ले जाया जा रहा है। बीसी साहू के द्वारा मामले की सूचना स्थानीय थाना को भी दी गयी है।


बरामद स्क्रैप को देखते प्लांट के अधिकारी।

### जानें कैसे पकड़ा गया स्क्रैप का जखीरा

प्लांट हेड बीसी साहू ने बताया कि सोमवार की अहले सुबह लगभग 4:00 बजे प्लांट की सुरक्षा में लगे जवानों के गश्ती दल के द्वारा उक्त क्षेत्र में चोरों की हरकत नजर आई। जिसका पीछा किया गया। प्लांट की चार दिवारी के बाहर कुछ दूर आने पर देखा गया है को चोरों की संख्या काफी ज्यादा थी, जिसके बाद गश्ती दल को वापस लौटना पड़ा, सुबह होने के बाद सुरक्षा बल जब नजदीक जाकर देखे तो स्क्रैप का जखीरा देखने को मिला। उक्त स्क्रैप फेज 2 और फेज 1 एरिया की बतायी जा रही है। वही खबर लिखे जाने तक कीमती संयंत्रों से भरे 2 कमरों में ताला लगे होने के कारण जांच नही हो पायी थी। बताया जाता है कि बंद कमरों में प्लांट से चोरी कर कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को रखा गया है। बता दें आज से एक दशक पूर्व चंदवा को औद्योगिक नगरी के रूप में पहचान देने वाली चंदवा के बाना चकला स्थित अभिजीत प्लांट वर्तमान समय में चोरी व स्क्रैप लूट का केंद्र बन गया है। प्लांट के स्क्रैप घोषित होने के बाद जब से स्क्रैप कटिंग का काम शुरू हुआ है उसके बाद से ही प्लांट को लूटने का दौर से चल रहा है। जिसमे कई संगठित गिरोह काम करते हैं। एक गिरोह प्लांट से स्क्रैप चोरी कर खास स्थानों पर जमा करता है वहां से रात के अंधेरे में पिकअप, बाइक और अन्य वाहनों में भरकर चंदवा व बालूमाथ के कबाड़ी दुकान पहुंचाया जाता है।

### 200 से अधिक की संख्या में आते हैं चोर

प्लांट हेड बीसी साहू की माने तो प्लांट से चोरी पर लगाम लगाने को लेकर हर प्रयास विफल साबित हो रहा है। क्योंकि चोरों की संख्या इतनी ज्यादा होती है कि उसे रोक पाना प्लांट के अधिकारियों और सुरक्षा में लगे जवान नाकाफी साबित होते है। बीसी साहू के अनुसार 200 से 300 की संख्या में चोर रात्रि में प्लांट से स्क्रैप चोरी करने पहुंचते हैं, जिनके पास हथियार, गुलेल समेत कई हथियार होते हैं। चोरी करने से रोकने का प्रयास करने पर वे हमला पर उतारू हो जाते है। जिस कारण सुरक्षा कर्मियों को ही बैकफूट पर आना पड़ता है।

### चोरी का स्क्रैप लेकर मालामाल हो रहे हैं बालूमाथ चंदवा के कबाड़ी दुकान संचालक

चंदवा व बालूमाथ थाना क्षेत्र में संचालित कबाड़ी दुकानदारों द्वारा पिछले 2 वर्षों में करोड़ों रुपए रुपये चोरी का लोहा का कारोबार कर चुके है। सूत्रों के अनुसार अभिजीत ग्रुप के लोहा चोरी प्रत्येक महीना 5 करोड़ के लोहे का चोरी की जाती है इस कारोबार में सिर्फ बांग्लादेशी रोहंगिया करोड़ो रूपये की कमाई कर चुके हैं। बाकी कबाड़ी दुकानदार पुलिस व अन्य कई सफेदपोश भी इस रकम के अवैध काली कमाई का हिस्सेदार है। वर्तमान में चकला से दामोदर तक लगभग 600 लोहे का 13 मीटर का पोल की चोरी कर ली गई है अभी एक पॉल की कीमत बाजार में लगभग 75000 आंकी जाती है। इस तरह सिर्फ पोल की कीमत साढ़े 4 करोड़ रुपए की पोल की चोरी हो चुकी है। इस अवैध कारोबार में बालूमाथ व चंदवा के कबाड़ी दुकानदार संलिप्त थे। कबाड़ी दुकानदार द्वारा लोहे का चोरी का धंधा दिन रात फल फूल रहा है जिस पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है।


प्लांट से चोरी कर रखा गया स्क्रैप।

## स्पीड न्यूज

### उत्तम कुमार ने सांसद से मिलकर छात्रावास बनवाने की मांग की


सांसद सुनील कुमार सिंह व अन्य।

➲ छात्राओं के हित के लिए जल्द बने छात्रावास : उत्तम कुमार

**क्या कहते हैं चतरा सांसद**

चतरा के सांसद सुनील सिंह ने कहा कि इस संदर्भ में पत्र प्राप्त हुआ है मैं इस दिशा में जो भी होगा कार्य करूंगा।

**मनिका।** मनिका प्रखंड निवासी व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार ने बीती रात्रि चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह से मिलकर डिग्री कॉलेज मनिका के छात्राओं के लिए छात्रावास बनाने की मांग की है, ज्ञात हो की डिग्री कॉलेज मनिका लातेहार में एकमात्र कॉलेज है जहां दूर से दूर बच्चे पढ़ने आते हैं। प्रदेश कार्यकारिणी उत्तम कुमार ने कहा की महाविद्यालय में गारू, सरयू, चंदवा जैसे दूर दूर से छात्र पढ़ने आते हैं जो लोग पर्याप्त साधन नही होने के कारण वो लोग प्रतिदिन कॉलेज नही आ पाते है इसलिए यहां पर एक छात्रावास की व्यवस्था होनी चाहिए इसिके निमित आज सांसद महोदय से मिलकर मैंने एक ज्ञापन दिया है जिसमें छात्रावास बनाने का जिकर किया है।

### बाइक व कार की टक्कर में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से हुए घायल

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित नामुदाग गांव के पेट्रोल पंप के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर दिन रविवार की रात्रि में कार व बाइक में आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। जिसमें बाइक में सवार एक महिला समेत दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में ललिता देवी पति प्रभु भुइयां उम्र 24 वर्ष,प्रमोद राम पिता रामचंद्र राम उम्र 19 वर्ष,रिंकू राम पिता बच्चन राम उम्र 20 वर्ष सभी घर बंदूआ (मनिका) शामिल हैं। दुर्घटना के बाद कार सवार ने मानवता का परिचय दिया और ग्रामीणों के साथ मिलकर सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया। जहां पर डॉक्टर दिव्य क्षितिज कुजुर के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया और घायलों की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार मनिका की ओर से डाल्टनगंज की ओर जा रही थी और बाइक डाल्टेनगंज की ओर से मनिका की ओर आ रही थी इसी क्रम में सड़क पर गड्ढा होने के कारण दोनों वाहनों का संतुलन खराब हो गया और आमने-सामने की टक्कर हो गई। वहीं दुर्घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद मनिका थाना से पुलिस प्रशासन की टीम भी अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति का जायजा लिया।

### पीएचसी बारिखाप में किया मॉक ड्रिल


मॉक ड्रिल करते चिकित्साकर्मी।

**बारियातू।** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप मे सीएचसी प्रभारी सुरेश राम ने सोमवार को मॉक ड्रिल किया। उक्त संबंध मे जानकारी देते हुए प्रभारी राम ने कहा की कोराना के संभावित प्रकोप को देखते हुये, महामारी जैसे बीमारी से निपटने के लिए कोविड सेंटर बारिखाप मे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मॉक ड्रिल किया जा रहा है। कोराना के संभावित प्रकोप को देखते हुए राज्य सरकार व उपायुक्त द्वारा कोरोना का गाईडलाइन को पालन करने का निर्देश दिया गया। जिसको लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। क्षेत्र मे कोरोना से बचाव के संबंध मे जानकारी देना है। सेनिटाईजर का उपयोग करना सहित बचाव के लिए जागरूकता करना, जांच के बाद कोरोना पोजेटिव पाये जाने वाले मरीजों को बनाए गये। कोविड सेंटर बारिखाप मे मॉक ड्रिल के दौरान ईलाज के संबंध मे स्वास्थ्य कर्मियों को ही एक कोरोना पोजेटिव मरीज बनाकर जांच करने, ऑक्सीजन लगाने व सेंटर मे कैसे ले जाना है। उसका प्रेटिकल भी कराया गया। मौके पर मृत्युंजय कुमार, संदीप कुमार, डब्लू अशोक कुमार, संदीप कुमार, बलराम कुमार, तरुण कीर्ति, गुलाम कुरैशी, प्रवीण कुमार, जितेंद्र कुमार सिन्हा, मुकेश यादव, वृंदा गोप, सीएचओ ममता कुजूर, सैलीना एक्का, अल्का एलीन कुजूर, वैलेंनटीना कुजूर, राजीव कुमार रंजन, रंजीत कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## कार्यकर्ता मिलन समारोह में पहुंचे बाबूलाल

➲ राहुल गांधी को दो साल की सजा कोर्ट ने सुनायी फिर सड़क पर आंदोलन करने का कोई मतलब नहीं : मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सिंजो पंचायत स्थित भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के आवास पर दिन सोमवार को झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पलामू से वापस आने के दौरान पहुंचे। जहां पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यकर्ता मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी कार्यकताओं ने बारी बारी से बाबूलाल मरांडी एवं अन्यों को अंग वस्त्र व फूल माला देकर सम्मानित किया। वहीं पत्रकारों से बातचीत करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जिस तरह से तैयारी है पूरे दावे के साथ कह सकता हूं कि आने वाले लोकसभा चुनाव में 14 सीटों पर भाजपा की जीत पक्का है। वहीं राहुल गांधी के विषय में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भारतीय कानून के प्रावधान के तहत किसी भी व्यक्ति, विधायक या सांसद को अगर 2 साल या 2 साल से अधिक की सजा होती है तो उसी क्षण उसका सदस्यता समाप्त हो जाता है। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ है पूरे देश में 32 लोगों का पहले भी सदस्यता जा चुकी है जिसमें कुछ भाजपा के भी शामिल हैं। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, जिला महामंत्री पंकज सिंह, बंसी यादव, जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, चेतलाल रामदास, पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, जिला मंत्री ध्रुव पांडे, जिला किसान मोर्चा उमेश सिंह, मंडल महामंत्री मनदीप कुमार, युवा मंडल अध्यक्ष अंकित राज, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, पूर्व उपप्रमुख उमेश यादव, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, मीडिया प्रभारी पंकज यादव, राजधानी यादव, पचू प्रसाद, अजय यादव, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मनिका में विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन, निकाली रैली

➲ राज्यपाल के नाम बीडीओ व सीओ को सौंपा गया मांग पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**


राज्यपाल के नाम बीडीओ व सीओ को मांगपत्र सौंपते लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में भाकपा माले, अखिल भारतीय किसान महासभा, अखिल भारतीय भुइयां समाज, झारखंड मुक्ति मोर्चा और ग्राम स्वराज मजदूर संघ के बैनर तले संयुक्त रूप से दिन सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली गई। रैली हाई स्कूल मनिका से प्रारंभ की गई और पूरा क्षेत्र भ्रमण करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंची जहां रैली सभा में तब्दील हो गई। वहीं विरोध प्रदर्शन करते हुए लोगों ने बताया कि मनिका थाना क्षेत्र में लगातार अपराधिक घटनाएं हो रही है पूर्व में रघुनंदन सिंह की हत्या और बीते दिन 31 मार्च को विकास भुइयां की हत्या हो चुकी है जिसमें रघुनंदन सिंह की हत्यारों के विरुद्ध आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई और विकास भुइयां के हत्या के मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। लोगों ने कहा कि विकास भुइयां की हत्या में और भी अपराधी शामिल हैं पुलिस प्रशासन के द्वारा इसका जांच किया जाए और सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाए। मौके पर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने राज्यपाल झारखंड के नाम से बीडीओ वीरेंद्र किंडो व सीओ अजय कश्यप को मांग पत्र सौंपा। वहीं लोगों ने एकदिवसीय आक्रोश मार्च व धरना प्रदर्शन के माध्यम से मांग किया कि हत्याकांड में शामिल हत्यारों की अभिलंब गिरफ्तारी, पुलिस के द्वारा हत्याकांड का चार्ज शीट न्यायालय में दाखिल कर अपराधियों को सजा दिलवाया जाये, प्रत्येक मृतक के परिवार को सरकार 25 लाख रुपए मुआवजा राशि निर्गत करें, विभिन्न न्यायालयों में भूमि संबंधित मामलों जो विचाराधीन है सरकार फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर मामलों को निष्पादित करे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच सिलेंडर का हुआ वितरण


आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच गैस सिलेंडर वितरण करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रिंस भारत गैस ग्रामीण वितरक सेंटर में सोमवार को प्रखंड के 70 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच सिलेंडर गैस का वितरण किया गया। सिलेंडर गैस वितरण के संबंध में जानकारी देते हुए प्रिंस भारत गैस ग्रामीण वितरक के संचालक मुंशी साव ने बताया कि भारत पेट्रोलियम कॉपोरेशन लिमिटेड टेरिटरी ऑफिस रांची के निदेर्शानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सेविकाओं को दो-दो गैस सिलेंडर, एक-एक डीपीआर, ब्लू बूक व एसबी पेपर उपलब्ध कराई गई थी। जिसे सोमवार को वितरण किया गया। सेविकाओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध होने के बाद काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि अब उन्हें लकड़ी और कोयले की धुंआ से छुटकारा मिलेगी। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष बिनोद राम, एजेंसी मैनेजर धर्मेन्द्र साव, जितेंद्र पासवान, केदार प्रसाद, गौतम पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### चंदवा पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर दो अलग अलग मामले के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में भजू गंझू पिता स्व मिटका गंझू (गनियारी टोला प्रतापी टांड) के विरुद्ध चंदवा थाना कांड संख्या 33/23 के तहत मामला दर्ज है। उक्त मामला अफीम की खेती करने से जुड़ा है। पुलिस की जांच की जांच में संलिप्तता उजागर होने के बाद देर रात उसे गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया गयाकवही दूसरा स्थाई अभियुक्त सुरेश गंझू पिता शूकर गंझू ग्राम चेटर स्थायी वारंटी है। जिस के विरोध कांड संख्या 52/15 के तहत मामला दर्ज था।मामला 17 सीएलए एक्ट और आर्म्स एक्ट से जुड़ा था व पुलिस की पकड़ से बाहर था। छापामारी अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक दिव्य प्रकाश, नारायण यादव और एएसआई महादेव उरांव और सैट 202 के जवान शामिल थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर होम्योपैथी के जनक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन को याद किया गया। मौके पर सैमुअल हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वहीं जानकारी देते हुए होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कहा की 10 अप्रैल को हर वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। होम्योपैथी ईलाज में दवाओं और सर्जरी का उपयोग नहीं होता है। यह इस विश्वास पर आधारित है कि हर कोई एक व्यक्ति है, उसके अलग-अलग लक्षण होते हैं और उसी के अनुसार ईलाज किया जाता है। जर्मन चिकित्सक और केमिस्ट सैमुअल हैनीमैन (1755-1843) द्वारा व्यापक रूप से सफलता पाने के बाद 19वीं शताब्दी में होम्योपैथी को पहली बार प्रमुखता मिली थी। विश्व होम्योपैथी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में जागरूकता लाना है ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें। वही इस मौके पर ग्रामीणों के बीच होम्योपैथ किट का भी वितरण किया गया। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुरेश राम, डॉ. पुरुषोत्तम कुमार, एएनएम सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### सचिवालय घेराव को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न


बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता।

**बालूमाथ।** बालूमाथ भाजपा कार्यालय में सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 11 अप्रैल भाजपा के कार्यक्रम सचिवालय घेराव को लेकर रखी गयी थी। जिसके विषय में जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष ने बताया की राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार चुनावी वादों को भूल कर जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। अफसरशाही हावी है 5 साल में पाँच लाख नौकरी देने के बजाय सरकार पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों को केवल सपना देखा रही है। 1932 नियोजन नीति को छोड़कर 60-40 का खेला चल रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में बालूमाथ से अधिक से अधिक भाजपा कार्यकर्ता को भाग लेने की अपील किया। मौके पर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू,जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव,मंडल महामंत्री राम कुमार गुप्ता, विजय यादव, अमित कुमार, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, भाजपा जिला महामंत्री सूरज शाह, सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, मंडल मंत्री अखिलेश गुप्ता किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ परिसर में दिखा लकड़बग्घा आश्चर्य के साथ-साथ लोगों में दहशत

**महुआडांड़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआडांड परिसर में रविवार की देर शाम आसपास के रहने वाले लोगों को लकड़बग्घा दिखे जाने से जहाँ एक ओर लोग आश्चर्यचकित हैं तो दूसरी ओर लोगों में दहशत व्याप्त है। वहीं ढ़ाई माह पहले भी स्वीट पैलेस के प्रो. राजू प्रसाद के द्वारा भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआडांड परिसर के समीप लकड़बग्घे को देखा गया था। बाद में डरे सहमे लोगों के द्वारा इसकी जानकारी महुआडांड वन विभाग के कर्मियों को दी गई, जानकारी मिलते ही वन विभाग के कर्मी हरकत में आये और संदेह की पुष्टि करने के लिए वनकर्मी संजीव कुमार पांडेय एवं श्रीकांत मिश्रा के नेतृत्व मे वनकर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर स्थित वर्षों से अधुरे पड़े अर्धनिर्मित भवन जो कि जंगल में परिवर्तित हो गया है उसमें सघन अभियान चलाये। अभियान के क्रम में वनकर्मियों ने देखा कि अर्धनिर्मित भवन में गुफा नुमा खोह बना हुआ है साथ ही कोई मांसाहारी जानवर के द्वारा खाये गए जानवर (सुअर एवं कुत्ता) का अवशेष मौजूद है। वनकर्मी संजीव कुमार पांडेय ने बताया कि इस बात से इनकार नही किया जा सकता है कि कोई जंगली जानवर यंहा आता है। सो सही जानकारी के लिए ट्रैकर कैमरा भी लगाया गया है।

# पलामू टाइगर रिजर्व का हाल दिन-प्रतिदिन होते जा रहा है बद से बदतर

## प्रकृति से छेड़छाड़ कर मानव निर्मित भवनों से पर्यटकों को लुभाने का हो रहा प्रयास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेतला।** पलामू टाइगर रिजर्व का पहचान देश एवं विदेशो में बिख्यात है। लेकिन झारखंड सरकार एवं वन विभाग की उदासीनता के कारण प्राकृतिक संपदा को छेड़छाड़ करते हुए मानव द्वारा निर्मित भवन पूरे जोर-शोर से बनाए जाने पर विभाग तत्परता से कार्य कर रही है, ऐसे में पलामू टाइगर रिजर्व का अस्तित्व दिन प्रतिदिन खतरे में पड़ता जा रहा रहा है, वन एवं वन्य जीव के संरक्षण संवर्धन के लिए सरकार एवं विभाग कमर कसकर तैयारी करते हैं, लेकिन धरातल पर कितना इमानदारी पूर्वक कार्य होता है, यह किसी से छुपा नहीं है। आज से करीब 5 दशक पूर्व पलामू टाइगर रिजर्व का जो स्थिति थी क्या आज के समय में है। एक से बढ़कर एक अत्याधुनिक संसाधन मेन पावर अनुभवी वन विभाग के पदाधिकारियों के उपलब्ध होने के बावजूद भी ना तो वैसा वन है और ना ही वन्य जीव, सरकार और वन विभाग के तमाम पदाधिकारियों को इमानदारी पूर्वक वन एवं वन्य जीव के संरक्षण संवर्धन कैसे हो इसके लिए विचार-विमर्श करके धरातल पर शत-प्रतिशत कार्य करने की आवश्यकता है। नहीं तो आने वाले समय में हम अपने बच्चे को सिर्फ तस्वीर के माध्यम से ही घने वन और अनेकों प्रकार के वन्यजीव के तस्वीर दिखा पाएंगे।

### लापरवाही के कारण कर्नाटक से लाये गये हाथी की हुई थी मौत, अब तक नहीं हुई कार्रवाई


बेतला में बना हाथी शेड।

झारखंड सरकार के पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री सह लातेहार जिले के प्रभारी मंत्री सरयू राय के अथक प्रयास से पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बेतला रेंज में कर्नाटक से 3 पालतू हाथी लाए गए थे। उस समय पलामू टाइगर रिजर्व के पदाधिकारियों और आसपास के ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल देखा जा रहा था। लेकिन वन विभाग के लापरवाही के कारण पालतू हाथी को रखने के लिए सेड पलामू किला के समीप बनाकर वहां रखा गया था, जो जंगली हाथियों के द्वारा एक पालतू हाथी को मौत के घाट उतार दिया गया था। इसका जवाब देही किसका है। किसके आदेश पर सुनसान इलाका में पालतू हाथी को उस सेड में रखा गया था। उस मामले में अभी तक किसी लापरवाह वन विभाग के पदाधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नही हुई।

**वन्य जीवों के संरक्षण से ज्यादा कंस्ट्रक्शन में ध्यान देते हैं विभाग के पदाधिकारी**

पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में सालों भर लगभग कंस्ट्रक्शन का काम चलाया जाता है, जिसमें भवन निर्माण, चारदीवारी निर्माण, चेक डैम निर्माण, वाच टावर निर्माण, हाथी शेड निर्माण समेत अन्य प्रकार के निर्माण कार्य सरकार एवं विभाग के आदेश से कराए जाते हैं। विडंबना यह है की पीटीआर क्षेत्र में बाहरी लोग निर्माण कार्य नहीं करा सकते। मजबूरन वन विभाग के कर्मियों को ही कंस्ट्रक्शन का कार्य में लगा दिया जाता है। जिससे वन एवं वन्य जीव के देखरेख से ज्यादा ध्यान निर्माण कार्य में ही वन विभाग के कर्मी ध्यान देते हैं। जिसके कारण वन एवं वन्य जीव के दिन प्रतिदिन पीटीआर में कमी होती जा रही है।

स्पीड न्यूज

## कोविड से बचाव के लिए मॉक ड्रिल

**बोकारो।** कोविड एवं इन्फ्लूएन्जा के पसरते पांव एवं संभावित खतरे से बचाव को लेकर आज जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में मॉकड्रिल किया जा रहा है। बोकारो सदर अस्पताल में मॉकड्रिल डीडीसी कीर्तीश्री जीए एसडीओ चास सह नोडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत आदि की देख रेख में हुआ। मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्ती श्री जी ने कहा कि मॉक ड्रिल में कोविड 19 से संबंधित सभी गाइड लाइन का अनुपालन किया गया। मौके पर स्वास्थ विभाग के नर्स एवं स्टॉफ उपस्थित रहे। पूरे देश मे कोविड के बढ़ते खतरे को देखते हुए सभी अस्पतालों मे पूर्व व्यवस्थाओं को और भी चुस्त दुरुस्त किया जा रहा है।

## दहीबाड़ी परियोजना से लोहे के पाइप ले भागे चोर

**कुमारधुबी।** चोरों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला बीसीसीएल एरिया 12 दहीबाड़ी परियोजना से जहां सोमवार कि सुबह 4 बजे 7 से 8 की संख्या में चोरों ने धावा बोलकर सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों को डरा धमका कर 4 से 5 क्विंटल लोहे के पाइप लेकर भाग निकले चोरो को निकलते ही सुरक्षाकर्मियों ने अपने उच्च अधिकारी (सिक्योरिटी इंचार्ज ) कृष्णा गोप को फोन किया। तभी उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों तरफ उन चोरों की खोजबीन की तभी जाकर देखा कि एक ठेला में लोहे का पाइप लेकर चोर भाग रहे हैं,जब चोरों ने उन्हें देखा कि सुरक्षाकर्मी उनका पीछा कर रहा है, तभी वह लोग लोहे का पाइप छोड़कर ठेला लेकर फरार हो गए। आये दिन हमेशा यहां चोरी की वारदातें होती रहती है और यह सारा लोहा पास के ही लोहा गोदाम में बेच दिया जाता है।

## बेरमो : सड़क हादसे में प्रवासी मजदूर की ओडिशा में मौत



**बेरमो।** बोकारो के प्रवासी एक ट्रक चालक युवक की मौत सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान 9 अप्रैल को ओड़िसा में हो गईए नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंगो गुंजरडीह निवासी स्वर्गीय प्रसादी महतो के 38 वर्षीय पुत्र संतोष महतो रविवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया थाए उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी मीना देवीएपुत्री सीमा कुमारी व पुत्र विवेक कुमार को छोड़ गया है। समाजसेवी सिकन्दर अली ने संवेदना प्रकट करते हुए करते हुए झारखंड सरकार से मृतक के आश्रित को सरकारी सहायता प्रदान करने की मांग की है।

## बीसीए के छात्र की दामोदर नदी में डूबने से मौत

**धनबाद ।** बैंक मोड़ मिठू रोड निवासी 22 वर्षीय साहिल अख्तर की 9 अप्रैल को भौरा के समीप दामोदर नदी में डूबने से मौत हो गई। शहबान अली का पुत्र साहिल बीसीए का छात्र था। वह अपने दो दोस्तों के साथ दोपहर करीब एक बजे कालीमेला श्मशान घाट पर नदी में नहाने गया था। स्थानीय गोताखोरों ने 5 घंटे की मशक्कत के बाद उसका शव नदी से निकाला। भौरा व अमलाबाद थाना पुलिस घटनास्थल पर मौजूद थी, लेकिन सीमा विवाद को लेकर पुलिस ने शव को नहीं उठाया। परिजन शव को लेकर धनबाद चले गए।

## सिगरेट के विज्ञापन का पोस्टर लगाया तो होगी कार्रवाई

**बोकारो।** नियमित जांच अभियान के दौरान सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम.2003 की धाराओं के तहत सिटी थाना क्षेत्र के नया मोडए कोआपरेटिव कालोनीए उकरीद एवं बस स्टैण्ड में की गई छापामारी के दौरान कुल 103 दुकानों की जांच की गई जिसमें व्यक्ति व दुकानदार से कोटपा कानून का उल्लंघन करते हुए कुल 22 दुकानों को अर्थदंड लगाया।

# कोविड को लेकर प्रशासन अलर्ट, 130 से अधिक मरीजों का एक साथ होगा इलाज

## कोविड मरीजों के इलाज के लिए आइसीयू, पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का डीडीसी ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कोविड संक्रमित मरीजों का सुचारू रूप से इलाज करने तथा अस्पतालों में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने आज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) के कैथ लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईसीयू, पीएसए ऑक्सीजन प्लांट, रसोईघर, ऑटोमैटिक रोटी मेकिंग मशीन, लॉन्ड्री रूम, दवाइयों का स्टोर रूम इत्यादि विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को सभी वार्ड में लाइट, पंखा को दुरुस्त करने, जिस बेड के पास ऑक्सीजन पाइप लाइन का कनेक्शन नहीं है वहां ऑक्सीजन सिलेंडर रखने, खाली ऑक्सीजन सिलेंडरों को रिफिल कराकर रखने, पीएम केयर से आए पीएसए ऑक्सीजन प्लांट को चालू स्थिति में रखने, जहां पीएसए ऑक्सीजन प्लांट से कनेक्शन नहीं है वहां शीघ्र कनेक्शन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में आज एसएनएमएमसीएच कैथ लैब का निरीक्षण किया और एक मॉक ड्रिल भी कराया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, डॉ यूके ओझा, एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य, अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



### 50 वेंटिलेटर रहेंगे तैयार

उन्होंने कहा धनबाद में कोविड संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए 130 ऑक्सीजन सपोर्टेड बैड, 50 वेंटिलेटर तैयार है। इसके अतिरिक्त 250 से 300 और बैड तैयार हैं। सभी पारा मेडिकल स्टाफ, चिकित्सक का रोस्टर भी तैयार कर लिया गया है। बैड के पास ऑक्सिजन की आपूर्ति को भी चेक किया गया। रसोईघर व ऑटोमैटिक रोटी मेकिंग मशीन का भी निरीक्षण किया। वहीं लॉन्ड्री रूम में संक्रमित मरीजों के कपड़े, बेडशीट इत्यादि को कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार साफ करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमित मरीजों का इलाज करने के लिए सभी तैयारियां संतोष पूर्ण है। साथ ही कहा कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन इत्यादि में जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा जिससे कोई संक्रमित व्यक्ति किसी अन्य को संक्रमित ना कर सके।

## देव प्रभा के खिलाफ महिलाओं का डीजीएमएस के समक्ष प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**भौरा/ झरिया।** ईजे एरिया 4 ए पैच में कोयला उत्खनन कर रही देव प्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ सोमवार को दर्जनों महिलाओं ने डीजीएमएस कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि भौरा एरिया में जहां उत्खनन का काम हो रहा है, वहां एक हजार से अधिक लोग रहते है। सभी यहां के रैयत हैं. बावजूद आउटसोर्सिंग कंपनी के मालिक एल बी सिंह मनमानी कर रहे है।खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) की गाइड लाइन से हट कर कोयला निकालने काम किया जा रहा है। विरोध करने पर श्री सिंह ग्रामीणों के साथ गाली गलौज करते हैं और धमकी भी देते है। कम्पनी की मनमानी की वजह से घर में रहना मुश्किल हो गया है। घर से 20 मीटर की दूरी पर ब्लास्टिंग की जा रही है, जबकि डीजीएमएस के बनाए नियम के अनुसार 500 मीटर की परिधि से बाहर बालस्टिंग का काम करना है।इस नियम का घोर उलंघन हो रहा है।धूल डस्ट से लोग परेशान हैं।इतना कुछ होने के बावजूद बीसीसीएल और डीजीएमएस प्रबंधन कोई एक्शन नहीं ले रहा है।इसलिए यहां पहुंचे है। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से भी मिल चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। डीजीएमएस से कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के साथ सुरक्षित स्थान पर बसाने व जमीन का मुआवजा देने की मांग भी की गई है।प्रदर्शन में जमस (बच्चा सिंह गुट) के मल्लू सिंह, ज्योति देवी, मुन्नी देवी, प्रभा देवी, चंदन महतो आदि शामिल थे।

## सीआइएल के सेफ्टी मेंबर ने सिजुआ क्षेत्र का किया निरीक्षण



**लोयाबाद।** सिजुआ क्षेत्र सं० 5 के कार्यालय मे सोमवार को सीआईएल के सेफ्टी मेंबर( एचएमएस) अख्तर जावेद उस्मानी बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र 5 पहुंचे जहां जनता मजदूर संघ के पदाधिकारियों एवं सिजुआ महाप्रबंधक का के द्वारा स्वागत किया गया ।इसके बाद समीक्षा हुई। इसके तत्पश्चात दिनांक 22-03-2023 को सिजुआ क्षेत्र 5 के सेंद्रा-बाँसजोड़ा कोलयरी अंतर्गत डेको आऊटसोसिंग कंपनी मे कार्य के दौरान मजदूर तारा प्रसाद महतो एवं एक्सवेटर जलने की जो दुर्घटना घटी उसका निरीक्षण किया गया।

## धनबाद कारा में पूर्व विधायक संजीव सिंह की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पूर्व विधायक संजीव सिंह की तबीयत सोमवार को धनबाद मंडल कारा में बिगड़ गई। जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

सूत्रों की मानें तो झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह के सीने में अचानक से तेज दर्द उठा। जिसके बाद जेल अस्पताल के डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया और गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एएनएमएमसीएच भेज दिया।जहां भारी सुरक्षा के बीच पूर्व विधायक संजीव सिंह का इलाज चल रहा है।



संजीव सिंह की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर उनकी पत्नी भाजपा नेत्री रागिनी सिंह अपने समर्थकों के साथ एसएनएमएमसीएच पहुंची है। वही संजीव सिंह के समर्थक भी भारी संख्या में अस्पताल परिसर में मौजूद है। मालूम हो कि पूर्व विधायक संजीव सिंह पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह के हत्या मामले में जेल में बंद है।

## प्रशासन ने की अंकित के नामांकन की पहल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के महुआटांड थाना अंतर्गत बड़की पुन्नू निवासी मैट्रिक में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले आर्थिक रूप से अक्षम अंकित कुमार का सपना अब उड़ान भरेगा।

बोकारो जिला प्रशासन के पहल पर अंकित का जिला मुख्यालय स्थित नामचीन कोचिंग संस्थान में नामांकन करा दिया गया है। उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक चंदन झा की उपस्थिति में कोचिंग संस्थान के प्रतिनिधि द्वारा अंकित को नामांकन प्रपत्र एवं पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। प्रशासन द्वारा अंकित के आवास आदि की भी व्यवस्था करा दी गई है। अब उसके पढ़ाई में कोई रोड़ा नहीं है। द्वय पदाधिकारियों ने अंकित के उज्जवल भविष्य को लेकर अग्रिम शुभकामनाएं दी। उपायुक्त श्री चौधरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंकित की माता बिराजू देवी को डॉ भीम राव अंबेडकर आवास स्वीकृत कर दिया है। अब वह स्वयं सरकार से प्राप्त राशि का इस्तेमाल कर अपना आवास निर्माण करा सकती है। अंकित और उसके परिजनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



## बोकारो जायंट्स फेडरेशन का अधिष्ठापन समारोह संपन्न

**बोकारो।** बोकारो जायंट्स फेडरेशन का अधिष्ठापन समारोह वर्ष 2023 के लिए स्थानीय क्रिसेंट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संस्था के सेंट्रल कमेटी सदस्य वीके कपूर सह सी फेडरेशन. आठ के अध्यक्ष आरके चौधरीए सेक्रेटरी उदय जायसवाल एवं यूनिट. आठ के निदेशक प्रदीप अग्रवाल शामिल हुए। पूर्व में भी समाज कल्याण हेतु रक्तदान शिविरए मेडिकल कैंपए विश्व शांति दिवसए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आदि कार्यक्रम आयोजित करने वाले इस संस्था ने योग से निरोग रहने एवं इसके निमित्त प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। बोकारो जायंट्स के पूर्व अध्यक्ष केपी सिन्हा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष बृजेंद्र कुमार को पदभार दिया एवं अध्यक्षए उपाध्यक्ष मुकेश कुमार व नवीन कुमार महतोए निर्वाचित सदस्य पराक्रम भूषणए कोषाध्यक्ष श्रीदेवी सहित नए सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया गया। बोकारो जायंट्स के प्रथम अध्यक्ष कविता के झारखंड प्रदेश जायंट्स में चयन होने की बधाई देते हुए प्रारंभिक काल से सक्रिय राजकुमार को बोकारो जायंट्स के प्रचार प्रसार के लिये धन्यवाद दिया।

## एक नजर में

### बोकारो में फुल बॉडी चेकअप का चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बोकारो।** विश्व चिकित्सा दिवस के अवसर पर यदुवंश नगर भामाशाह कैनरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मशीन द्वारा फुल बॉडी चेकअप का चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिस चिकित्सा शिविर में भामाशाह कैंडल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल शंकर सुमन जी एवं डायरेक्टर शंकर जी का बहुत.बहुत योगदान रहा। इस शिविर में सैकड़ों मरीज अपना इलाज करा कर लाभ उठाएं।

### 141 दिनोंसे अप्रेंटिस युवाओं का धरना जारी



**धनबाद ।** आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार की मांग को लेकर बीसीसीएल से प्रशिक्षित आईटीआई अप्रेंटिस खुले आशमान में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं और प्रबंधन से कंपनी अन्तर्गत चल रहे आऊटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार मांग रहे हैं। युवाओं का कहना है कि कंपनी एक वर्ष मजदूर की तरह कार्य करवा एक वर्ष बाद सेवामुक्त कर दे रही है और लगभग 30 वर्षों से तकनीकी पदों पर भर्ती बंद पड़ी हुई है। जिससे स्थानीय टेक्निकल युवाओं को इस बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।

### 1040 घरों को मिलेगा नल से जल

**बेरमो/तेनुघाट।** तेनुघाट मुख्यालय अंतर्गत गोमिया प्रखंड के धवैया पंचायत में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरीए गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल का जल के तहत धवैया एवं आसन्न ग्राम पाइप जलापूर्ति योजना का भूमिपूजन किया। इस संबंध में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने बताया कि इस गांव में पानी की समस्या बरसों से है।

## झारखंड में सबसे महंगी 2.46 करोड़ की टोयोटा लैंड क्रूजर बिकी

**गोविंदपुर।** धनबाद टोयोटा नेरो मोड़ बागसुमा से सोमवार को पूरे झारखंड में अब तक की सबसे महंगी 2.46 करोड़ रुपए की टोयोटा लैंड क्रूजर की बिक्री हुई । यह टोयोटा की विश्व विख्यात गाड़ी है, जिसकी लॉन्चिंग एवं डिलीवरी की गई । यह वाहन टोयोटा की सबसे महंगी वाहन की श्रेणी में आती है। इसका एक्स शोरूम कीमत 2.10 करोड़ है और झारखंड में यह 2.46 करोड़ में मिल जाती है। कार की पहली डिलीवरी राहुल अग्रवाल को दी गई, जो झारखंड में इस मॉडल को खरीदने वाले प्रथम ग्राहक हैं । धनबाद में मौजूद कोई भी कार डीलर के द्वारा यह अब तक की सबसे महंगी बेची गई कार है। इस कार्य का आर्डर मिलने के बाद डिलीवरी में करीब 7 महीने का समय लेती है। यह कार्य जापान के टोयोटा प्लांट में बनाकर डिलीवरी हुई है।

### कार में हैं कई फीचर्स

कार में कई अत्याधुनिक फीचर्स हैं, जो भारत में निर्मित वाहनों में नहीं मिलते हैं ।कार की लॉन्चिंग और डिलीवरी के वक्त शोरूम में काफी हर्ष और उत्साह का माहौल था। मौके पर धनबाद टोयोटा के डायरेक्टर यश आदित्य ने बताया कि अब यह झारखंड है। लोग अब गुणवत्ता और स्टैंडर्ड को प्राथमिकता देते हैं । लोगों के रहन-सहन का स्तर काफी ऊंचा उठा है ।जिससे भविष्य में ऐसे और भी वाहन देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विशेष का धनबाद के लिए गौरव का क्षण है और धनबाद के विकास का पैमाना भी है।

## हाई वोल्टेज तार से झुलसा युवक

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया ।** झरिया थाना क्षेत्र के धनबाद झरिया मुख्य मार्ग पर बस्ताकोला के हाई टेंशन तार की चपेट में आकर युवक बुरी तरह झुलस गया। युवक का नाम चींटी अग्रवाल बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बस्ताकोला मुख्य मार्ग पर एक मंदिर के बिजली का तार रविवार की रात टूट कर सड़क पर गिर गया था। सोमवार को टुटा हुआ तार को जोड़ने के लिए चींटी अग्रवाल पास के एक मकान की छत पर चढ़ा था।वही से सूखे पेड़ पर चढ़ कर तार जोड़ने का काम कर रहा था। तभी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ जाने से देखते ही देखते जलने लगा।



### लकड़ी के सहारे युवक को तार से छुड़ाया

स्थानीय पारस यादव समेत कई लोगो ने फौरन लकड़ी ( बांस) के सहारे किसी तरह तार से युवक को छुड़ाया। हालांकि तब तक वह बुरी तरह झुलस चुका था। लोग उसे इलाज के लिए एसएनएमसीएच ले गये। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक की सलाह पर बेहतर इलाज के लिए दूसरे हॉस्पिटल ले जाने की प्रक्रिया चल रही है।स्थानीय लोगों ने फौरन बिजली विभाग को फोन कर लाइन कटवाई। तार के प्रभाव से पेड़ भी धू धू कर जलने लगा। स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी। अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची व हालात पर काबू पाया। सूचना मिले पर झरिया थाना की पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी भी पहुंचे।

## पेज 3 का शेष

### विकास को दे रहे...

बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की पहल : सीएम ने कहा कि राज्य के बच्चे-बच्चियों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। कई विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां निजी विद्यालयों की तर्ज पर पढ़ाई होगी। मॉडल स्कूलों के शिक्षकों को आइएमएम जैसे संस्थानों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। सरकार ने बच्चों की छात्रवृत्ति की राशि भी बढ़ा दी है। इसके साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर इंजीनियरिंग और मेडिकल आदि की पढ़ाई के लिए भी सरकार सहायता दे रही है। बच्चों को सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान देना है, पढ़ाई का खर्च सरकार वहन करेगी।

### भाजपा का सचिवालय घेराव...

घेराव के क्रम में धुर्वा गोलचक्कर से प्रोजेक्ट भवन जाने वाले मार्ग पर यातायात व्यवस्था बाधित होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। **झारखंड मंत्रालय के 200 मीटर के दायरे में 144 लागू :** वहीं एहतियात के तौर पर जिला प्रशासन ने घेराव कार्यक्रम को देखते हुए सचिवालय के आसपास के 200 मीटर के दायरे में 144 लागू कर दिया है। ऐसा लोगों के पहुंचने और धरना प्रदर्शन से विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की संभावना को देखते हुए किया गया है। अब जिला प्रशासन वहां लोगों को पहुंचने नहीं देगी। इसके साथ ही धुर्वा गोलचक्कर से प्रोजेक्ट भवन से चांदनी चौक, हटिया को जोड़ने वाली सड़क तथा इस सड़क के 200 मीटर के परिधि में निषेधाज्ञा जारी किया गया है। इसके बाद उस क्षेत्र में पांच से पांच से अधिक व्यक्तियों को एक जगह होना या चलने पर रोक हो जायेगा।

### इडी कोर्ट में पूजा...

मामले में आगे ट्रायल फेस करने को तैयार हूं। इसी मामले में दोनों आरोपियों को जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। दोनों आरोपियों ने भी मामले में अपने आप को निर्दोष बताया। इसके बाद अदालत ने आरोप गठन की कार्यवाही पूरी की।

### एनआइए का...

लेवी के पैसे को इन्वेस्ट करने वाला फरार : राजू कुमार उर्फ राजू साव के राजू ब्रिक्स नाम के ईंट भट्ठे पर मुंशी के रूप में काम करता था। राजू कथित तौर पर माओवादी रवींद्र गंझू की ओर से लेवी के पैसे को इन्वेस्ट करता है, जो अभी फरार चल रहा है।

### रतन हाइट्स मामले...

प्रतिवादी की ओर से सुमित गाड़ोदिया, प्रार्थी की ओर से रोहित रंजन सिन्हा एवं रांची नगर निगम की ओर से शशांक शेखर ने पैरवी की।

# भागवत कथा को लेकर निकली कलश शोभायात्रा

### 11 से 17 अप्रैल तक होगी भागवत कथा

खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** युवा समर्पण राजगंज की ओर से 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजित होनेवाली अष्टोत्तरशत श्री मद्भागवत कथा को लेकर सोमबार को भव्य और विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में हजारों की संख्या में बच्चियां व महिलाएं सर पर कलश लेकर तथा राधे राधे के जयकारे के साथ बड्स गार्डन स्कूल परिसर से निकल कर नत्थू बांध जल भरण को पहुँची।वृंदावन से पधारे 108 ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचार के बीच जल भरण कराया।जलभरण के बाद शोभा यात्रा दलूडीह,थानाकुल्हि ,राजगंज बाजार होते हुए हटिया,मैराकुल्ही पहुँची।फिर मैराकुल्ही से वापिस हो राजगज बाजार होते हुए लालबाजार स्थित हरिहर धाम मंदिर परिसर पहुँची जहाँ पूजा और हवन के लिए 108 यजमानो के बैठने की व्यवस्था की गई है।वही सभी कलशों को रखा गया। वृंदावन से पधारे कथावाचक श्री हित ललित नागार्च के लिए रथ की सावरी की व्यवस्था की गई थी। साथ ही अलग- अलग राम,लक्ष्मण,सीता,हनुमान,भोलेबाबा व राक्षसों की झांकी साथ ही घोड़े,अलग अलग बैंड बाजा पार्टी,महिला बंगला ढाक, ताशा पार्टी,बैंजो पार्टी आकर्षण का केंद्र बनी रही।आयोजन समिति के अध्यक्ष सह यजमान प्रमोद कुमार अपनी पत्नी गौरी देवी संग अपने सर पर भागवत जी को लेकर शोभा यात्रा के संग चल रहे थे।शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए महिलाओं के साथ साथ पुरुष,युवा व बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला।



### पेयजल और शर्बत की थी व्यवस्था

स्वयंसेवक युवाओ ने राजगज मोड़ पर,हटिया में व मैराकुल्ही में सभी के लिए शर्बत पानी की कर रखी थी। पूरे व्यवस्था की कमान आयोजन समिति के सदस्यों के साथ साथ राजगंज थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह स्वयं ने संभाल रखी थी।शोभा यात्रा में मुख्य रूप से सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी,विक्रम पाण्डे, राजेश चौधरी,गौतम साव, नीलकंठ रवानी,संदीप अग्रवाल,त्रिलोचन चौधरी,सचिन चौरसिया,प्रीतम कुमार,सुरेंद्र राम माहुरी,महेश प्रसाद चौधरी,रेवती रमन,हृदेश मुंशी,सुनील साव, चंदन भारती सहित हजारो की संख्या में लोग शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## अमृतपाल का करीबी पप्पलप्रीत गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह का मेन हैंडलर पप्पलप्रीत सिंह गिरफ्तार हो गया है। पप्पलप्रीत अमृतपाल का दाहिना हाथ बताया जाता है। जालंधर से फरारी के बाद से लगातार पप्पलप्रीत अमृतपाल के साथ था। अमृतपाल सिंह 18 मार्च से फरार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक स्पेशल सेल और पंजाब पुलिस ने बड़ा ऑपरेशन चलाकर पप्पलप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। हालांकि पंजाब पुलिस ने इस बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी है। पुलिस की टीम समेत एजेंसियां लगातार अमृतपाल की भी तलाश में जुटी हुई हैं।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी का आज वायनाड में रोड शो

**केरल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सांसद के रूप में अपनी अयोग्यता के बाद पहली बार आज केरल में अपने पूर्व निर्वाचन क्षेत्र वायनाड का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान वह एक जनसभा को संबोधित करेंगे और रोड शो करेंगे। सूरत की एक अदालत की ओर से 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने और सजा सुनाए जाने के बाद राहुल गांधी ने संसद के निचले सदन की सदस्यता खो दी। यह मामला 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले एक अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 'मोदी' उपनाम का उपयोग करते हुए की गई एक टिप्पणी से संबंधित है। अप्रैल 2019 में कर्नाटक के कोलार में एक रैली में, राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है?'

## एयर इंडिया की क्रू मेंबर के साथ यात्री ने की मारपीट

**नयी दिल्ली।** दिल्ली से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्री और चालक दल के सदस्यों के साथ एक व्यक्ति ने धक्का मुक्की और मारपीट की। इसके बाद फ्लाइट को वापस दिल्ली में लैंड कराया गया। घटना को लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस ने शिकायत दर्ज कराई है। एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि फ्लाइट ने सुबह 6.35 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के बाद एक यात्री का क्रू मेंबर के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद विमान को पुनः दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। विमान के वापस दिल्ली पहुंचने पर क्रू मेंबर ने एयरपोर्ट पुलिस को यात्री के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और यात्री एयरपोर्ट पर ही रोका गया है।

## होलंबी कलां में एक खेत से 7-8 ग्रेनेड बरामद

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने होलंबी कला इलाके में कुछ ग्रेनेड बरामद किए हैं और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। करीब 7 से 8 देसी ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। उन्हें होलंबी कला क्षेत्र के एक खेत में छिपाकर रखा गया था। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बाहरी दिल्ली के होलंबी कलां इलाके में कम से कम सात देशी ग्रेनेड बरामद किए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमारी टीमों ने होलंबी कलां इलाके में सात-आठ देशी ग्रेनेड बरामद किए हैं और इस संबंध में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

## एलन मस्क ने ट्विटर पर मोदी को किया फॉलो

**वॉशिंगटन।** ट्विटर, टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने ट्विटर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फॉलो करना शुरू कर दिया है। वर्तमान में एलन मस्क 195 लोगों को फॉलो करते हैं। उन लोगों की लिस्ट का एक स्क्रीनशॉट ट्विटर पर खूब शेयर किया जा रहा है। इस स्क्रीनशॉट में पीएम मोदी का नाम भी शामिल है। एलन मस्क 134.3 मिलियन फॉलोअर्स के साथ ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने मार्च के अंत में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की थी। पीएम मोदी भी 87.7 मिलियन फॉलोअर्स के साथ ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले नेताओं में से एक हैं।

# सौर मंडल में मिला 27 चंद्रमा वाला एक ग्रह

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने बर्फीले ग्रह यूरेनस की पहली फोटो शेयर की है। इसमें यूरेनस की अदृश्य रिंग एकदम साफ दिख रही है। इसके अलावा उसके अब तक ज्ञात 27 चंद्रमा में से भी कई नजर आ रहे हैं। 10 अरब डॉलर की लागत से बना यह टेलीस्कोप उन चीजों को देखे में भी सक्षम हैं, जो सामान्य आंखों से नहीं दिखते। ग्रह के 13 में से 11 छल्ले भी दिख रहे हैं। यूरेनस के 9 छल्लों को पहली बार 1986 में नासा के वॉयजर-2 ने खोजा था। वहीं बाकी 4 को 2003 में हबल टेलीस्कोप के जरिए खोजा गया था।




नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप ने खींची अद्भुत तस्वीर

यूरेनस सूर्य से सातवां ग्रह है जिसके 27 चांद हैं

### यूरेनस पर दिखती है हल्की सफेद परत

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के नेतृत्व वाले शोधकर्ताओं ने इसे एरोसोल-2 परत नाम दिया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह कुछ हद तक सफेद दिखाई देता है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के नियर इनफ्रारेड कैमरा के जरिए इस तस्वीर को खींचा गया था। यह बेहद हल्की रोशनी को भी पकड़ लेता है। जेम्स वेब ने हमारे सामने उन तस्वीरों को भी रखा है, जो पहले सौरमंडल में कभी नहीं देखी गईं। पिछले साल जुलाई से ही काम कर रहे जेम्स वेब ने अंतरिक्ष की सबसे दूर की फोटो खींची थी।

### 2030 तक भेजा जाएगा स्पेसक्राफ्ट

यूरोपीय स्पेस एजेंसी के मुताबिक जब वॉयजर 2 स्पेसक्राफ्ट यूरेनस के करीब से गुजरा था तो यह हल्का नीली गेंद जैसा दिखा था। लेकिन अब इन्फ्रारेड के जरिए जेम्स वेब बेहद संवेदनशील चीजों को भी देख पा रहा है। नासा वैज्ञानिकों ने हाल ही में 2030 के दशक तक यूरेनस और नेप्च्यून की जांच शुरू करने का लक्ष्य रखा है। इन दोनों ही ग्रहों के बारे में हमें बेहद कम जानकारी पता है।

केंद्रीय मंत्री और एलजी मनोज सिन्हा ने जोजिला टनल का लिया जायजा

# हमारा कश्मीर स्विट्जरलैंड से अच्छा : नितिन गडकरी

**एजेंसी**

**जम्मू-कश्मीर।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ सोमवार को जोजिला सुरंग का निरीक्षण किया। 13.14 किमी लंबी जोजिला सुरंग एशिया की सबसे लंबी सुरंग है, जो गांदरबल जिले के बालटाल क्षेत्र में है, जिसे 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि भारत और दुनिया भर से लोग स्विट्जरलैंड जाते हैं। हमारा कश्मीर स्विट्जरलैंड से भी अच्छा है। सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर में अगले 3-4 साल में जम्मू-कश्मीर के सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को अमेरिका के बराबर बनाएंगे। इस काम को लेकर हम कार्य कर रहे हैं। गडकरी ने बताया कि उपराज्यपाल ने 13.5 एकड़ जगह की पहचान कर दी है। हम बहुत जगहों पर सड़क किनारे सुविधाएं, हैंडलूम, हस्तकला, पश्मीना का मार्केट हो उसके लिए दुकानें डाल रहे हैं। हमने अधिकारियों को अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की बात कही है।



### जम्मू-कश्मीर में बन रही 19 सुरंगें

नितिन गडकरी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 25 हजार करोड़ रुपये की लागत से 19 सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत जोजिला में 6,800 करोड़ रुपये की लागत से 13.14 किलोमीटर लंबी सुरंग और अप्रोच रोड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि यह 7.57 मीटर ऊंची घोड़े की नाल के आकार की सिंगल-ट्यूब, 2-लेन सुरंग है, जो कश्मीर में गांदरबल और लद्दाख के कारगिल जिले के द्रास शहर के बीच हिमालय में जोजिला दर्रे के नीचे से गुजरेगी।

**सरकार ने 5 हजर करोड़ रुपए की बचत की**

गडकरी ने कहा कि प्रोजेक्ट में एक स्मार्ट टनल सिस्टम शामिल है, जिसका निर्माण न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड का उपयोग करके किया गया है। यह सीसीटीवी, रेडियो कंट्रोल, निर्बाध बिजली आपूर्ति और वेंटिलेशन जैसी सुविधाओं से लैस है। इस प्रोजेक्ट में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है। गडकरी ने कहा कि भारत सरकार के 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है।

### जोजिला सुरंग बनने से ये होंगे फायदे

- जोजिला सुरंग की लंबाई 13153 मीटर है। अभी तक इसका 28 फीसदी काम पूरा हो चुका है।
- अभी जोजिला दर्रे को पार करने में औसतन 3 घंटे लगते हैं। इस सुरंग के पूरा होने के बाद 20 मिनट यात्रा का समय रह जाएगा।
- जोजिला के पास का इलाका बेहद दुर्गम है। यहा हर साल कई दुर्घटनाएं होती हैं। सुरंग के पूरा होने के बाद दुर्घटनाओं की संभावना शून्य हो जाएगी।
- यह टनल कश्मीर घाटी और लद्दाख के बीच साल भर संपर्क प्रदान करेगी जो लद्दाख के विकास, पर्यटन को बढ़ावा देगी।
- सुरंग के बन जाने से आपात स्थिति में भारतीय सशस्त्र बलों की आवाजाही के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी।

# मनमानी नहीं अग्निपथ योजना : सुप्रीम कोर्ट



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह योजना मनमानी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक हित अन्य विचारों से अधिक महत्वपूर्ण हैं। यह याचिकाएं गोपाल कृष्ण और अधिवक्ता एमएल शर्मा ने दायर की थीं।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की थीं याचिका

कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि अग्निपथ योजना शुरू होने से पहले रक्षा भर्ती प्रक्रिया में चयनित उम्मीदवारों के पास नियुक्ति का निहित अधिकार नहीं है। बता दें कि फरवरी में दिल्ली हाईकोर्ट ने अग्निपथ योजना की वैधता को बरकरार रखते हुए याचिकाओं को खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में दो याचिकाएं दायर की गई थीं। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि अग्निपथ योजना राष्ट्रीय हित में तैयार की गई थी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अग्निपथ योजना शुरू होने से पहले भारतीय वायु सेना में भर्ती प्रक्रिया से संबंधित एक अन्य याचिका को 17 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। पीठ ने केंद्र से भारतीय वायुसेना में भर्ती से संबंधित तीसरी याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा।


## वाणिज्य की खबरें

### रिलायंस, अडानी और जिंदल पावर समेत 49 कंपनियों ने फ्यूचर रिटेल में दिखाई दिलचस्पी

**मुंबई।** रिलायंस रिटेल, जिंदल पावर लिमिटेड और अडानी समूह सहित 49 खिलाड़ियों ने कर्ज में डूबे फ्यूचर रिटेल की संपत्ति हासिल करने के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जमा किया है, जो वर्तमान में दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रहा है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड, जो आरआईएल और अप्रैल मून रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के खुदरा परिचालन के लिए होल्डिंग कंपनी है, अदानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स और फ्लेमिंगो समूह के बीच एक संयुक्त उद्यम ने फिर से अपना ईओआई जमा किया है। फ्यूचर रिटेल के ऋणदाताओं ने एफआरएल की संपत्तियों को समूहों में विभाजित करने के बाद नयी बोलियां आमंत्रित करने का फैसला किया। एफआरएल के रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के एक अपडेट के अनुसार, 49 खिलाड़ियों को विकल्प II के तहत किसी भी / सभी ऐसे क्लस्टर के लिए रेजोल्यूशन प्लान जमा करने की अनुमति होगी। एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जमा करने वाले कुछ अन्य खिलाड़ियों में सेंचुरी कॉपर कॉर्प, ग्रीनटेक वर्ल्डवाइड, हर्षवर्धन रेड्डी, जे सी फ्लावर्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, पिनेकल एयर प्राइवेट लिमिटेड, यूनिवर्सल एसोसिएट्स और डब्ल्यूएचस्मिथ ट्रैवल लिमिटेड शामिल हैं।

### अडानी पावर ने गोड्डा संयंत्र से बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति शुरू की

**मुंबई।** अडानी पावर ने कहा कि उसने झारखंड के गोड्डा स्थित अपने संयंत्र से बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति शुरू कर दी है। अडानी पावर लिमिटेड ने झारखंड के गोड्डा में पहली 800 मेगावाट की अल्ट्रा-सुपर-क्रिटिकल थर्मल पावर जनरेशन यूनिट चालू की है। संयंत्र ने बांग्लादेश को 748 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के साथ शुरूआत की है। कंपनी ने इस बारे में जानकारी दी। गोड्डा से आपूर्ति की गई बिजली से पड़ोसी देश में स्थिति में काफी सुधार होगा क्योंकि यह तरल ईंधन से उत्पन्न महंगी बिजली की जगह लेगी, जिससे खरीदी गई बिजली की औसत लागत में कमी आएगी। अडानी पावर के सीईओ एसबी ख्यालिया ने बयान में कहा कि गोड्डा पावर प्लांट भारत-बांग्लादेश के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों में एक रणनीतिक संपत्ति है। यह देश का पहला बिजली संयंत्र है, जिसने 100 प्रतिशत फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन, एससीआर और जीरो वाटर डिस्चार्ज के साथ पहले दिन से अपना परिचालन शुरू कर दिया है।



### चीनी की कीमत 6 साल की रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**मुंबई।** चीनी की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिल रही है। उत्पादन घटने से चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि भारत में चीनी की कीमतें दो हफ्तों में 6 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई हैं और इसके आगे बढ़ने की संभावना है। चीनी के उत्पादन में गिरावट आ रही है और थोक उपभोक्ताओं की मांग बढ़ने की संभावना है। डीलरों ने कहा कि उच्च स्थानीय कीमतों से बलरामपुर चीनी, श्री रेणुका शुगर्स, डालमिया भारत शुगर और द्वारिकेश शुगर जैसी चीनी निमार्ताओं के मार्जिन में सुधार होगा, जिससे उन्हें किसानों को समय पर गन्ने का भुगतान करने में मदद मिलेगी। उत्पादन में कमी और मांग बढ़ने से वैश्विक बाजार में चीनी की कीमत 6 साल की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। जानकारों का कहना है कि यूक्रेन रूस संकट के बाद कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसकी वजह से भारत समेत कई देश इथेनॉल बनाने में गन्ने का इस्तेमाल बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही न्यूयॉर्क में कच्चे शक्कर के भाव बढ़कर 23.46 सेंट प्रति पाउंड हो गए हैं।



# ममता बोलीं, भाजपा के कारण हुई बंगाल में हिंसा

**एजेंसी**

**कोलकत्ता।** रामनवमी के दौरान पश्चिम बंगाल के दो शहर हावड़ा और हुगली में हिंसा हुई थी। इसको लेकर राजनीति भी खूब हुई। भाजपा पूरी तरीके से इस मामले को लेकर ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर हमलावर है। भाजपा का दावा है कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से खराब है। इन सबके बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर से पूरे घटनाक्रम को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि घटना भाजपा के कारण ही हुई है। अपने बयान में ममता ने कहा कि भाजपा के कारण हुई घटना... पुलिस ने अनुमति नहीं दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपनी मर्जी से बिना किसी अनुमति के समय बदल दिया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने दावा किया कि बैठक में, उन्होंने कहा कि वे इसे दोपहर में करेंगे लेकिन लोगों को भड़काने के लिए जानबूझकर नमाज के समय रैली निकाली। ममता ने कहा कि हाईकोर्ट ने कहा था कि आप 6 तारीख तक कुछ नहीं कह सकते इसलिए मैंने कुछ नहीं कहा। ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि अब जब स्थिति नियंत्रण में आ गई है, भाजपा हिंसा को और भड़काने के लिए एक फैक्ट-फाइंडिंग टीम भेज रही है... जब सामान्य स्थिति बहाल हो गई है, तो फैक्ट-फाइंडिंग टीम की क्या जरूरत है? इससे पहले ममता ने राम नवमी की शोभायात्रा के दौरान हिंसा कराने का भाजपा पर सोमवार को आरोप लगाया और कहा कि वह किसी दंगाई को बच कर भागने नहीं देंगी तथा 'दंगाबाज' के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# एक हफ्ते के दौरे पर न्यूयॉर्क पहुंचीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को अमेरिका के शहर न्यूयॉर्क पहुंचीं। जहां वह विश्व बैंक समूह और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की 2023 स्प्रिंग मीटिंग में भाग लेंगी। वह 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक होने वाली जी-20 बैठकों और अन्य बैठकों में भी शामिल होंगी। यह बैठकें वाशिंगटन डीसी में डब्ल्यूबीजी और आईएमएफ मुख्यालय में होंगी। स्प्रिंग मीटिंग्स में दुनिया भर के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंकर भाग लेंगे। वित्त मंत्री सीतारमण का न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने स्वागत किया।



### जी-20 वित्त मंत्रियों की बैठक की करेंगे अध्यक्षता

भारतीय वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीतारमण और मंत्रालय और आरबीआई के अधिकारी करेंगे। वित्त मंत्री अमेरिका में आईएमएफ और विश्व बैंक समूह की बैठक के अलावा जी-20 वित्त मंत्रियों और बैंक गवर्नर्स की मेजबानी बैठक, विश्व बैंक विकास समिति की बैठकों में भी शिरकत करेंगी।

## मायावती ने काटा अतीक अहमद की पत्नी का टिकट

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राज्य में नगर निकाय चुनावों की घोषणा का स्वागत किया है। हालांकि इस दौरान उन्होंने ईवीएम का जिक्र किए बिना बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग कर दी है। इस दौरान उन्होंने अतीक अहमद की पत्नी का टिकट काटने का भी ऐलान किया। मायावती ने कहा कि बीएसपी न तो अतीक की पत्नी और न ही उनके परिवार को किसी अन्य को अपना उम्मीदवार बनाएगी। मायावती ने प्रेस कांफ्रेस कर कहा कि प्रयागराज में पिछले दिनों उमेश पाल की हत्या को लेकर मीडिया के जरिए जो भी तथ्य सामने आ रहे हैं या आए हैं और इस घटना में खासकर अतीक की पत्नी का नाम आते ही व उसके फरार होने पर स्थिति बदल गई है। ऐसी स्थिति में अब हमारी पार्टी न तो अतीक की पत्नी को और न ही उनके परिवार के अन्य किसी सदस्य को वहां मेयर का टिकट देगी।

# मंदिर के टीन शेड पर गिरा पुराना नीम का पेड़, 7 की मौत, 36 घायल

**एजेंसी**

**अकोला।** महाराष्ट्र के अकोला में 9 अप्रैल की रात तेज आंधी और बारिश में एक बड़ा हादसा हो गया। बालापुर तहसील के पारस गांव में एक मंदिर के टीन शेड पर भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण नीम का एक बड़ा पेड़ गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य घायल हो गये। अकोला कलेक्टर नीमा अरोड़ा ने बताया कि शेड के नीचे जब एक पुराना पेड़ गिरा तो करीब 40 लोग मौजूद थे। अकोला जिले में रविवार को भारी बारिश हो रही थी। तभी यहां के बाबूजी महाराज मंदिर संस्थान के टिन शेड पर एक पुराना नीम का पेड़ गिर गया। सूचना मिलते ही पुलिस दल और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दबे हुए लोगों का रेस्क्यू किया। पेड़ और शेड को उठाने के लिए जेसीबी मशीनों को लगाया गया। स्थानीय लोग ने भी शेड के नीचे दबे लोगों को निकाला। डिप्टी सीएम फडणवीस ने ट्विटर पर कहा, यह दर्दनाक है कि धार्मिक समारोह में एक टिन शेड पर पेड़ गिरने से कुछ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। फडणवीस ने कहा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता देने का फैसला किया है।

# सलमान ने 'किसी का भाई किसी की जान' का पोस्टर किया शेयर




**एजेंसी**

**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड एक्टर सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को लेकर खूब सुर्खियों में हैं। फैंस को भी सलमान खान की इस फिल्म का बहुत ही बेसब्री से इंतजार है। इस बीच अब सलमान ने फिल्म के ट्रेलर के रिलीज होने से पहले फैंस के साथ फिल्म का पोस्टर शेयर कर दिया है, जिसे देखकर फैंस बहुत ज्यादा एक्साइटेड हो गये हैं।

**सलमान ने शेयर किया पोस्टर**

बता दें कि ट्रेलर लॉन्च से पहले सलमान खान ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सलमान अपने लंबे बालों वाले लुक में बिल्कुल डैपर लग रहे हैं। साथ ही इस पोस्टर में सलमान खान ब्लैक कलर की टी-शर्ट और अपना फेमस ब्रेसलेट पहने दिख रहे हैं। इसके साथ ही सलमान ने पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा है कि- ट्रेलर सोमवार शाम 6 बजे आउट।

**पोस्टर में सलमान खान का दिखा नया लुक**

सलमान के इस नए लुक को देखकर फैंस अब ट्रेलर के लिए अपनी एक्साइटमेंट को छुपा नहीं पा रहे हैं। साथ ही यूजर्स जमकर कमेंट्स भी कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा है कि- आखिरकार वह दिन आ ही गया किसी का भाई किसी की जान ट्रेलर ब्रिंग इट ऑन वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा कि- 'ब्लॉकबस्टर लोडिंग' और 'ग्रैंड ब्लॉकबस्टर'

### ईद पर रिलीज होगी फिल्म

बता दें कि सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' का ट्रेलर आज शाम को रिलीज होने वाला है। इस फिल्म में पूजा हेगड़े, शहनाज गिल, वेंकटेश दग्गुबाती, सिद्धार्थ निगम, राघव जुयाल, पलक तिवारी और जस्सी गिल ने भी अहम रोल प्ले किया है। वहीं, 'किसी का भाई किसी की जान' ईद के मौके पर 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सलमान की इस फिल्म को लेकर लोगों में बहुत ज्यादा क्रेज है।






# शिक्षक नियमावली पर कैबिनेट की मुहर, 6 एजेंडे को हरी झंडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** नीतीश कैबिनेट ने शिक्षक नियोजन को लेकर बड़ा फैसला लिया है। नीतीश मंत्रिमंडल ने शिक्षक नियमावली को मंजूरी दे दी है। इसके चलते सातवें चरण के शिक्षक बहाली का रास्ता साफ हो गया है। नए नियम के तहत अब शिक्षक बहाली के लिए आयोग परीक्षा लेगी। अभी जो शिक्षक काम कर रहे हैं उन्हें भी परीक्षा में भाग लेने की छूट मिलेगी। नीतीश सरकार के इस फैसले को मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। देर से ही सही लेकिन शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए ये कैबिनेट से नई नियमावली पास हो चुकी है।

**शिक्षक सेवा शर्त नियमावली में संशोधन पर मुहर:** बता दें कि अब जो भी नई नियुक्ति होंगी आयोग के माध्यम से होंगी। इसके तहत बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक नियुक्ति हस्तांतरण अनुशासन करवाई एवं सेवा शर्त नियमावली 2023 पर मुहर लगी है। अब जो भी शिक्षक की नई नियुक्ति होगी वह सभी सरकारी कर्मचारी के रूप में जाने जाएंगे। बिहार में 3 लाख शिक्षकों की जरूरत है। इस नियम से नियोजित शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ सकेगी। नियुक्ति के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है। ''आज 6 एजेंडों पर मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया है। पहला फैसला राज्य में शिक्षक नियमावली पर लिया गया है। इसका नाम 'बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक नियुक्ति हस्तांतरण अनुशासन करवाई एवं सेवा शर्त नियमावली 2023' है। इसके तहत राज्य सरकार जो भी नियुक्तियां करेगी वो अब राज्य कर्मचारी होंगे। अब जो भी नई नियुक्ति होगी उसे राज्य सरकार करेगी। इसके लिए सरकार एक अलग परीक्षा आयोग के माध्यम से लेगी। परीक्षा के माध्यम से ही अब



नियुक्तियां होंगी।"- एसएस सिद्धार्थ, अपर मुख्य सचिव, कैबिनेट विभाग

**नियोजित शिक्षकों को सरकारी शिक्षक बनने के लिए देनी होगी परीक्षा:** इस नियुक्ति के लिए अर्हता भारत का नागरिक होना और बिहार का स्थाई निवासी होना जरूरी है। विद्यालय अध्यापक के नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित मानकों और शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उसके बाद ही आयोग द्वारा परीक्षा लिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थी शिक्षक बन सकेंगे। नियमावली में न्यूनत उम्र 21 साल है जबकि 10 वर्ष के आयु की छूट का भी प्रावधान है। अब नियोजित शिक्षक भी परीक्षा पास करके सरकारी शिक्षक बन सकेंगे।

**सरकार ने बढ़ाया राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता:** इसके अलावा राज्य सरकार ने महंगाई भत्ते में भी बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सप्तम केंद्रीय पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे। राज्य सरकार के सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों, पारिवारिक पेंशन भोगियों को 1 जनवरी 2023 के प्रभाव से 38% के स्थान पर 42% महंगाई भत्ता देने की कैबिनेट में स्वीकृति दी है। बिहार आकस्मिकता निधि के स्थाई कार्य जो 350 करोड़ को वित्तीय वर्ष 2023- 24 से 30 मार्च 2024 तक के लिए अस्थाई रूप से बढ़ाकर 10000 करोड़ करने की स्वीकृति दी गई है। डीए पर 1690 करोड़ की राशि बिहार सरकार खर्च करेगी।

## 42 फीसदी हुआ महंगाई भत्ता

राजधानी पटना में सोमवार को बिहार कैबिनेट की बैठक बुलाई गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 6 एजेंडे पर मुहर लगी। सरकार ने महंगाई भत्ता बढ़ाने के मामले को भी स्वीकृति दी है। अब महंगाई भत्ता को 38 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत दी जाएगी। कैबिनेट बैठक में डीए बढ़ाने की स्वीकृतिपटनाः बिहार के मुख्यमतंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की बैठकबुलाई गई। इस बैठक में शिक्षक नियमावली समेत 6 एजेंडे पर मुहर लगी। बैठक में डीए बढ़ाने के मामले की भी स्वीकृति मिली है। कैबिनेट की इस बैठक में सीएम समेत सभी विभागों के मंत्री उपस्थित रहे। कैबिनेट बैठक में सप्तम केंद्रीय पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के सरकारी सेवकों, पेंशन भोगियों, परिवारिक पेंशन भोगियों को 1 जनवरी, 2023 के प्रभाव से 38 प्रतिशत के स्थान पर 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की कैबिनेट में स्वीकृति दी है। अब सरकारी कर्मचारियों को 38 प्रतिशत के जगह पर 42 प्रतिश महंगाई भत्ता दी जाएगी। डीए पर सरकार 1690 करोड़ की राशि खर्च करेगी।बिहार आकस्मिकता निधि के स्थाई काय की राशि में बढ़ोतरी की स्वीकृतिः बिहार आकस्मिकता निधि के स्थाई काय जो 350 करोड़ को वित्तीय वर्ष 2023-24 से 30 मार्च 2024 तक के लिए अस्थाई रूप से बढ़ाकर 10 हजार करोड़ करने की स्वीकृति दी गई है।

# कोरोना मरीज मिलने से अस्पताल प्रबंधन हुआ रेस

खबर मन्त्र संवाददाता





मॉक ड्रिल करते अस्पताल प्रबंधन के लोग।

**दुमका।** सम्भावित कोरोना संक्रमण के मद्देनजर फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तैयारी तेज हो गई है। तैयारी का जायजा लेने के लिए आईएएस प्रशिक्षु सन्नी राज के साथ डॉक्टरों की टीम ने अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट, बेड, ऑक्सीजन सिलिंडर सहित दवा और जांच किट की जानकारी ली। कंट्रोल रूम से लेकर वार्ड तक को तैयार किया जा रहा है। जिससे कोरोना के मामले आने पर तत्काल इलाज कर नियंत्रित किया जा सके। सिविल सर्जन बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पहले कोरोना के एक केस दुमका में पाया गया है।

सरकार के निदेर्शानुसार तैयारी की जा रही है। इसके लिए सोमवार को मॉक ड्रिल भी किया गया। कोविड के मरीज आने पर अस्पताल में किस तरीके से फौरन उसका इलाज किया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडो में भी मॉक ड्रिल किया जा रहा है। कोरोना केस से निपटने के लिए अस्पताल को तैयार किया जा रहा है। देश में कोरोना वायरस एक बार फिर तेजी से फैल रहे। मामले को देखते हुए मेडिकल कॉलेज की टीम को जिले में तैयार किया जा रहा है। जिससे मामला आने पर त्वरित ईलाज की जा सके। फिलहाल जांच की सभी मशीन उपलब्ध है। ऐहतियात के तौर पर लोगों के लिए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सिविल सर्जन ने लोगों से अपील किया है कि कोराना के लक्षण समझ में आये तो फौरन जांच कराये। इसके लिए दुमका जिला की मेडिकल टीम पूरी तरह तैयार है।आरडीडी इंचार्ज अजय कुमार सिंह ने बताया कि कोरोना मरीजों के लिए अलग से ओपीडी बनाया गया है। कोरोना लक्षण वाले मरीज जिसे सर्दी, खांसी और बुखार उसके ओपीडी में अलग से जांच की व्यवस्था है।

## सीएचसी, जामा में कोरोना को लेकर हुआ मॉक ड्रिल

**जामा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जामा में सोमवार को प्रशिक्षु आईएएस सन्नी राज के मौजूदगी में कोरोना संक्रमण की रोकथाम व तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। इस दौरान सनी राज ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जांच के दौरान अगर कोविड संक्रमित मरीज का पता चलता है, तो उन्हें अलग एडमिट करने और इलाज शुरू कर दिया जाये। कहा कि मरीज की स्थिति गंभीर हो तो अविलंब रेफर करें। मॉक ड्रिल के क्रम में बताया गया कि अन्य देशों एवं अपने देश के महानगरों में कोरोना मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसलिए महामारी की खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य कर्मियों एवं चिकित्सकों के साथ मॉक ड्रिल किया गया और आगामी खतरे को भांपते हुए सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को संक्रमण की रोकथाम की तैयारी में लग जाने का निर्देश दिया गया।

# दिल्ली रवाना हुए तेजस्वी आज होगा सवाल-जवाब



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव आज सोमवार को दिल्ली रवाना हुए। कल यानी मंगलवार को इडी कार्यालय में उन्हें पेश होना है। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब बुलाया जाता है, जाते हैं। अब देखिए आगे क्या होता है। तेजस्वी ने कहा कि वे नियम को फॉलो कर रहे हैं। इस मौके पर उनसे इफ्तार पार्टी और रामनवमी पर हिंसा को लेकर भी सवाल किया गया, जिसको लेकर उन्होंने भाजपा को कठघरे में खड़ा किया। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में माहौल खराब करने की पूरी कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि जो डिजाइन तैयार किया गया था उसको प्रशासन ने फेल किया है। इस पर फोकस करते हुए तेजस्वी ने कहा कि आप देखिए तमिलनाडु मामले पर क्या किया गया था। कैसे प्लान करके वीडियो बनाया गया। कैसे तमिलनाडु को बदनाम करने की कोशिश की गयी। सब कुछ सोची समझी साजिश है। इसे हमलोगों ने विफल किया है। जांच चल रही है। दोषियों को सजा मिलेगी।सभी को सम्मानः इफ्तार पार्टी पर जिस तरह बीजेपी के लोग रिएक्ट किए हैं, क्या माहौल बनाना चाह रहे हैं। आप देखिए क्या हो रहा है। हमलोग चाहते हैं कि सभी धर्म के लोगों को समान दृष्टि से देखा जाए, सभी को सम्मान दिया जाय। यही काम हमलोग कर रहे हैं और करते रहेंगे। बीजेपी के लोग जो कहे, लेकिन जनता के सामने वो बेनकाब होंगे। आज भाजपा के नेता नालंदा और सासाराम को लेकर जो बात कर रहे हैं, उनसे पूछिए कि वो क्या कह रहे हैं। आप समझिए बिहार को बदनाम करने की पूरी कोशिश की गयी थी। बिहार में माहौल खराब करने की पूरी कोशिश की थी। जो डिजाइन तैयार किया गया था उसको प्रशासन ने फेल किया है।

# 12 सूत्री मांगों को लेकर पेंशनर समाज ने दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज ने सोमवार को समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना का कार्यक्रम का अयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ठाकुर ने किया। धरना कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के पेंशनरों ने भाग लिया। 12 सूत्री मांगों को लेकर धरना पेंशनर किया। धरना कर प्रधानमंत्री व राज्य सरकार के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव तारनी प्रसाद कामत कहा कि पेंशनरों के अधिकारों एवं सरकार के पेंशनरों के अधिकारों की कटौती की मंशा को विस्तार रूप से पेंशनरों के समक्ष रखा। सरकार द्वारा पेंशनरों के सुविधाओं में की जा रही कटौती के संबंध में पेंशनर समाज की ओर से काफी रोष व्यक्त किया गया। श्री कामत ने पेंशनरों को एकजुट होकर सरकार के रवैया पुरजोर विरोध करने का अपील किया।

# महिला छात्रावास में सिलेंडर लीक होने से लगी आग

खबर मन्त्र संवाददाता

## छात्राओं में अफरातफरी का रहा महौल, आक्रोश



**दुमका।** शहर के नगर थाना क्षेत्र के सोनुवाडंगाल मोहल्ले में स्थित एसपी कॉलेज के फूलों झानो महिला छात्रावास के एक कमरे में एलपीजी गैस सिलेंडर लीक होने से अचानक आग लग गई। एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में दो सिलेडर में आग तेजी से पकड़ ली। यह हादसा सोमवार को खाना बनाने के दौरान घटी। अचानक आग लगने से छात्राओं के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि छोटा गैस सिलेंडर होने के कारण किसी तरह आग पर काबू पा लिया गया। छात्राओं आग लगने के बाद रूम से बाहर निकल गई। छात्राएं आग लगने के कारण छात्राएं डरी और सहमी हुई थी। एक बड़ी अनहोनी घटित होने से बच गया।

इसके पूर्व भी दुमका के गिधनी पहाड़ी स्थित एसटी महिला छात्रावास में गैस सिलेंडर पर खाना बनाने के दौरान आग लग गई थी। जिसमें बड़ा नुकसान हुआ था। तब हॉस्टल में रसोईया बहाल करने की मांग लेकर छात्राएं सड़क पर भी उतरी। लेकिन आज भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। छात्रावास में छात्राएं खुद से खाना बनाती है।

# बिहार में हिंसा के पीछे पीएफआइ, एनआइए से हो जांच : वीएचपी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के सासाराम और बिहारशरीफ में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हिंसक झड़प के बाद से बिहार की सियासत गरम है। अब विश्व हिन्दू परिषद ने शोभा यात्रा पर हुई पत्थरबाजी और हिंसक झड़प की जांच केंद्रीय जांच एजेंसी से करवाने के लिए राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष कामेश्वर चौपाल ने कहा कि उन्हें बिहार पुलिस की कार्रवाई पर भरोसा नहीं है। बिहार पुलिस एकतरफा कार्रवाई करके जानबूझकर एक ही पक्ष के लोगों को टार्गेट कर रही है। श्ब्ठ ने राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष और ठक्अ द्वारा सही ढंग से जांच हो। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष कामेश्वर चौपाल ने कहा कि "सासाराम और बिहारशरीफ में जो घटना हुई है वो प्रशासनिक फेल्योर है। इस घटना में सरकार जान बूझकर हिंदुओं को टार्गेट कर रही है। उन्हें फसाया जा रहा है।" प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि "इन दोनों जगहों और अन्य जगहों पर जो ऐसी घटनाएं हुई हैं उसमें पीएफआई का हाथ होता है। रामनवमी के दिन भी जो घटना हुई है वो पीएफआई के द्वारा की गई है। जिसे सरकार बचा रही है और हिंदुओं को फंसाया जा रहा है।" "हमें सरकार और सरकार के पुलिस प्रशासन पर भरोसा नहीं है, बिहार शरीफ और सासाराम हिंसा की जांच एनआईए से कराई जानी चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।" विश्व हिन्दू परिषद के मुताबिक बिहार पुलिस हिन्दुओं पर कार्रवाई कर रही है। सासाराम और बिहारशरीफ में हुई हिंसा के पीछे पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई का हाथ है इसलिए इसपर केंद्रीय जांच एजेंसी से इसकी जांच कराई जानी चाहिए। वीएचपी ने ये भी आरोप लगाया कि हिन्दुओं को बिहार पुलिस फंसाने का काम कर रही है। जबकि उनकी शोभायात्रा पर ही पथराव हुआ था।

# पवित्र हज यात्रा पर जाने वालों की हुई स्वास्थ्य जांच



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर से इस वर्ष पवित्र हज यात्रा पर सउदी अरब नौ लोग जाएंगे। इसके लिए फार्म भरने समेत विभिन्न प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके अलावा हज कमेटी आफ इंडिया के निर्देश पर अन्य प्रक्रिया भी जारी है। हज यात्रा में जाने वाले लोगों को अनुमंडल अस्पताल में स्वास्थ्य जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशुमन शर्मा ने सभी की स्वास्थ्य जांच की। इस मौके पर मुस्लिम सेंट्रल अंजुमन चक्रधरपुर के अध्यक्ष मोहम्मद तजम्मुल हुसैन जानी उपस्थित रहे।

इस साल हज यात्रा में जाने वालों में अख्तर अली, शहजादी बेगम, अब्दुस सत्तार, जाहिदा खातून, मौलाना अब्दुल करीम, मसूद आलम, गुलफाम अली, मोहम्मद आलम अंसारी व साइदा खातून शामिल है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व सांसद विजय सिंह सोय

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** कांग्रेस के दबंग नेता रहे पूर्व सांसद विजय सिंह सोय की सोमवार को 23वीं पुण्यतिथि मनायी गई। इस दौरान स्व. के परिजनों के अलावा कांग्रेस, आजसू, जदयू के नेताओं ने इतवारी बाजार स्थित समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर दो मिनट का मौन रख ईश्वर से मृत आत्मा की शांति की कामना की।

इस दौरान स्व. सोय की पुत्री सह कांग्रेस नेत्री अनुप्रिया सोय ने कहा जब पिताजी छोड़कर गए थे तब बहुत छोटी थी। राजनीति में आने के बाद वरिष्ठ लोगों से पता चला कि पिताजी जनप्रिय नेता थे। अनुप्रिया ने कहा कि राजनीति में उनका आने का मकसद है पिता के अधूरे सपनों को पूरा करना। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास ने कहा कि विजय सोय के जैसे नेता आज के दौर में नहीं मिलते। कांग्रेस को उनकी कमी खलती है। आजसू जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा ने कहा स्व. सोय हमेशा से बाहरी तत्वों को विरोध करते थे। यहीं कारण था कि कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते से हटा दिया। जदयू जिलाध्यक्ष बिश्राम मुंडा ने कहा विजय सोय केवल दबंग नहीं बल्कि लोकप्रिय राजनेता थे। आज अगर वह जीवित होते तो झारखंड की स्थिति कुछ और होती। श्रद्धांजलि देने वालों में स्व. की पत्नी कुंती सोय, माला सोय, कांग्रेस नेता अंबर राय चौधरी, रमेश सिंह, प्रीतम बांकिरा, राजेश शुक्ला, कांग्रेस नगर अध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह सामाड, अमित मुखी, अमन महतो, चुन्नू रहमान आदि शामिल थे।

# केरा मेला में दो दिन लगेगा शिविर

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम के विख्यात केरा मेला के अवसर पर पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन दो दिन शिविर लगाएगा। उक्त जानकारी पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई ने दी। शिविर में मां केरा के भक्तों को शरबत, चूड़ा, गुड़, चना संस्था के सौजन्य से बांटी जाएगी। केरा मेला समिति के संरक्षक कामाख्या प्रसाद साहू एवं अध्यक्ष अभिजीत भट्टाचार्य ने निमंत्रण भी दिया है। 13 अप्रैल एवं 14 अप्रैल को शिविर लगाया जायेगा। उन्होंने कहा 13 अप्रैल को केरा मां का जलाभिषेक एवं रात्रि में छऊ नृत्य होगा। वहीं 14 अप्रैल को विशाल मेला होगा। जिसमें कालिका घट निकाली जाएगी एवं आग पर चलकर तथा कांटों पर लेटकर भक्तों द्वारा अपनी भक्ति की शक्ति प्रदर्शन करेंगे।

## एक नजर में

### अशोक कुमार बने साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के निदेशक व सलाहकार

**इटखोरी।** ख्याति प्राप्त डीएवी स्कूल हजारीबाग के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार इटखोरी के साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के निदेशक सह सलाहकार बनाए गए हैं। सोमवार को अशोक कुमार ने साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष पूर्व आईजी दीपक वर्मा तथा स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रकाश राम की उपस्थिति में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान नवनियुक्त निदेशक व सलाहकार ने विद्यालय भवन, प्रैक्टिकल लैब, पुस्तकालय, ऑफिस आदि का भी अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से भी वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने निर्देशक सह सलाहकार का दायित्व संभाला है। आने वाले दिनों में इस स्कूल में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए अच्छे शिक्षकों की आवश्यकता होती है। जिन्हें ज्यादा वेतनमान देना पड़ता है। ऐसे में स्कूल की फीस बढ़ाई जाती है। जिसे अभिभावकों को स्वीकार करना चाहिए। निदेशक सह सलाहकार बुधवार को विद्यालय में अभिभावकों के साथ भी बैठक करेंगे।

### दिया गया एकदिवसीय प्रशिक्षण, बीएलओ व सुपरवाइजर हुए उपस्थित

**गिद्धौर।** प्रखंड सभागार में सोमवार को बीएलओ एवं सुपरवाइजर को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जहां सभी नव- प्रतिनियुक्त बिएलओ सुपरवाइजर प्रशिक्षण के लिए समयानुसार 10 :00 बजे से प्रखंड सभागार में प्रशिक्षण के लिए उपस्थित हुए। और प्रशिक्षुक सतीश कुमार मिश्रा हेल्पडेस्क सुजीत कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर तरुण कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बतलाया गया कि गरुड़ा ऐप के माध्यम से वोटरों का नाम शुद्धीकरण, जोड़ना एवं हटाने का विधी ऐप के माध्यम से बताया गया। सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ में वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए वोटरों से आधार कार्ड लेंगे। जिसमें 1 जनवरी 1फरवरी 1मार्च का समय सारणी निर्धारित करेंगे। मतदाता सूची अपने-अपने बूथों पर सभी नवनियुक्त बीएलओ सुपरवाइजर काम करेंगे। जिसके लिए प्रखंड के सभी बीएलओ को नियम का पालन करना अति आवश्यक है। निर्देश मिला मौके पर उपस्थित जीपीएस मिथिलेश सिंह पंचायत सचिव उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा महेश मिस्त्री एवं प्रखंड से आए दर्जनों बीएलओ और सुपरवाइजर थे।

### रमना में लगेगी बाबा चौहरमल व रामविलास पासवान की प्रतिमा

**गढ़वा।** लोकजन शक्ति पार्टी के केंद्रीय अयक्ष सांसद चिराग पासवान आगामी सात मई को गढ़वा पहुंचेंगे। वे गढ़वा के रमना प्रखंड स्थित बहियार गांव में वीर बाबा चौहरमल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। यह जानकारी वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के जिलायक्ष चंदन पासवान ने सोमवार को दानरो नदी स्थित जागृति क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। श्री पासवान ने बताया कि इस कार्यक्रम के सफलता की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान की प्रतिमा झारखंड के किसी भी जिले में नहीं लगायी गयी है। झारखंड के पहला जिला गढ़वा होगा जहां स्व. पासवान की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। साथ ही वीर बाबा चौहरमल की भी प्रतिमा लगायी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थापना के लिए बहियार गांव निवासी वीरेंद्र पासवान ने छह डिसमील जमीन दान दिया है। इस कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, लातेहार विधायक सहित कई विधायक व सांसद शामिल होंगे।

### झामुमो ने किया बैठक सह भोज का आयोजन

**कांडी।** प्रखंड के सतबहिनी झरना के नजदीक झामुमो पार्टी की एक बैठक सह भोज का आयोजन किया गया। बैठक की अयक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र के युवा नेता सह गढ़वा जिला प्रमुख संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र पाण्डेय उर्फ पिंकू पाण्डेय थे। बैठक में विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधि के अलावे व सैकड़ो लोग शामिल हुए। मौके पर प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के झामुमो युवा नेता सत्येंद्र पाण्डेय उर्फ पिंकू पाण्डेय ने कहा कि पिछले कई वर्षों से विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के जनता भी जान रही है कि पिछले 40 वर्षों में यह क्षेत्र वहीं का वहीं है। हम पार्टी के नौजवानों की सोच है साथ ही पार्टी का निर्देश है कि हम सभी पार्टी कार्यकर्ता हर घर में जाएं, एक गरीब, एक बेरोजगार का सहारा बने। हर नौजवान मिलकर एक साथ में चलें और क्षेत्र का विकास करने में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा रोडमैप तैयार हो चुका है कि विधान सभा क्षेत्र के पार्टी के हर एक नौजवान डोर टू डोर जाकर काम को पूरा करेंगे। झामुमो के प्रखंड सचिव अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिदिन पार्टी स्तर पर हम संगठन को मजबूत कर रहे हैं और हम लोग अपना प्रत्याशी देने का भी मन बना रहे हैं। आज जो भीड़ आप देख रहे हैं यह परिवर्तन का ही परिचायक है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना ठाकुर, नारायण यादव, दिनेश कुमार, रिंकू सिंह, अरुण राम, हसन रजवार, शम्भू प्रसाद सिंह, राजेश कुमार, ईश्वरी बैठा, बिपुल, विकास कुमार दुबे आदि उपस्थित थे।

### पेंशनधारी ग्राहक को बैंक में पैसा नहीं मिलने पर परिजनों ने किया हंगामा

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के बस स्टैंड में स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बरडीहा शाखा में कर्मियों के द्वारा मनमानी की जा रही है। ताजा मामला सोमवार का है। जहां एक पेंशनधारी ग्राहक को समय पर भुगतान नहीं होने से परिजनों ने बैंक में हंगामा कर दिया। परिजनों के अनुसार ग्राहक का बरडीहा शाखा में पेंशन अकाउंट है। उनकी तबियत अत्यंत खराब है और उन्हें इलाज के लिए बाहर लेकर जाना है। उनके खाते से निकासी के लिए गुरुवार को ही एक चेक निर्गत किया गया था। जिस पर साइन सही ढंग से नहीं हो पाया। जिसके बाद बैंक के कर्मी के द्वारा उनके घर जा कर उनकी स्थिति देखी गई। मेडिकल सर्टिफिकेट मांगा गया। दो गवाह का आधार कार्ड पर हस्ताक्षर कराया गया। इन तमाम प्रकिया के बाद जब परिजन कैश काउंटर पर गए तो कर्मी के द्वारा 1 वाक्य में बोला गया कि नहीं देंगे पैसा। उसके बाद परिजनों तथा ग्रामीणों ने बैंक में हंगामा किया। उनसे पूछा गया कि क्यों नहीं देंगे पैसा तो उनका कहना था कि मैनेजर से बात करिए। जबकि मैनेजर के द्वारा पहले से ही चेक और अन्य दस्तावेज सत्यापित किए जा चुके थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शाखा प्रबंधक खुद मामले को शांत कराया। शाखा प्रबंधक का कहना है कि ज्यादा ग्राहक होने के वजह से स्ट्रेस में ऐसा हो जाता है।

### कर्मियों ने किया मॉक ड्रिल

**भवनाथपुर।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोमवार को देश में बढ़ते कोरोना के मरीजों की संख्या के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह के नेतृत्व में कर्मियों ने मॉक ड्रिल किया। हालांकि अचानक हुए मॉक ड्रिल को देखकर बहुत लोग अचंभित भी हो गए। मॉक ड्रिल में स्वास्थ्य कर्मियों को एम्बुलेंस से मेडिकल किट पहन कर मरीज को सुरक्षित कोविड वार्ड तक ले जाने व तत्काल प्राथमिक उपचार करने की विधि बताई गई। मौके पर अरुण लकड़ा, अनूप कुमार सहित अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।